जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

डाक पंजियन संख्याः JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

जयपुर गुरूवार, 21 नवम्बर, 2024 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 :: वर्ष 22 :: अंक 49

www.hukmnamasamachar.com

**विधानसभा चुनाव -2024**

**5 राज्यों की 15 विधानसभा सीटों पर और 1 लोकसभा सीट पर उप चुनाव की भी वोटिंग हुई**

# महाराष्ट्र में 58 प्रतिशत तो झारखंड में दूसरे चरण में 65 प्रतिशत मतदान

## नतीजे 23 को, बीड में निर्दलीय कैंडिडेट की मौत



**मुंबई /रांची।** बुधवार को महाराष्ट्र की 288 सीटों पर 58.22 प्रतिशत मतदान हुआ। वही झारखण्ड में दूसरे चरण में 38 सीटों पर 65 प्रतिशत मतदान हुआ है। बीड विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी बाला साहब शिंदे की मतदान केंद्र पर ही हार्टअटैक से मौत हो गई। धुले के एक पोलिंग बूथ पर भाजपा और वंचित बहुजन अघाड़ी के कार्यकर्ताओं में मारपीट हुई। झारखंड विधानसभा चुनाव के आखिरी और सेकेंड फेज में बुधवार को 12 जिलों की 38 सीटों पर वोटिंग शाम पांच बजे खत्म हो गई। शाम 5 बजे तक 67.59 प्रतिशत वोटिंग हुई है। हालांकि फाइनल आंकड़ा आना अभी बाकी है।2019 के चुनाव में यहां 67.04 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।वहीं, शाम साढ़े चार बजे गिरिडीह के होली स्कूल के बूथ पर जेएमएम और भाजपा समर्थक आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि कुछ लोग बोगस वोटिंग कर रहे थे, इसका भाजपा समर्थकों ने विरोध किया। हंगामे की सूचना पर पहुंचे जेएमएम विधायक सुदिव्य कुमार सोनू से भी धक्का-मुक्की हुई। इससे पहले दोपहर में भाजपा ने गांडेय विधानसभा के कुंडलवादाह के बूथ नंबर 282 और 338 के पोलिंग एजेंटों पर जेएमएम के पक्ष में मतदान कराने का आरोप लगाया। जानकारी मिलने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लिया है। भाजपा ने सीसीटीवी फुटेज भी जारी किया है।

## झारखंड में बीजेपी + को 37-40, जेएमएम + को 36-39 सीटें, दोनों अलायंस बहुमत के करीब

झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग हो चुकी है। अब 23 नवंबर को पता चलेगा कि क्या जेएमएम सत्ता में वापसी कर रही है? या फिर बीजेपी सरकार बना रही है? झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों तक पहुंचे और हवा का रुख समझा। आम जनता से लेकर पॉलिटिकल एक्सपर्ट्स, सीनियर जर्नलिस्ट और पॉलिटिकल पार्टियों से बात की। झारखंड में किसी एक पार्टी या गठबंधन को बहुमत के लिए जरूरी 41 सीटें मिलती नहीं दिख रही हैं। सबसे ज्यादा सीटें बीजेपी गठबंधन को मिल सकती हैं। दूसरे नंबर पर जेएमएम के नेतृत्व वाला इंडिया ब्लॉक रह सकता है। सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को होता दिख रहा है, जो इंडिया ब्लॉक को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा सकता है। इस बार झारखंड की जेएलकेएम जैसी लोकल पार्टियां और निर्दलीय कैंडिडेट भी सरकार बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## महाराष्ट्र में बीजेपी को 80-90 सीटें, कांग्रेस को 58-60

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को एक ही फेज में सभी 288 सीटों पर वोटिंग हुई। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। कवरेज के दौरान मिले इनपुट से समझ आया कि महायुति या महाविकास अघाड़ी दोनों को बहुमत के लिए जरूरी 145 सीटें मिलना मुश्किल है। बीजेपी को सबसे ज्यादा 80-90 सीटें मिल सकती हैं। 2019 में उसे 105 सीटें मिली थीं। 58-60 सीटों के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर रह सकती है। पिछले चुनाव में उसकी 44 सीटें थीं। चुनाव में शरद पवार का मैजिक चलता दिख रहा है। 87 कैंडिडेट उतारने वाली उनकी पार्टी एनसीपी 50-55 सीटें जीत सकती है। शिवसेना (शिंदे गुट) और शिवसेना (उद्धव गुट) 30-35 सीटें जीतकर बराबरी पर रह सकती हैं। महायुति के लिए कमजोर कड़ी अजित पवार की पार्टी हृष्टक्क बन रही है। उसके सिर्फ 15-20 सीटों पर जीतने की संभावना है। छोटी पार्टियां और निर्दलीय को 20 से 25 सीटें मिल सकती हैं। ऐसे में ये किंगमेकर बन सकते हैं।

## यूपी में उपचुनाव के दौरान हिंसा

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ 5 राज्यों की 15 विधानसभा और नांदेड़ लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव की वोटिंग खत्म हो गई। 23 नवंबर को रिजल्ट आएगा। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश की 9 सीटों पर उपचुनाव हुए , वही पंजाब की 4 सीटों पर उपचुनाव हुए वही उत्तराखंड व केरल में 1 -1 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ , वही महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव हुआ। यूपी के मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर सीट पर उपचुनाव की वोटिंग के दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया। पुलिस को जान बचाकर भागना पड़ा। उत्तर प्रदेश में करहल, मीरापुर,, ककरौली, सीसामऊ सीट, मुजफ्फरनगर में पुलिस से झड़पें हुईं। करहल में वोटिंग के बीच दलित युवती की हत्या कर दी गई। पिता ने आरोप लगाया कि सपा को वोट देने से मना करने पर युवक ने बेटी को मार डाला। चुनाव आयोग ने सपा की शिकायत पर 7 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। आरोप है कि इन्होंने मतदाताओं के वोटर आईडी चेक किए और बूथ पर नहीं जाने दिया। कानपुर में 2, मुरादाबाद में 3 और मुजफ्फरनगर में 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए।

**संक्षिप्त खबरें**

### भारत ने महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप का फाइनल जीता

**नालंदा।** बिहार के राजगीर में हुई महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी पर भारत ने कब्जा जमा लिया है। टीम इंडिया ने चीन को 1-0 से हरा दिया है। तीसरे क्वार्टर के पहले मैच के 31वें मिनट में दीपिका ने टीम इंडिया के लिए पहला गोल किया, जिसने भारत को जीत दिलाई। पहले और दूसरे क्वार्टर के कुल 30 मिनट के खेल में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। भारत और चीन की टीमें 0-0 की बराबरी पर रहीं। दूसरे क्वार्टर में भारत को 4, चीन को 2 पेनाल्टी कॉर्नर मिले। हालांकि कोई भी टीम इन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सकी। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शाम 5 बजे भारत और चीन की महिला हॉकी टीमों के बीच फाइनल मुकाबला शुरू हुआ था। 3 हजार की कैपेसिटी वाला स्टेडियम दर्शकों से पूरा भरा रहा। स्टेडियम में तिरंगा लहराया गया। जय श्रीराम के नारे भी लगे।

### जयपुर-देहरादून फ्लाइट का 18 हजार फीट ऊंचाई पर इंजन फेल

**जयपुर।** जयपुर-देहरादून की इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6ई-7468) का 18 हजार फीट पर एक इंजन फेल हो गया। फ्लाइट में 70 पैसेंजर थे। प्लेन की दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। खराब इंजन के साथ प्लेन हवा में करीब 30 मिनट रहा। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, घटना मंगलवार शाम करीब 7 बजे की है। दरअसल, इंडिगो एयरलाइंस के विमान को 19 नवंबर शाम जयपुर एयरपोर्ट से शाम 5:55 पर देहरादून के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से विमान ने तय वक्त से 40 मिनट देरी से 6:35 पर देहरादून के लिए उड़ान भरी।

### इजराइल-हमास जंग के बीच नेतन्याहू गाजा पहुंचे

**तेल अवीव।** इजराइल-हमास जंग के बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 19 नवंबर को अचानक गाजा का दौरा किया। यहां वे इजराइली सैन्य ठिकानों पर पहुंचे। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज भी उनके साथ थे। इस दौरान उन्होंने इजराइल बंधकों को सौंपने वाले को 5 मिलियन डॉलर देने की भी पेशकश की। नेतन्याहू ने हमास के साथ किसी भी तरह के युद्ध विराम के प्रयासों को सिरे से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म होने के बाद हमास फिर कभी फिलिस्तीन पर हुकूमत नहीं करेगा। नेतन्याहू ने कहा- हमास वापस नहीं आएगा।

**पटेला री पोल**

फिर एग्जिट पोल आ गए सामने, बीजेपी हो रही है साफ
हरियाणा में सब उलट पुलट रहा, हमको करना भाई माफ
साम दाम सब में आगे है बीजेपी, नहीं उसका कोई तोड़
अपने को नहीं मिले बहुमत तो, फिर सामने वाले फोड़

..मुखिया जी

## देश के 8 राज्यों में घना कोहरा



### कानपुर में विजिबिलिटी-जीरो, कश्मीर के शोपियां में तापमान माइनस 3.9 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश में उत्तर भारत के राज्यों के साथ-साथ अब मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी ठंड लगातार बढ़ रही है। तापमान गिरने के साथ-साथ कोहरे का दौर भी शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने बुधवार को एमपी-राजस्थान समेत 8 राज्यों के कई जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

कोहरे का सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश में दिखा। कानपुर में विजिबिलिटी घटकर जीरो और लखनऊ में 50 मीटर रह गई। बिहार के पूर्णिया, पंजाब के बठिंडा, हरियाणा के सिरसा और स्क्क के ग्वालियर में विजिबिलिटी 500 मीटर दर्ज की गई। जम्मू-कश्मीर में 3 दिन से जारी बर्फबारी का दौर बुधवार को थम गया है। श्रीनगर में तापमान 0.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। शोपियां देश का सबसे ठंडा जिला रहा। यहां तापमान माइनस 3.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उधर, राजस्थान के सीकर में तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।दक्षिण भारत के राज्यों में ठंड का असर उत्तर भारत के राज्यों से कम है। मौसम विभाग ने यहां बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### प्रदेश के बीकानेर, खैरथल और करौली में 300 के पार पहुंचा एक्यूआई, अब दिन का भी गिरने लगा पारा

**जयपुर।** बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए खैरथल-तिजारा जिले के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। 20 से 23 नवंबर तक पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चे स्कूल नहीं जाएंगे। मंगलवार को इसका आदेश खैरथल के कलेक्टर किशोर कुमार ने जारी किया है। उधर, उत्तर भारत में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद हवा ने राजस्थान में सर्दी बढ़ा दी है। रात और दिन में कई शहरों का तापमान औसत से नीचे आ गया है। सुबह-शाम ठिठुरन बढ़ने लगी है। बीकानेर में भी हालात ठीक नहीं बढ़ती ठंड के साथ ही राजस्थान में प्रदूषण भी खतरे के स्तर को पार कर गया है। मंगलवार को भिवाड़ी (खैरथल), करौली और बीकानेर में 300 से ज्यादा त्तह्र दर्ज किया गया। बुधवार को भिवाड़ी का एक्यूआई 326 दर्ज किया गया। सोमवार को एक्यूआई 454 था। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक कर ग्रेप-4 नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

**एनर्जी सेक्टर प्री-समिट** | **राजस्थान शीघ्र ही इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024 लॉन्च करेगा**

## हमारा लक्ष्य राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है -मुख्यमंत्री

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में आज एनर्जी प्री-समिट में ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों के साथ 6.57 लाख करोड़ रुपये के निवेश एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। आज हस्ताक्षरित एमओयू में सौर, पवन, हरित हाइड्रोजन, हाइब्रिड, पंप स्टोरेज, बैटरी स्टोरेज और हरित अमोनिया परियोजनाओं सहित अक्षय ऊर्जा और बिजली उत्पादन क्षेत्र के विभिन्न खंडों में परियोजनाएं स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस अवसर पर बोलते हुए माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि हस्ताक्षरित निवेश प्रस्तावों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन से राज्य में लगभग 70000 नए रोजगार सृजित होंगे।

राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए निवेशकों से आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, राजस्थान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है। राज्य में 2245 मेगावाट की क्षमता वाला दुनिया का सबसे बड़ा सौर पार्क है, यहाँ 325 दिन से अधिक धूप रहती है, हमारे पास सौर और पवन ऊर्जा क्षेत्र में असीमित अवसर मौजूद हैं। हमारा लक्ष्य राजस्थान को एक एनर्जी-सरप्लस राज्य बनाना है जो न केवल प्रदेश बल्कि अन्य राज्यों और देशों की मांगों को भी पूरा करने में भी सक्षम हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार जल्द ही इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024 लाएगी, जिससे ऊर्जा क्षेत्र




में कई नए संभावनाओं, जैसे कि पंप भंडारण, हरित हाइड्रोजन, बैटरी भंडारण, जैव ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा आदि क्षेत्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ मौजूद राजस्थान सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा, सरकार निवेशकों की व्यापक निगरानी और मार्गदर्शन के माध्यम से एमओयू के शीघ्र क्रियान्वयन की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यकाल के पहले वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 आयोजित करने की यह पहल मजबूत इरादे और हमारे दृढ़ निश्चय को दर्शाती है। आने वाले 3-4 वर्षों में एमओयू को धरातल पर चालू परियोजनाओं में परिवर्तित करने के लिए काम किया जाएगा समिट से पहले अक्षय ऊर्जा के विविध क्षेत्रों में एमओयू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा, ऊर्जा क्षेत्र 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत भारी मात्रा में निवेश जुटाने में सबसे आगे रहा है। हालांकि राज्य सौर और पवन ऊर्जा क्षेत्रों में एक प्रमुख खिलाड़ी बना हुआ है, लेकिन यह जानकर बहुत खुशी होती है कि आज बहुत सारे निवेशकों ने अक्षय ऊर्जा के नए क्षेत्रों में परियोजनाएं स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है।इस अवसर पर राजस्थान सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव-ऊर्जा आलोक ने कहा, राजस्थान ने ऊर्जा क्षेत्र में निवेश-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र और सही नीतिगत माहौल बनाया है, जो न केवल राजस्थान के ऊर्जा परिवर्तन में बल्कि पूरे देश के लिए योगदान देगा।

## दिल्ली में पॉल्यूशन- 5वें दिन भी एक्यूआई 400 पार

### 79 फ्लाइट्स लेट, 6 डायवर्ट, 50 प्रतिशत सरकारी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को भी हवा जहरीली बनी हुई है। लगातार 5वें दिन एक्यूआई 400 के पार है। 15 नवंबर को इसका लेवल 396 था। बुधवार की सुबह 6 बजे कई इलाकों में एक्यूआई 450 और 9 बजे 424 रहा। यह 'गंभीर' श्रेणी में आता है। शहर का सबसे प्रदूषित इलाका मुंडका रहा। वहीं, वजीरपुर और अलीपुर में एक्यूआई 462 रिकॉर्ड किया गया। प्रदूषण के कारण छाई धुंध से पालम समेत कुछ इलाकों में विजिबिलिटी घटकर 150 मीटर रह गई। इस कारण 79 फ्लाइट्स ने देरी से उड़ान भरी और 6 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। इसके अलावा रेलवे ने बताया कि बुधवार को 13 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का निर्णय लिया है। राज्य सरकार के 50 प्रतिशत सरकारी कर्मचारी घर से काम करेंगे। यह जानकारी पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दी है।

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने जजों को डिजिटल सुनवाई का ऑप्शन दिया। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना ने कहा कि जहां भी संभव हो सके, कोर्ट वहां डिजिटल तरीके से सुनवाई करें। वकील वर्चुअल पैरवी कर सकते हैं। दरअसल, कपिल सिब्बल समेत सुप्रीम कोर्ट के कई वकीलों ने यह मांग की थी। कोर्ट ने अपने स्टाफ के लिए मास्क पहनना भी अनिवार्य कर दिया है। थरूर बोले- दिल्ली नवंबर से जनवरी तक रहने लायक नहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- दिल्ली नवंबर से जनवरी तक रहने लायक नहीं है। बाकी के साल में बमुश्किल रहने लायक है। क्या इसे देश की राजधानी भी बना रहना चाहिए?

उन्होंने लिखा- दिल्ली आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है। यहां का पॉल्यूशन लेवल खतरनाक स्तर से चार गुना ज्यादा है। दिल्ली विश्व के दूसरे सबसे प्रदूषित शहर ढाका से लगभग पांच गुना ज्यादा प्रदूषित है। ये गलत है कि हमारी सरकार सालों से बुरे सपने को देख रही है। इसके बारे में कुछ नहीं करती है।

## बाड़मेर में बोरवेल में गिरा चार साल का मासूम

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** बाड़मेर के गुड़ामालानी में बुधवार शाम चार साल का बच्चा बोरवेल में गिर गया। प्रशासन और पुलिस की टीमों ने बच्चे को बोरवेल से निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार- अर्जुन की ढाणी निवासी पप्पू राम का इकलौता बेटा नरेश (4) घर के पास खेत में खेल रहा था। खेत में एक बोरवेल से दूसरे बोरवेल में मोटर शिफ्टिंग की जा रही थी।इस दौरान मासूम खेलते-खेलते करीब 150 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया। बच्चा करीब 100 फीट की गहराई पर फंसा है। जहां बच्चा गिरा है वो पुराना बोरवेल है और उसमें पानी भरा हुआ है।जिला मुख्यालय से सिविल डिफेंस की टीम पहुंची है। अन्य रेस्क्यू टीमों को भी बुलाया गया है। हादसे के समय बच्चे के पिता पप्पू राम पंजाब में थे। सूचना मिलते ही वे बाड़मेर के लिए रवाना हो गए। देसी जुगाड़ तकनीक एक्सपर्ट मेड़ा माधाराम के नेतृत्व में टीम पीवीसी पाइप, रस्सी, तार सहित अन्य जुगाड़ से बच्चे का रेस्क्यू करने का प्रयास कर रही है।

### बैठक में जिला कलेक्टर ने किया 'हमारा शौचालय हमारा सम्मान' अभियान का शुभारंभ

# जिला स्वच्छ भारत मिशन व जेजेएम जिला स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक संपन्न

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला स्वच्छ भारत मिशन की कार्यकारी परिषद अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन, जेजेएम एवं जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की जिला स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें जिला कलेक्टर ने विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष्य हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान आगामी 10 दिसंबर तक जारी रहेगा। बैठक में जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत समय पर हो। विद्यालय, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्रों में जल कनेक्शन के लिए गठित ब्लॉक स्तरीय कमेटी बैठक प्रतिमाह हो। स्वच्छ भारत मिशन व जल जीवन मिशन के सभी लाइन विभागों बेहतर समन्वय के साथ कार्य में प्रगति लाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि मरम्मत, नवीनीकरण से विद्यालयों में पिंक टॉयलेट की शीघ्र मरम्मत हो। जिन राजकीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्र, पुलिस थाने एवं ग्राम पंचायत भवन जिनमें शौचालय का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है, वहां निर्माण पूर्ण कर उपयोग के लिए पानी की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायतों में कचरा निस्तारण के लिए कचरा संग्रहण केन्द्र (आरआरसी) के निर्माण कार्य में प्रगति लाई जाए। साथ ही जिन पंचायतों से प्रस्ताव नहीं मिले है, उन पर विशेष ध्यान देकर प्रस्ताव लिए जाए। साथ ही निर्माण स्वीकृतियां शीघ्र जारी की जाए। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं की अधिक संख्या वाले




विद्यालयों में आवश्यकता अनुसार सामुदायिक स्वच्छता काम्पलेक्स स्वीकृत कर निर्माण करवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गांवों में डीपीआर में लिए गए तरल कचरा प्रबंधन एवं ठोस कचरा प्रबंधन के समस्त कार्य पूर्ण करवाकर मॉडल ओडीएफ प्लस घोषित करवाया जावे। प्रत्येक ग्राम पंचायत को मॉडल ओडीएफ प्लस ग्राम पंचायत बनाकर प्रत्यक्ष स्वच्छता प्रदर्शित कर बेहतरीन ग्राम पंचायत बनाया जावे। मॉडल ओडीएफ प्लस घोषित ग्रामों का भौतिक सत्यापन करवाकर रिपोर्ट भिजवाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान के तहत तिथि वार पंचायत, ब्लॉक, जिला स्तर पर गतिविधियां आयोजित करवाई जाए। सामुदायिक स्वच्छता काम्पलेक्स, पिंक टॉयलेट विद्यालय एवं व्यक्तिगत शौचालय को क्रियाशील बनाया जावे,। क्रियाशील शौचालयो में से बेहतरीन शौचालय का चयन कर सम्मानित किया जावे, जिसमें प्रथम 3 को जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर सम्मानित किया जावे। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार शर्मा, अधिशासी अभियंता प्रोजेक्ट मनीष भटट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओपी सामर, अधिशाषी अभियंता जिला परिषद प्रियव्रत सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक निजामुद्दीन, विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने उपराष्ट्रपति की अगवानी की



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बुधवार को जयपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर अगवानी की। उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंट कर उपराष्ट्रपति का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग अश्विनी भगत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू, जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ, संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता, जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी एवं अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

### शक्ति दिवस का आयोजन

## निमोनिया रोकथाम के लिए 'सांस' अभियान शुरू

**कोटपूतली (हुक्मनामा समाचार)।** बच्चों में निमोनिया के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में %सांस% अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 28 फरवरी 2024 तक चलेगा जिसका उद्देश्य 0-5 वर्ष के बच्चों में निमोनिया की पहचान, रोकथाम और उपचार के माध्यम से बच्चों की जान बचाना है। डॉ. गुर्जर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता संभावित निमोनिया के लक्षणों वाले बच्चों की पहचान करेंगी, जिसमें खांसी, बलगम, तेज सांस, पसलियां चलना और सांस में तकलीफ जैसे लक्षणों का निरीक्षण किया जाएगा। ऐसे मामलों में तुरंत सिरप एमोक्सिसिलीन की एक खुराक देकर बच्चों को अस्पताल रेफर किया जाएगा और फॉलो-अप की व्यवस्था भी की जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए चिकित्सा संस्थाओं, एचडबल्यूसी, उप स्वास्थ्य केन्द्रों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में आवश्यक प्रोटोकॉल और जागरूकता सामग्री वितरित की गई है। इसके अलावा, जेएसएसके और चिरंजीवी योजना के तहत बच्चों को मुफ्त इलाज, जांच और परिवहन की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। निमोनिया के इलाज के लिए ऑक्सीजन और जरूरी उपकरणों की व्यवस्था की गई है। साथ ही मंगलवार को शक्ति दिवस के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर एनिमिया मुक्त भारत अभियान को साकार करने के लिए 6 माह से 19 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं की एनिमिया जांच कर उनका इलाज किया गया।

### तनाव कम करने के लिए पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

## पुलिस ने एक महीने में 312 आरोपी किए गिरफ्तार

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की पुलिस ने पिछले एक महीने में अवैध गतिविधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। एसपी सुमित मेहरड़ा के नेतृत्व में गत एक महीने में 25 हजार रुपए के 2 इनामी चार इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल 312 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके साथ ही अवैध खनन, शराब और हथियारों को लेकर भी ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई हैं। जिले में अवैध शराब को लेकर पिछले एक महीने में धौलपुर पुलिस ने 34 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनसे भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई है। अवैध हथियारों के मामले में पुलिस ने एक माह में अलग-अलग मामले दर्ज कर 16 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 16 अवैध हथियार और 16 जिंदा



कारतूस बरामद किए गए हैं। बदमाशों के खिलाफ चलाए गए एक माह के अभियान में पुलिस ने 25 हजार के दो इनामी सहित चार इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने एक माह में अवैध मादक पदार्थ के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर 3 किलो 955 ग्राम गांजा बरामद किया है। एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि गत महीने में जुआ के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया था। जिसमें जुआ सट्टे के मामले में 236 लोगों को गिरफ्तार कर 5 लाख 45 हजार 260 रुपए की जुआ राशि बरामद की है। अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 मामले दर्ज कर 15 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 21 वाहन जब्त कर 128 टन बजरी और पत्थर को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने गत माह साइबर फ्रॉड के मास्टरमाइंड के साथ हनी ट्रेप के मामले में भी दो महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि पुलिस के तनाव को कम करने के लिए गत महीने खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया था। इसके साथ ही जिले के शहीद पुलिस कर्मियों की याद को ताजा रखने के लिए उनकी फोटो एसपी ऑफिस के मुख्य हॉल में लगवाए गए हैं।

## एक नजर

### सांख्यिकी अधिकारियों की बैठक आयोजित

## ग्राम विकास अधिकारियों को पहचान पोर्टल का प्रशिक्षण देने के निर्देश

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग उप निदेशक राजेश कुमार की अध्यक्षता में जिले के समस्त ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के पहचान पोर्टल पर लंबित परिवादों का समय पर निस्तारण करने एवं सम्पर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों का तय समय पर अपने स्तर से निस्तारित करने व विभाग के द्वारा ब्लॉक स्तर पर प्रकाशन किये जाने वाले फोल्डर एवं रूपरेखा का समय पर तैयार कर जिला स्तर पर भिजवाये जाने के निर्देश दिये जिससे उनका प्रकाशन समय पर किया जा सके। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना जिसमें गाँव-गाँव तक राजकीय सुविधाओं की स्थिति और जनता के द्वारा उनके उपयोग को मॉनिटर करने के लिये ई-ग्राम प्रणाली विकसित की गई, जिसके जरिये किसी भी समय ऑनलाइन सरकारी सेवाओं एवं सुविधाओं की स्थिति को जाना जा सकता है। जिसमें वर्ष 2024-25 का समस्त डाटा दिसम्बर माह तक शत-प्रतिशत ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिये। जिले का वर्ष 2023-24 का शत प्रतिशत डाटा दर्ज किया जा चुका है जिसे आमजन ई-ग्राम की वेबसाईट ीजजचेरूध्धमहतंउणर्तेंजींदणहवअणपद पर जाकर देख सकते हैं एवं ब्लॉक के सभी सांख्यिकी अधिकारीयों को निर्देशित किया कि समय-समय पर ब्लॉकों में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारियों को पहचान पोर्टल का प्रशिक्षण दिया जाये एवं अटल सेवा केन्द्रों पर होर्डिंग व बोर्ड आदि लगाकर प्रचार-प्रसार करें एवं इनके लिये मृत्यु एवं जन्म के प्रपत्र मांग अनुसार उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रदान किये।

## जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक आज

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में 21 नवम्बर 2024 गुरूवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट श्रीगंगानगर के वीसी कक्ष में रखी गई है। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरण एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

### मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल में आग से झुलसी महिला की मौत

## पति ने नर्सिंग स्टाफ की लापरवाही बताई, हॉस्पिटल प्रशासन ने पति को माना जिम्मेदार

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर के मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल में आग लगने के बाद झुलसी महिला की मौत हो गई। आगजनी की घटना दो दिन पहले की है। महिला ने इलाज के दौरान आज सुबह करीब 11 बजे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आग लगने के बाद महिला के पति हॉस्पिटल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया था। घटना के दिन हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर नवीन किशोरिया का कहना था कि महिला के साथ एक अटेंडेंट (उसका पति) था। उसने बीड़ी सुलगाकर डस्टबीन में फेंक दी, जिससे आग लगी थी।

**झुलसी महिला ने दो दिन बाद तोड़ा दम-** मामले के अनुसार 18 नवंबर को मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल के जनरल वार्ड में आग लग गई थी। वार्ड में जैतारण (पाली) की रहने वाली महिला भर्ती थी। आग में महिला का ऑक्सीजन मास्क वाला हिस्सा जल गया था। महिला को झुलसी हालत में आईसीयू में भर्ती करवाया गया था। दो दिन बाद महिला ने दम तोड़ दिया। महिला के पति ने बताया कि घटना रविवार देर रात 3 बजे की है। 17 नंवबर को अचानक ऑक्सीजन में आग उठी। पत्नी आग से तड़पने लगी थी। मैंने और बेटे ने संभाला। घटना के आधे घंटे से भी ज्यादा समय तक वार्ड में तैनात नर्स, कर्मचारी ने कोई सुध लेने नहीं ली। पत्नी को बैड से नीचे उतारा। वो दर्द से कराहती रही। उसका पूरा चेहरा जल गया था। मैंने बीड़ी नहीं पी थी। ये आरोप गलत है। इसमें लापरवाही हॉस्पिटल प्रशासन की रही है।

**आग के लिए हॉस्पिटल प्रशासन ने पति को माना जिम्मेदार-** हॉस्पिटल प्रशासन ने वार्ड में ड्यूटी पर तैनात नर्सिंगकर्मी को एपीओ कर दिया गया था। नर्सिंग एसोसिएशन ने मंगलवार को इसका विरोध किया था। इसके बाद उसे बहाल कर दिया गया था। मामले में हॉस्पिटल प्रशासन ने महिला के पति को ही जिम्मेदार माना है। हॉस्पिटल में जांच के लिए गठित टीम ने बताया कि महिला का पति बीड़ी पीता है। वह अटेंडेंट के तौर पर वार्ड में उसके साथ था। उसने ही बीड़ी सुलगाकर डस्टबीन में फेंका था, जिससे आग लग गई। वार्ड में शॉर्ट सर्किट का कोई सबूत नहीं मिला।

## स्कूल से घर के लिए निकला 11 वर्षीय बालक लापता

**लूणकरणसर (हुक्मनामा समाचार)।** 11 वर्षीय बच्चे के लापता हो जाने की खबर सामने आयी है। घटना लूणकरणसर के वार्ड नम्बर 28 की है। जहां पर रहने वाला 11 वर्षीय भजनलाल पुत्र महेश सुथार 19 नवम्बर की सुबह 11 बजे स्कूल से घर पर जाने के लिए निकला था लेकिन ना तो घर पर पहुंचा है ओर ना ही वापस स्कूल पहुंचा। जैसे ही इसकी सूचना परिजनों को मिली तो आसपास के रिश्तेदारों, पडौसियों के यहां पता किया लेकिन बालक का कहीं भी पता नहीं लग पाया है। जिस किसी को दिखे तो लूणकरणसर थाने के नम्बर 01528272038 पर सूचना दें।

## जवाहर कला केन्द्र में 100वां तानसेन समारोह कल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जवाहर कला केन्द्र और मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 100वें तानसेन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 22 नवंबर को सायं 6 बजे से केन्द्र के रंगायन सभागार में यह समारोह होगा। इसमें वादन और गायन की प्रस्तुति होगी। पं. प्रवीण एवं चेताली शेविलकर वायलिन वादन की प्रस्तुति देंगे, रामेन्द्र सिंह सोलंकी तबले पर संगत करेंगे। डॉ. प्रवीण एवं श्रुतिशील उद्धव तबला वादन करेंगे उनके साथ पं. धर्मनाथ मिश्र हारमोनियम पर संगत करेंगे। विदुषी गौरी पठारे गायन करेंगी, तबले पर रामेन्द्र सिंह और हारमोनियम पर सुप्रिया जोशी संगत करेंगी।

### 'पानी पेड़ प्रकृति बचाओ' पदयात्रा 70 दिनों से लगातार जारी

## पानी, पेड़ और प्रकृति की रक्षा अनिवार्य : जल प्रहरी दीप सिंह

**कोटपूतली (हुक्मनामा समाचार)।** जल संरक्षण और पर्यावरण रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में पानी पेड़ प्रकृति बचाओ पदयात्रा पिछले 70 दिनों से जारी है। मंगलवार को यात्रा फतेहसिंह वाला वीर तेजाजीनगर पावटा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंची, जहां ग्रामीणों, शिक्षकों, और विद्यार्थियों ने यात्रा दल का स्वागत किया। इस अवसर पर शेखावत ने पानी पर्यावरण पाठशाला के माध्यम से उपस्थित लोगों को समझाया कि कैसे ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव मानव और प्रकृति दोनों के लिए विनाशकारी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक जलवायु संकट गहराता जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पानी, कृषि और रोजगार संकटग्रस्त हैं। शहरीकरण की प्रक्रिया से गांवों की जलवायु भी असंतुलित हो रही है जिससे सूखा और खेती की समस्या बढ़ती जा रही है। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को जल और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई गई। विद्यालय इंचार्ज मनोज कुमार शर्मा ने अध्यक्षता करते हुए कहा, प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग ईश्वर के प्रति हमारी जवाबदेही है। अगर हमने समय रहते प्रकृति की रक्षा नहीं की तो इसका विनाशकारी परिणाम भुगतना पड़ेगा। दीप सिंह शेखावत और उनकी टीम ने रैली निकालकर ग्रामीणों को हरियाली युक्त प्रदूषण मुक्त गांव बनाने की शपथ दिलाई। इस यात्रा में ख्यालीराम जाखड़, दयाचंद राठी, रोहिताश कुमार मीणा, प्रहलाद यादव, मनोज कुमार सैनी, भूप सिंह,सुनीता मिल सहित स्थानीय लोग, ग्रामीण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्कूटी और पिकअप की भिड़ंत में स्कूटी सवार तीन की मौत, पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी आंधी की मोर्चरी में रखवाए शव

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** मनोहरपुर हाइवे पर बुधवार देर शाम को पिकअप और स्कूटी में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें स्कूटी सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना की सूचना के बाद आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर 108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर तीनों लोगों को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंधी लाया गया जहां चिकित्सकों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार दिलराज पूत्र गिरिराज मीणा उम्र 25 साल निवासी रोहडा कला (दौसा) रणवीर पुत्र भजन लाल मीणा उम्र 23 साल निवासी रोहडा कला (दौसा) तथा विष्णू पुत्र पप्पूराम उम्र 27 साल निवासी बड़वा (बस्सी) स्कूटी पर सवार होकर दौसा से मनोहरपुर की ओर जा रहे थे ।

इसी दौरान मनोहरपुर की और से आ रही गाजर से भरी पिकअप ने आंधी थाना मोड़ के फ्लाई ओवर के पास स्कूटी टक्कर मार दी । तेज गति से आ रही पिकअप ने स्कूटी को इतनी जोरदार टक्कर मारी की स्कूटी सवार तीनों युवक काफी दूर तक फिसलते चले गए और स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के दुकानदार और लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। दुर्घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंधी पहुंचा।

चिकित्सालय में मौजूद चिकित्सक डॉक्टर अशोक शर्मा ने तीनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तो तीनो दम तोड़ चुके थे। चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

देर हो जाने के कारण तीनों का ही पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका जिसके कारण सबको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया है।

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में हर माह हो चिकित्सालयों का निरीक्षण

# जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति की बैठक में की स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा कर चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर जिला कलक्टर ने कहा कि जिले के समस्त चिकित्सा एवं स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं में बेहतरी लाएं और यह सुनिश्चित करें कि यहां आने वाले रोगियों का संवेदनशीलता के साथ बेहतर उपचार हो। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए समुचित प्रयास करें और इस संबंध में आमजन को जागरुक भी करें। जिला कलक्टर ने कई बिंदुओं में कमजोर प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी सक्रियता और सजगता के साथ काम करते हुए आवश्यक प्रगति अर्जित करें और यह देखें कि लोगों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना से संबद्ध सभी सरकारी व निजी चिकित्सालयों का हर माह निरीक्षण किया जाये। चिकित्सा संस्थान पर आने वाले मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिले तथा स्वास्थ्य योजनाओं का समुचित लाभ मिले। बैठक में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना, मातृत्व स्वास्थ्य के तहत गर्भवती महिला की चार एएनसी जांच करवाने, टीकाकरण कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव व मातृ -शिशु मृत्यु, परिवार कल्याण, पीसीपीएनडीटी, 108 एम्बुलेंस सेवा, राजश्री योजना व राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने उन्होंने हर माह आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान मां वाउचर योजना के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने आयुष्मान कार्ड वितरण में जिले की प्रगति व सभी कार्ड समय पर वितरण करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने आभा आईडी प्रगति व आयुष्मान कार्ड वितरण प्रगति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रवीण झूरिया, जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ वेदप्रकाश, निःशुल्क दवा योजना प्रभारी डॉ राशिद, बीसीएमओ डॉ जसवंत, डॉ सत्यनारायण, डॉ विकास सोनी, डॉ मनीष तिवाड़ी, डॉ भूपेन्द्र, डॉ मनोज झाझड़िया, रतनगढ़ पीएमओ डॉ सतोष आर्य, डीपीएम आशीष खण्डेलवाल, संग्राम सिंह, लेखा प्रभारी सुरेन्द्र बराला, पीसीपीएनडीटी समन्वयक राजकुमार बैरवा व एनसीडी समन्वयक प्रेमशंकर शर्मा मौजूद रहे।

## डिजिटलाइजेशन की ओर अग्रसर पशुपालन विभाग

# पशुओं का चिन्हिकरण, टीकाकरण, प्रजनन, पोषण तथा उपचार और मोबाइल वेटरिनरी यूनिट सेवा को एकीकृत प्लेटफार्म पर संपादित करने की योजनाः डॉ समित शर्मा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शासन सचिव पशुपालन, डॉ समित शर्मा ने कहा है कि पशुओं का चिन्हिकरण, टीकाकरण, प्रजनन, पोषण तथा बीमारियों के उपचार और मोबाइल वेटरनरी यूनिट सेवा को एकीकृत प्लेटफार्म पर संपादित किया जाएगा। इस विषय पर चर्चा करने के लिए आज डॉ शर्मा की अध्यक्षता में भारत सरकार के नेषनल डिजिटल लाइवस्टॉक मिषन के प्रतिनिधियों के साथ पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक सचिवालय में आयोजित की गई। इस चर्चा में बीआईएफएल (मोबाइल वेटरनरी यूनिट तथा कॉल सेंटर सेवा प्रदाता) के प्रतिनिधि भी ऑनलाइन शामिल हुए। बैठक में डॉ शर्मा ने निर्देष दिया कि 1962



- एप अधिक से अधिक पशुपालकों को डाउनलोड करवाया जाए ताकि वे विभागीय योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकें और अपने पशुओं के बारे में भी जानकारियां ले सकें। उन्होंने कृषि विभाग के अंतर्गत बने किसानों के व्हाट्सअप ग्रुप पर 1962 एप डाउनलोड करने के निर्देष दिए। इस एप के माध्यम से पशुपालक अपने पशुओं के उपचार के लिए सीधे ही कॉल सेंटर पर कॉल कर सकेगा। उन्होंने कहा कि पशुओं के टैग नंबर को उनका आधार नंबर माना जाए और उसी नंबर से उनका रजिस्ट्रेशन 1962 एप पर किया जाए। उन्होंने निर्देष दिया कि भारत पशुधन एप के एनिमल हेल्थ मॉड्यूल को जल्द से जल्द लागू करने के लिए योजनाबद्ध रूप से आवश्यक तैयारी की जाए।

इस संबंध में पशु चिकित्सकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देष भी डॉ शर्मा ने दिए। उन्होंने निर्देष दिए कि पशुओं के उपचार के लिए ई- दवा पर्ची का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत पशुधन एप के नॉलेज सेंटर पर उपलब्ध जानकारियों को साझा करने के लिए आई गॉट कर्मयोगी प्लेटफार्म का उपयोग किया जाना चाहिए। डॉ शर्मा ने बीआईएफएल को निर्देष दिए कि वे टेलीमेडिसिन, व्हाट्सअप और चैटबोट का उपयोग 1962 कॉल सेंटर पर करें। उन्होंने निदेषक पषुपालन को निर्देष दिए कि विभाग के अधिकारियों को भारत पषुधन एप की अधिक जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक कराई जाए जिसकी अनुपालना में बैठक के बाद पषुधन भवन में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के अधिकारियों ने पषुधन एप से संबंधित अपनी षंकाओं का समाधान किया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा पशुओं के चिन्हिकरण, टीकाकरण, प्रजनन, पोषण तथा उपचार के लिए नेषनल डिजिटल लाइवस्टॉक मिषन संचालित किया जा रहा है। बैठक में भारत सरकार के नेषनल डिजिटल लाइवस्टॉक मिषन के परियोजना प्रबंधक असद परवेज, वरिष्ठ प्रबंधक आर के वास्तव, परियोजना प्रबंधक (पीएमयू-इ वाइ) आर रेजिष तथा सलाहकार डॉ जिगर और पशुपालन निदेषक डॉ भवानी सिंह राठौड़ सहित पषुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## जन-दर्शन सरपंचो और पंचों ने देखी विधान सभा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान की विभिन्न ग्राम पचांयतो के सरपंचों, पंचो, जिला परिषद सदस्यों और समाज सेवियों ने राजस्थान विधान सभा को देखा। विधान सभा में स्थित राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में राजस्थान के राजनैतिक आख्यानों का जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया। राजस्थान विधान सभा में जन-दर्शन कार्यक्रम के तहत विधान सभा का अवलोकन करने आये ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण को विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का संदेश पढ़कर सुनाया गया। देवनानी ने विधान सभा आये हुए लोंगो का अभिवादन करते हुए कहा कि राजस्थान विधान सभा में स्थापित राजनैतिक आख्यान संग्रहालय विशिष्ट प्रकृति का संग्रहालय है। इस संग्रहालय के माध्यम से लोकतंत्र की स्वर्णिम गाथाओं से नवीन पीठी का पथ प्रदर्शित किया जा सकता है। यह संग्रहालय छात्रों, शोधार्थियों और राजनैतिक विज्ञान में रुचि रखने के साथ-साथ आम व्यक्तियों को भी लोकतंत्र से जोडता है।

# 39 बीघा भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-11 निजी खातेदारी करीब 20 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया एवं जोन-12 निजी खातेदारी करीब 19 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण। जोन-9 सुओमोटो के तहत गोनेर में रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाष चन्द्र विष्णोई ने बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम पवालियां, जिला जयपुर में करीब 20 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल ''वृन्दावन विहार'' के नाम से कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल, सीमेन्ट के ट्री गार्ड, पत्थर, बजरी डालकर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उन्होंने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम भम्भोरी, जिला जयपुर में खसरा नं. 419 करीब 07 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल ''श्याम सिटी तृतीय'' के नाम से कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बिन्दायिका से बेगस रोड़, ग्राम हिम्मतपुरा जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बगरू से बेगस रोड़ पर, जिला जयपुर में करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''नेचर फार्म'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई, सीमेन्ट के ब्लॉक की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही, 5 केन्टर सामान किया जब्त

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देषानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में गोपालपुरा पुलिया के नीचे टोंक रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से 05 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में गोपालपुरा पुलिया के नीचे टोंक रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 05 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## सिंगापुर डेलीगेशन ने भाजपा संगठन और सत्ता के बीच बेहतर तालमेल का किया अवलोकनः- मदन राठौड़



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी भारतीय जनता पार्टी की रीति और नीति को समझने के लिए सिंगापुर डेलीगेशन बुधवार को भाजपा कार्यालय पहुंचा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी, सांसद घनश्याम तिवाडी, भाजपा पदाधिकारियों ने राजस्थानी परम्परा के अनुसार तिलक लगाकर और पुष्प गुच्छ भेंटकर कार्यालय में सिंगापुर डेलीगेशन का भव्य स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि सिंगापुर डेलीगेशन ने विश्व की सबसे बडी राजनीति पार्टी भाजपा की संगठनात्मक व्यवस्था और सरकारी योजनाओं को संगठन द्वारा आमजन तक पहुंचाने की व्यवस्था पर चर्चा की। इस दौरान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर किस प्रकार से मूर्त रूप प्रदान किया जाता है और पार्टी के पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा किस प्रकार कार्य किया जाता है, इस पर चर्चा की गई। भाजपा की सबसे छोटी ईकाई बूथ समिति से लेकर प्रदेश स्तरीय संरचना पर सिंगापुर डेलीगेशन के साथ चर्चा की गई। भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि सिंगापुर डेलीगेशन ने भाजपा में महिलाओं की भागीदारी को लेकर चर्चा की। इस दौरान डेलीगेशन को बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए है।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025

# मतदाताओं सूचियों में नाम जोड़ने और संशोधन के काम में तेजी लाएं : नवीन महाजन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने और संशोधन करने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ स्थानों पर सूचियों में मतदाता-जनसंख्या अनुपात और पुरुष-महिला लिंगानुपात का आंकड़ा कम रहने पर चिंता जाहिर की है, जिसे मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के दौरान दुरुस्त किया जाना चाहिए। महाजन ने बुधवार को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ एक वीडियो कांफ्रेंस बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि नए नाम जोड़ने के क्रम में नव मतदाताओं को विशेष रूप से लक्षित किया जाए। युवाओं को मतदाता सूचियों में जोड़ने के लिए शिक्षण संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण परिसरों में विशेष जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर नए मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन (वीएचए) एप का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें। 18 वर्ष आयु होने पर स्वतः ही मतदान के योग्य नहीं हो जाता— मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नई पीढ़ी को यह समझाने की आवश्यकता है कि कोई व्यक्ति 18 वर्ष की आयु होने पर स्वतः ही मतदान के योग्य नहीं हो जाता। मतदान करने की योग्यता हासिल करने के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़ना आवश्यक है और उसके लिए वीएचए एप अथवा वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन या



बीएलओ के समक्ष आवेदन करना होता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में स्थानीय स्तर पर सक्रिय सामाजिक संगठनों और राजनैतिक दलों का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। महाजन ने कहा कि आगामी 28 नवम्बर तक एसएसआर कार्यक्रम-2025 के तहत प्रारूप मतदाता सूचियों पर दावे-आपत्तियां भी प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 24 दिसम्बर तक नए नाम जोड़ने, हटाने और दावे-आपत्तियों के निस्तारण के काम में सावधानी और सक्रियता की आवश्यकता है, ताकि अधिकतम कमियों को दुरुस्त किया जा सके। उन्होंने कम मतदाता-जनसंख्या अनुपात और लिंगानुपात वाले चिन्हित जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में ज्यादा संवेदनशीलता के साथ काम करने पर जोर दिया। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पारीक ने एसएसआर कार्यक्रम की जिलावार स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

## महिला हिंसा की रोक-थाम के उपायों पर चर्चा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विशाखा महिला शिक्षा एवं शोध समिति की ओर से महिला हिंसा रोकथाम के जागरूकता अभियान के तहत भांकरोटा के गणेश विहार और मुकुन्दपुरा कच्ची बस्ती स्थित आंगनबाड़ी में महिलाओं और किशोरियों के साथ चर्चा की गई। चर्चा में लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा की रोक-थाम के उपायों और विशाखा संस्था द्वारा भांकरोटा थाना परिसर में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की उपयोगिता पर जानकारी साझा की गई।

## डीजीजीआई ने पकड़ी 16.90 करोड़ की जीएसटी चोरी

# इंश्योरेंस कंपनी का एजेंट अरेस्ट, 5 फर्मों के जरिए बनाए फर्जी बिल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** डीजीजीआई जयपुर जोनल यूनिट ने 16.90 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी पकड़ी है। मामले में इंश्योरेंस कंपनी के एजेंट को अरेस्ट किया गया है। 5 फर्मों के जरिए फर्जी बिल लेकर मास्टरमाइंड एजेंट जीएसटी चोरी को अंजाम दे रहा था। डीजीजीआई को ओर से कोर्ट में पेश कर उसे जेसी भेज दिया गया है। डीजीजीआई जयपुर जोनल यूनिट के अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर परवेज निवासी बीकानेर को अरेस्ट किया। एक इंश्योरेंस कंपनी का एजेंट के तौर पर परवेज पॉलिसी बुकिंग का काम करता था। पॉलिसी के एवज में मिलने कमीशन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता था। जीएसटी चोरी के लिए फर्म बनाकर बिल बनाए परवेज की ओर से फर्जी बिल लगाकर जीएसटी चोरी की जा रही थी। मेसर्स 24/7 इंश्योरेंस सॉल्यूशंस के नाम से परवेज ने जीएसटी चोरी के लिए फर्म बनाकर बिल बनाए। इसके साथ ही दिल्ली और एनसीआर में स्थित फर्मों को बीमा सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों के नाम पर 4 और फर्म बनाई। परवेज की ओर से बनाई सभी फर्जी फर्मों से 16.90 करोड़ रुपए की नकली इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाया गया। डीजीजीआई जयपुर जोनल यूनिट के अधिकारियों ने खुफिया जानकारी पर मास्टर माइंड परवेज और परवेज की ओर से बनाई फर्मों के मालिकों के शनिवार-रविवार को बयान दर्ज किए। पूछताछ में परवेज ने 5 फर्म से बिल बनाकर 16.90 करोड़ की जीएसटी चोरी स्वीकार की। डीजीजीआई की ओर से कार्रवाई कर सोमवार को आरोपी परवेज को अरेस्ट कर जेसी भेज दिया गया। डीजीजीआई की ओर से बीमा सेवा क्षेत्र में आगे भी इस तरह की कार्रवाई कर कई बड़े मामले उजागर होने की आशंका जताई है। डिपार्टमेंट की ओर से मामले में आगे जांच की जा रही है।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई यातायात प्रबंधन समिति की बैठक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्ट्रेट में बुधवार को जिला यातायात प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये पुराने साइनेज को हटाकर नये साइनेज लगाने के निर्देश दिये गए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राजमार्गों पर जारी फ्लाईओवर का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने, तेज गति से वाहन चलाने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गए। बैठक में प्रोटेक्शन डिवाइस, राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग, रिफलेक्टिव टेप इत्यादि नियमों के उल्लंघन के खिलाफ नियमित प्रवर्तन कार्यवाही पर भी चर्चा की गई। जयपुर विकास प्राधिकरण और राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को पिछली बैठक के बिन्दुओं की अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर विनिता सिंह, पुलिस विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निमार्ण विभाग, शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और मुस्कान फाउंडेशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आज आयोजित होगा जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 21 नवंबर, 2024 (गुरुवार) को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रातः 10:30 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में समिति में दर्ज प्रकरणों पर गहनता से चर्चा की जायेगी।

## नगर निगम ग्रेटर ने सफाई कर्मचारियों के लिये किया कार्यशाला का आयोजन



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर, सीफार, यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगर निगम मुख्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आयुक्त रूकमणि रियाड़ द्वारा 80 से अधिक सफाई कर्मचारियों एवं सीवर मैन हॉल सफाई कार्य में नियोजित सफाई कर्मचारियों को सात तरह के सुरक्षा उपकरणों का पीपीई किट दिया गया। आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि रिफलेक्टर जैकेट सफाई कर्मचारी की पहचान है। इसलिये उसे कार्य करते समय पहने और उस पर गर्व करें। इस अवसर पर उपायुक्त स्वास्थ्य ओम प्रकाश थानवी भी मौजूद रहे। कार्यशाला में सुरक्षा उपकरणों के अन्तर्गत रिफलेक्टर जैकेट, गम बूट, सेल्फी गोगल्स, मास्क, हेलमेट, एप्रिन, ग्लव्स दिये गये। जगतपुरा जोन में 8 सफाई कर्मचारियों एवं सीवर मैन हॉल सफाई कार्य में नियोजित 5 सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट दिया गया। मानसरोवर जोन में 8 सफाई कर्मचारियों एवं सीवर मैन हॉल सफाई कार्य में नियोजित 8 सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट दिया गया। झोटवाड़ा जोन में 8 सफाई कर्मचारियों एवं सीवर मैन हॉल सफाई कार्य में नियोजित 8 सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट दिया गया। मालवीय नगर जोन में 8 सफाई कर्मचारियों एवं सीवर मैन हॉल सफाई कार्य में नियोजित 11 सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट दिया गया।


## आज बाँसखोह मे आयोजित होगा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर के निर्देश पर गुरुवार, 21 नवम्बर को बाँसखोह कस्बे में मुख्य बस स्टैंड स्थित मठ महादेव मंदिर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया की ओर से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर द्वितीय की टीम द्वारा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया ने बताया कि प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन बनाकर वितरित करने के साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जाएगी। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किराना, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, केटरिंग व्यापारियों, फास्ट फ़ूड, चाट, पकौड़ी, फल, सब्जी का ठेला, स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओं के आवेदन ऑनलाइन कर मौके पर ही लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन जारी किए जाएंगे। शिविर मे एमएफटीएल (मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ऑन व्हील्स) के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता एवं मिलावाट के संबंध मे जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही आमजन के लिए खाद्य पदार्थों की जाँच करवाने की सुविधा मौके पर ही उपलब्ध होगी। शिविर मे जिन खाद्य कारोबारकर्ता का वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से कम है, उनका फ़ूड रजिस्ट्रेशन जारी किया जाएगा। उन्हें फ़ूड रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप मे आधार कार्ड, पेन कार्ड की फोटो कॉपी एवं स्वयं की एक पासपोर्ट साइज की फोटो साथ लानी अनिवार्य है। जिन खाद्य कारोबारकर्ता का वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से ज्यादा है, उन्हे फ़ूड लाइसेंस हेतु आधार कार्ड की कॉपी, पेन कार्ड, बिजली बिल, जीएसटी रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता होगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि शिविर का लाभ उठाकर कोई भी व्यापारी लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के बिना नहीं रहे। ध्यान रखें कि बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन खाद्य सामग्री बेचना गैर कानूनी है। इसके लिए सजा व जुर्माने का प्रावधान है।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय

## युद्ध की आंच अब दुनिया को



यूक्रेन रूस युद्ध के 1000 दिन पूरे होने के साथ यह युद्ध खतरनाक मोड़ में पहुंच गया है यूक्रेन ने मंगलवार को रूस पर लंबी दूरी की मिसाइल दागी है दागी गई इन 6 मिसाइल को रूस ने नष्ट कर दिया लेकिन उसका कुछ ना कुछ नुकसान तो हुआ ही होगा। यूक्रेन ने इन अमेरिकी मिसाइल का उपयोग अमेरिका के राष्ट्रपति जी वाईडेन की अनुमति से किया। दूसरी और रूस ने अमेरिका द्वारा अपनी मिसाइल का उपयोग कराने के बाद गहरी नाराजगी जताते हुए न्यूक्लियर नीति में बड़ा बदलाव करते हुए राष्ट्रपति पुतिन की उस पर मोहर लगवा दी, इसके मुताबिक अगर कोई परमाणु शक्ति संपन्न देश रूस पर हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही के तौर पर रूस परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकेगा। रूस द्वारा नीति में बदलाव के बाद माना जा रहा है कि वह कभी भी परमाणु संपन्न अपने दुश्मन पर हमला करने को स्वतंत्र है। यूक्रेन द्वारा अमेरिकी मिसाइल का अमेरिका की अनुमति से इस्तेमाल करने को रूस क्या अमेरिका का सीधा हमला मानता है अथवा नहीं यह नहीं कहा जा सकता लेकिन यदि वह अमेरिका का सीधा-सीधा दखल और हमला माने तो उसके हाथ भी अब कार्रवाई के लिए खुले हैं। रूस पहले भी परमाणु हथियारों के उपयोग की धमकी दे चुका है लेकिन तब माना गया था कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई समझौते और संधि के कारण ऐसा नहीं हो पाएगा, लेकिन उसने अपनी परमाणु नीति में बदलाव करके आने वाली रुकावटें दूर कर दी है और आमने-सामने की लड़ाई की पूरी तैयारी कर ली है। यदि ऐसा हो गया तो मिनटो में कई देश युद्ध की चपेट में आ जाएंगे पूरी दुनिया बर्बाद हो जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति कि यह हरकत अच्छी नहीं मानी जा सकती क्योंकि अमेरिका में चुनाव हो चुके हैं और नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जीत चुके हैं यह बात अलग है कि उनके शपथ होने में अभी समय बाकी है लेकिन उनकी इस युद्ध के संदर्भ में अलग नीति है और अमेरिका की जनता भी नहीं चाहती कि अमेरिका इस युद्ध में ज्यादा हस्तक्षेप रखें इसलिए बाईडेन को यह फैसला नहीं लेना चाहिए था। उनकी पार्टी चुनाव हारने के बाद ऐसा कोई बड़ा फैसला लेने का अधिकार खो चुके हैं।

**वैभव लोढ़ा...**

## क्रॉस फायर

❑ **चुनाव आयोग की बड़ी कार्रवाई भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव को होटल में लाखों रुपए के साथ पकड़ा, पैसे बांटने का आरोप।**

◆ चुनाव में सब जायज, पकड़े गए वह चोर।

❑ **भगोडे आर्थिक अपराधी नीरव मोदी और मालिया का होगा प्रत्यर्पण।**

◆ अब लाना टल भी नहीं सकता।

❑ **राजस्थान में घरेलू सैलानियो की संख्या इस वर्ष एक करोड़ के पार।**

◆ यह तो अपने आप आते हैं।

❑ **मुख्यमंत्री भजनलाल बोले जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं।**

◆ जनता की परवाह किसको है।

❑ **गृहमंत्री शाह बोले भाजपा शासन में देश में हिंसा घटी।**

◆ अपने मुंह में मिट्ठू बनने से क्या होता है।

❑ **मणिपुर में सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेट मांगे मानो वरना सरकारी दफ्तरों पर ताला।**

◆ जनता सब ठीक कर देगी।

❑ **यूक्रेन और रूस में बढ़ते तनाव से दुनिया भर के बाजार सहमें।**

◆ बम रॉकेट तो यूक्रेन रूस में गिरते हैं पर धमाका तो दुनिया में हो रहा है।

❑ **प्रदेश में पहली बार अग्नि वीर को शहीद का दर्जा, सरकार देगी कारगिल पैकेज।**

◆ देर आए दुरुस्त आए।

.............अंजू लोढ़ा

# बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना होगा स्लम बस्तियों को



**सीताराम गुर्जर**





अपनी ऐतिहासिक इमारतों, विविध संस्कृति और पर्यटक आकर्षणों के लिए राजस्थान की राजधानी जयपुर दुनिया भर में मशहूर है. लेकिन इसका एक और पक्ष भी है जिसे काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया जाता है. यह पहलू है शहर की स्लम बस्तियां, जहां हजारों लोग जीवन की बुनियादी सुविधाओं के बिना जीवन गुज़ारते हैं. यह इलाका किसी दूसरी दुनिया की तस्वीर प्रस्तुत करता है. संकरी गलियां, कूड़े के ढेर, टूटी सड़क, सड़क पर बहता घर और नाली का पानी और पीने के साफ़ पानी की कमी इन इलाकों की आम बात होती है. यहां के लोग न केवल गरीबी बल्कि जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं से भी वंचित होते हैं. इनकी मुख्य समस्या यह है कि इन बस्तियों में साफ-सफाई का पूरी तरह से अभाव होता है. उचित अपशिष्ट प्रबंधन की कमी के कारण यहां बीमारियां आम हैं, खासकर यहां के बच्चे, किशोरियां और बुजुर्गों इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं जयपुर में ऐसी ही एक स्लम बस्ती रावण मंडी है. राज्य सचिवालय से करीब 12 किमी दूर स्थित इस बस्ती में 40 से 50 झुग्गियां आबाद है. जिसमें लगभग 300 लोग रहते हैं. इस स्लम बस्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों की बहुलता है. जिसमें जोगी, कालबेलिया और मिरासी समुदाय प्रमुख रूप से शामिल है. प्रति वर्ष विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन के लिए यहां 3 फ़ीट से लेकर 30 फ़ीट तक के रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले तैयार किए जाते हैं. जिसे खरीदने के लिए जयपुर के बाहर से भी लोग आते हैं. इसी कारण इस बस्ती को रावण मंडी के रूप में पहचान मिली है. विजयदशमी में पुतले तैयार करने के अलावा साल के अन्य दिनों में यहां के निवासी आजीविका के लिए रद्दी बेचने, बांस से बनाये गए सामान अथवा दिहाड़ी मज़दूरी का काम करते हैं. शहर में आबाद होने के बावजूद इस बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है. इनमें स्वास्थ्य और शिक्षा भी एक बड़ा मुद्दा है. यहां महिलाओं और बच्चों में स्वास्थ्य और पोषण की कमी बहुत अधिक देखने को मिलती है. आर्थिक कमी के कारण उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता है. जिसके कारण यहां की अधिकतर महिलाएं विशेषकर गर्भवती महिलाएं और नवजात बच्चे कुपोषण का शिकार नज़र आते हैं तो वहीं अन्य लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों का शिकार हैं. किसी प्रकार का पहचान पत्र नहीं होने के कारण बीमारी के दौरान इन्हें पूरी तरह से स्वास्थ्य सुविधाएं भी नहीं मिल पाती है. इस संबंध में बस्ती की 38 वर्षीय शांति देवी बताती हैं कि उनका परिवार कालबेलिया समुदाय से हैं. जिसे घुमंतू और खानाबदोश जनजाति के रूप चिन्हित किया जाता है. घुमंतू होने के कारण उनका कोई स्थाई ठिकाना नहीं होता था. ऐसे में उन लोगों का कभी कोई प्रमाण पत्र नहीं बन सका है. हालांकि अब वह लोग पिछले 8 वर्षों से रावण मंडी में रह रहे हैं. इसके बावजूद अब तक उनका या उनके परिवार में किसी का स्थाई निवास प्रमाण पत्र नहीं बन सका है. इसके कारण सरकारी अस्पताल में उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल पाती है. जब वह अस्पताल जाती हैं तो उन्हें यह कह कर लौटा दिया जाता है कि उनका कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है. ऐसे में उन्हें निजी अस्पताल में जाने को कहा जाता है. जहां इलाज काफी महंगा होता है. ऐसे में अक्सर वह लोग बस्ती में आने वाले डॉक्टर से देसी इलाज कराते हैं. हालांकि उन्हें नहीं पता कि उसके पास डॉक्टर की मान्यता प्राप्त डिग्री है भी या नहीं? वहीं 42 वर्षीय राजा राम जोगी कहते हैं कि इस बस्ती में पीने का साफ़ पानी उपलब्ध नहीं है. पास में एक सरकारी नल से पानी भरते हैं लेकिन अक्सर उन्हें वहां से पानी नहीं मिल पाता है. ऐसे में बस्ती के कुछ परिवार आपस में चंदा इकठ्ठा करके प्रति सप्ताह पानी का टैंकर मंगवाते हैं ताकि परिवार को पीने का साफ़ पानी मिल सके. लेकिन पानी ख़त्म होने पर वह लोग गंदा पानी पीने को मजबूर होते हैं. स्वच्छ पेयजल की कमी का सीधा नकारात्मक प्रभाव इन लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है. अधिकांश लोग गंदे और दूषित पानी पर निर्भर हैं, जिसके कारण इस बस्ती में पानी से होने वाली बीमारियां आम हैं. मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के करीब आबाद इस स्लम बस्ती में स्कूलों की कमी और गरीबी के कारण बच्चे बाल मज़दूरी पर विवश हैं. 26 वर्षीय नूतन कहती है कि हमारी बस्ती में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है जहां हमारे बच्चों को शिक्षा के साथ साथ पौष्टिक भोजन भी मिल सके. सबसे नज़दीक आंगनबाड़ी मुख्य सड़क से दूसरी ओर है जहां जाने के लिए बच्चों को तेज़ रफ़्तार आती जाती गाड़ियों से होकर गुज़रना होगा जो किसी प्रकार संभव नहीं है. हालांकि इस आंगनबाड़ी में काम करने वाली कार्यकर्ता समय पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने आती हैं. लेकिन यहां के तमाम बच्चे आज भी शिक्षा से वंचित हैं, इन बच्चों को बहुत कम उम्र में ही काम पर लगा दिया जाता है. नूतन बताती है कि कुछ वर्ष पूर्व एक किशोरी स्वैच्छिक रूप से इस बस्ती के छोटे बच्चों को पढ़ाने आया करती थी. जिससे यहां के बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह जगा था. लेकिन पिछले कुछ माह से अब वह किशोरी यहां नहीं आती है. जिससे बच्चों की पढ़ाई फिर से ठप्प हो गई है. इसी बस्ती में रहने वाला एक सोलह वर्षीय किशोर दिनेश और 18 वर्षीय उसकी बहन लक्ष्मी अपने माता-पिता के साथ काम पर जाते हैं. समय पर अच्छा भोजन न मिलने के कारण दोनों भाई बहन कुपोषण का शिकार हो चुके हैं. दिनेश के जोड़ों में हर समय दर्द रहता है और वह शारीरिक रूप से भी बहुत कमजोर हो गया है. वह एक ही समय में कई बीमारियों से ग्रस्त है. केवल दिनेश और लक्ष्मी ही नहीं, बल्कि यहां के लगभग सभी किशोरों की यही स्थिति है. इस बस्ती की कुछ किशोरियां बताती हैं कि उनकी सबसे बड़ी समस्या पानी की कमी है. जिसके कारण वह लोग अक्सर तीन दिन में एक बार नहाती हैं. जिसके कारण वह साफ-सफाई का ध्यान नहीं रख पाती हैं. माहवारी के दिनों में पानी की कमी उनके लिए बहुत कष्टदायक हो जाती है. जिसके कारण वह स्वास्थ्य संबंधी कई बीमारियों का सामना करती हैं. स्वच्छता का अभाव रावण मंडी में साफ़ नज़र आता है. यहां के लोग अपने आस-पास फैली गंदगी और दुर्गंध के बीच रहने को मजबूर हैं. उनके पास शौच की सुविधा भी नहीं है. यहां महिलाएं और पुरुष सभी शौच के लिए बाहर जाते हैं. बस्ती के 55 वर्षीय तोता राम कालबेलिया बताते हैं कि वह स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर में शौचालय नहीं बना सकते हैं क्योंकि जहां वे रहते हैं वह जमीन उनकी नहीं बल्कि सरकार की है. जहां से उन्हें कभी भी बेदखल किया जा सकता है. वह बताते हैं कि विजयदशमी के समय यहां पुतले खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं. लेकिन इसके बावजूद कोई हमारी सुध नहीं लेता है. जबकि हमारी समस्याओं को केवल इस बस्ती के निवासी की नहीं हैं, बल्कि इसे पूरे समाज की समस्या मानकर इसके समाधान पर विचार किया जाना चाहिए. यहां भी पीने का साफ़ पानी, साफ़-सफाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि इस बस्ती के लोग भी स्वस्थ और रोगमुक्त जीवन जी सकें. बच्चे कमाने की जगह शिक्षा प्राप्त कर सकें और समाज के विकास में अपना भी योगदान दे सकें. हमारे देश की एक बड़ी आबादी आज भी ऐसी है जो शहरों और महानगरों में आबाद तो है, लेकिन वहां पर शहर के अन्य इलाकों की तरह सभी प्रकार की की सुविधाओं का अभाव होता है. शहरी क्षेत्रों में ऐसे इलाके ही स्लम बस्ती कहलाते हैं. इन बस्तियों में अधिकतर आर्थिक रूप से बेहद कमजोर तबका निवास करता है. जो रोजी रोटी की तलाश में गांव से शहर की ओर पलायन करता है. इनमें रहने वाले ज्यादातर परिवार दैनिक मजदूरी के रूप में जीवन यापन करते हैं. सरकार और स्थानीय प्रशासन इन क्षेत्रों के विकास के लिए कई योजनाएं संचालित तो करती हैं सरकार के साथ साथ गैर-सरकारी संगठन और आम जनता भी यहां की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर इस बस्ती में समय समय पर लोगों के स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मोबाइल हेल्थ क्लीनिक का संचालन किया जा सकता है. साथ ही सामुदायिक पहल कर आंगनबाड़ी और शिक्षा केंद्रों की स्थापना की जा सकती है. इसके अतिरिक्त पानी और स्वच्छता पर काम करने वाली संस्थाएं यहां के लोगों के लिए सामुदायिक शौचालय और छोटे स्तर पर जल संयंत्र का निर्माण कर सकती है. वास्तव में देखा जाए तो रावण मंडी और उसके जैसी अन्य स्लम बस्तियां केवल सरकारी सहायता पर निर्भर नहीं रह सकती, बल्कि सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से भी यहां के निवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं. ज़रूरत है इसे विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की, जिससे ये क्षेत्र भी शहर की पहचान बन सकता है. यदि सही दिशा में प्रयास किए जाएं तो रावण मंडी पर्यटन के एक केंद्र के रूप में उभर सकता है, जिससे बस्ती के निवासियों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं और जीवन जीने की उनकी सभी आवश्यक ज़रूरतें भी पूरी हो सकती हैं. वहीं झुग्गी पुनर्वास परियोजना के तहत इस बस्ती के लोगों के जीवन में भी बदलाव लाया जा सकता है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

## आज का राशिफल

गुरूवार 21 नवम्बर 2024

**मेष राशि** – आपके कार्यों की समाज में तारीफ होने से आपका रुतबा बढ़ेगा।व्यापार में इच्छानुकूल सफलता के योग हैं। कोई बड़े लाभ की उम्मीद है।पुराने निवेश से लाभ हो सकता है। पारिवारिक क्लेश रहेगा।

**वृषभ राशि** – सभी काम सिद्ध होंगे। व्यक्तिगत अथवा व्यापारिक कार्य से सुखद यात्रा होसकेगी। आर्थिक लाभ के अवसर आएंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा।आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मित्रों का साथ मिलेगा। उन्नति के अवसर है।

**मिथुन राशि** – क्रोध एवं उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। भाइयों से विवाद हो सकता है।रोजगार के क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंतादूर होगी। आर्थिक संकट दूर होगा स्वास्थ में सुधार होगा।

**कर्क राशि** – आत्मविश्वास से कार्य करने पर वांछित प्रगति के योग हैं। व्यापार मेंनई योजनाओं के प्रति संभावनाएं बन सकेंगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।भवन भूमि के मामले यथावत रहेंगे।

**सिंह राशि** – आपके गुणों एवंयोग्यताओं के कारण बिगड़े कामों में भी गति आ सकती है। नौकरी में प्रलोभनमें नहीं रहें। धार्मिक रुचि बढ़ेगी। यात्रा सुखमय रहेगी। विवाह बाधा दूरहोगी। आर्थिक लाभ हो सकता है।

**कन्या राशि** – धनकोष में वृद्धि होगी।अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलतफैसले ले सकते है। मन में कई दुविधाएं चल रही है। आध्यत्मिक बल से लाभहोगा।

**तुला राशि** – आज किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। कर्जसंबंधी मामले आसानी से निपटेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी।व्यापार के विस्तार के लिए प्रयास अधिक करने पड़ेंगे। परिजनों का साथमिलेगा।


**वृश्चिक राशि** – कार्य स्थिति में सुधार की संभावना है।सुसंगति से हर्ष होगा। खान-पान का ध्यान रखें। अधिकारी सहयोग करेंगे।पारिवारिक चिंता रह सकती है। आप के कार्य से अधिकारी प्रभावित होंगे। नौकरीमें बदलाव संभव है।

**धनु राशि** – पराक्रम व सुख-समृद्धि बढने् सेअनेक रुके काम पूरे होंगे। कार्य विस्तार होगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों सेसंबंध घनिष्ठ होंगे। भाइयों से विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है। अनजानेमें कोई बड़ी गलती हो सकती है, सतर्क रहें।

**मकर राशि** – सहयोग वअच्छे संबंधों के कारण लाभ होगा तथा उन्नति करेंगे। व्यापार-व्यवसाय अच्छाएवं उन्नत रहेगा। बुद्धिमानी से समस्याओं का समाधान होगा। प्रेम-प्रसंग सेदूर ही रहे, तो अच्छा होगा। मानसिक तनाव बढ़ सकता है।

**कुम्भ राशि** – जल्दबाजी ना करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आजीविकाके लिए किए गए प्रयास सफल नहीं हो पाएंगे। आर्थिक कष्ट रहेगा। संतान कीउन्नति में बाधा आ सकती है। दोस्तों का साथ मिलेगा।

**मीन राशि** – बुरी आदतों को हावी न होने दें। सुख में कमी आएगी। शत्रुओं द्वारा बाधाएंउत्पन्न की जा सकती हैं। पारिवारिक क्लेश होगा। व्यापार, नौकरी की चिंतारहेगी। भागदौड़ अधिक होने से थकान रहेगी।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# सोशल मीडिया के दौर में टेलीविजन की भूमिका



**बाल मुकुन्द ओझा**

संयुक्त राष्ट्र की ओर से हर साल 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है। निश्चय ही टेलीविज़न ने दुनियाभर के लोगों को जोड़ने, शिक्षित और जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सोशल मीडिया के युग में भी इसकी महत्ता कम नहीं हुई है। बदलते अत्यधुनिक दौर में पारंपरिक टीवी से लेकर स्मार्ट टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म तक का शानदार सफर हमें इस माध्यम की प्रासंगिकता और महत्व को समझने का मौका देता है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम इस शक्तिशाली माध्यम का सही उपयोग करें और इसे शिक्षा और जागरूकता का एक सशक्त स्रोत बनाएं। टेलीविज़न का आविष्कार सबसे पहले 1927 में फिलो टेलर फ़ार्नस्वर्थ ने किया था। उस समय किसी को भी नहीं पता था कि टेलीविजन वैश्विक सूचना के प्रसार को बढ़ावा देने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिवस का प्रतीक बन जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1996 में विश्व टेलीविजन दिवस की शुरुआत की थी। संयुक्त राष्ट्र ने पहला विश्व टेलीविजन फोरम 21 और 22 नवंबर 1996 को आयोजित किया था, जहां प्रमुख मीडिया हस्तियों ने संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में आज की बदलती दुनिया में टेलीविजन के बढ़ते महत्व पर चर्चा करने और इस बात पर विचार करने के लिए मुलाकात की कि वे अपने आपसी सहयोग को कैसे बढ़ा सकते हैं। इसीलिए महासभा ने 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस के रूप में घोषित करने का निर्णय लिया। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक टेलीविजन दुनिया में वैश्वीकरण और संचार के प्रतीक का प्रतिनिधित्व करता है। टेलीविजन ने लोगों का मनोरंजन करने के साथ- साथ परिवार को एक सूत्र में बांधे रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टेलीविजन से परिवार के लोग एक दूसरे के करीब आ गए। दुनिया भर में अभी भी ऐसे बहुत से देश हैं, जहां लोगों को एक- दूसरे से जुड़ने में कई बाधाएं आती हैं। संचार में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए ही यह दिवस मनाया जाने लगा। टेलीविजन सूचना और शिक्षा का सशक्त माध्यम है। यह लोगों की निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। दुनिया में हो रहे विकास के साथ संघर्षों से लोगों को अवगत करता है। है। टेलीविजन अपने प्रारम्भ काल से से ही आम लोगों के जीवन में शिक्षा और मनोरंजन का महत्वपूर्ण स्थान है। टेलीविजन के माध्यम से लोग कई सालो से शिक्षा, समाचार, राजनीति, मनोरंजन और गपशप का आनंद लेते आ रहे हैं। विश्व टेलीविजन दिवस मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से परे टेलीविजन के महत्व पर जोर देना है। टेलीविजन को सूचना, प्रणाली और जनमत को प्रभावित करने के लिए एक प्रमुख स्रोत के रूप में स्वीकार किया गया। टेलीविजन वर्तमान में संचार और वैश्वीकरण का प्रतिनिधित्व भी करता है। भारत में पहली बार 15 सितंबर 1959 को टेलीविजन लॉन्च किया गया था। उस समय टेलीविजन ने देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस दौरान टेलीविजन पर 'हम लोग, 'बुनियाद, 'रामायण' और 'महाभारत जैसे लोकप्रिय शो आते थे, जिन्हें देखने के लिए टीवी के सामने लोगों की भीड़ इकट्ठा हो जाया करती थी। हमारे देश में टेलीविजन को हिंदी भाषा को जन जन तक पहुँचाने । श्रेय दिया जा सकता है। आजादी के बाद प्रगति और विकास का सजीव माध्यम बना टेलीविजन । बड़े बड़े नेता और महत्वपूर्ण व्यक्ति अपनी बात टेलीविजन के माध्यम से देशवासियों के समक्ष रखते थे। प्रसारण का महत्वपूर्ण साधन होने से देश में इसकी महत्ता और स्वीकार्यता बढ़ी । मगर धीरे धीरे निजी क्षेत्र में प्रसारण माध्यम शुरू हुए। निजी चैनलों से चौबीसों घंटे समाचार और मनोरंजन की सामग्री प्रसारित होने लगी। टेलीविज़न ने देश में आमजन को एक दूसरे से जोड़ने के लिए शिक्षा और मनोरंजन के साधन के रूप में विकसित किया वहीं न्यूज चैनलों पर घृणा और नफरत की मारकाट मची है। जब से टीवी न्यूज चैनलों ने हमारी जिंदगी में दखल दिया है तब से हम एक दूसरे के दोस्त कम दुश्मन अधिक बन रहे है। समाज में भाईचारे के स्थान पर घृणा का वातावरण ज्यादा व्याप्त हो रहा है।प्रिंट मीडिया आज भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहा है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर हो रही बहस घृणास्पद और निम्नस्तरीय है। ऋषि मुनियों की इस पावन धरा को घृणा के विष बीज से मुक्ति नहीं मिली तो भारत को पतन के मार्ग पर जाने से कोई भी ताकत नहीं रोक पायेगी। न्यूज चैनलों पर विभिन्न सियासी दलों के प्रतिनिधि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते है उन्हें देखकर लगता नहीं है की यह गाँधी, सुभाष, नेहरू, लोहिया और अटलजी का देश है। देश की सर्वोच्च अदालत कई बार इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियामकीय नियंत्रण की कमी पर अफसोस ज़ाहिर कर चुकी है । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नफरत फैलाने वाली बातें एक 'बड़ा खतरा हैं और भारत में स्वतंत्र एवं संतुलित प्रेस की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि एंकरों और न्यूज़ चैनल के प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई हो तो सब लाइन पर आ जाएंगे।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

### थप्पड़ कांड प्रकरण में गिरफ्तार लोगों से मिलने जेल पहुंचे किरोडीलाल मीणा

# समरावता गांव की घटना दुखद है : किरोडीलाल मीणा

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** देवली-उनियारा उप-चुनाव के दिन ग्राम समरावता में घटित घटना में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा सहित अन्य लोगों से मिलने बुधवार को कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा कारागृह टोंक पहुंचे। इस मौके पर उन्होने कहा कि समरावता गांव की घटना दुखद है, इस मामले में राज्य सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है, साथ ही किसी भी निर्दोष व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस घटना में ग्रामीणों का जो भी नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। वहीं कृषि मंत्री ने मीणा ने समरावता मामले में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट सहित अन्य विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा की जा रही बयानबाजी मामले में जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि वह सडक़ पर तो आए नहीं सिर्फ बैठे-बैठे बयानबाजी करके अपना विपक्ष का धर्म निभा रहे है। राज्य के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने बुधवार को टोंक जिला कारागृह में बन्द समरावता गांव के बंदियों से टोंक पहुंचकर जेल में मुलाकात की, जहां निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा सहित अन्य बंदियों से मिलने के बाद मीडिया से रूबरू होकर कहा कि सबने जेल प्रशासन की प्रशंसा की है, चाहे खान-पान की हो या रहने की। मंत्री मीणा ने कहा किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए, साथ ही कोई भी हो किसी निर्दोष को झूंठे मुकदमों में नहीं फंसाया जाए। कृषि मंत्री मीणा ने कहा कि अब तक जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनको अदालत से जमानत के जरिए छुड़वाने का प्रयास किया जाएगा, साथ ही प्रशासन की तरफ से अब किसी को अनावश्यक परेशान नहीं किया जाएगा।




वहीं उन्होंने जिले की देवली-उनियारा विधानसभा के उप-चुनाव में मतदान के दिन निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा की तरफ से एरिया मजिस्ट्रेट एस. डी. एम. मालपुरा अमित चौधरी के थप्पड़ जडऩे की घटना के बाद हुए उपद्रव मामले में कहा कि रात को हुई कार्यवाही जल्दबाजी में हुई है। उन्होने कहा कि समरावता कांड की जांच संभागीय आयुक्त द्वारा करवाई जा रही है। उन्होने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के न्यायिक जांच करवाने के लिए दिए बयान मामले में पिछली कांग्रेस सरकार को कृषि मंत्री किरोड़ी लाल ने कोसा। जिन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस की सरकार में भी कई कांड हुए थे, मेरी गाड़ी को भी तोड़ा गया था, लेकिन न तो कोई मुआवजा मिला, न ही कोई जांच हुई, गहलोत की सरकार में भी न्यायिक जांचे हुई, लेकिन सब दफन हो गई।

किरोड़ी लाल मीणा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यदि वह चाहते है तो न्यायिक जांच भी करा लेंगे।

### आबकारी पुलिस ने 6200 लीटर उत्तेजित वाश नष्ट की,

## 10 चालू भट्टियां तोड़ी, 55 लीटर हथकढ़ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** आबकारी आयुक्त द्वारा संचालित विशेष अभियान की पालना में कार्यवाही करते हुए आबकारी थाना पुलिस ने बुधवार दिनांक 20 नवंबर को जोगेंद्र सिह राजावत सहायक आबकारी अधिकारी जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में पीओ चाकसू के क्षेत्र में संयुक्त रेड गश्त के दौरान दबिश देकर कार्रवाई करते हुए अचलपुरा, काशीपुरा, देवगांव, बागरिया ,सीतारामपुरा और ढूंड नदी इलाका में हथकड शराब के विरुद्ध जयपुर ग्रामीण की टीम की संयुक्त कार्यवाही में रेवत सिह राठौड़ शाहपुरा,महिपाल सिह पीओ चाकसू के साथ कार्यवाही के दौरान एक अभियोग दर्ज कर अभियुक्त शंकर लाल मीणा पुत्र मदन लाल निवासी सीतारामपुरा पीएस शिवदासपुरा को गिरफ्तार कर करीब 55 लिटर हथकड़ शराब एक मोर्टर साइकिल जब्त की गई और क़रीब 6200 लीटर उत्तेजित वाश,10 भट्टियां व शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गये। आबकारी पुलिस की कार्रवाई से हथकढ़ शराब माफिया में हड़कंप मच गया।



## पेंशनर्स के जीवित प्रमाण पत्र अब डाकघर में भी बनवाए जा सकेंगे

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** पेंशनर्स के लिए जीवित प्रमाण पत्र देने के लिए अब बैंक या किसी दूसरे विभाग में जाने की जरुरी नहीं होगी। अब पेंशनर्स अपने पास के डाकघर में या ग्रामीण डाक सेवक के जरिए डिजीटल लाफ सर्टिफिकेट जारी करवा सकते है। इसके लिए पेंशनर्स को 70 रूपए देना होगा। इसके बाद जीवित प्रमाण पत्र संबंधित विभाग में आनलाइन भेजा जाएगा। डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने केंद्र सरकार के पेंशन भोगी कल्याण विभाग के साथ करार किया है।

## राइज़िंग राजस्थान 2024 में दत्ता इंफ्रा ने रिन्यूएबल एनर्जी के लिए 5000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** दत्ता पावर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने आज प्रतिष्ठित राइज़िंग राजस्थान 2024 कार्यक्रम में राजस्थान के रिन्यूएबल एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर में 5000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।राज्य में स्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित, दत्ता इंफ्रा का नेतृत्व वर्चस्वी गगल कर रहे हैं, जो एक युवा और डायनैमिक सीईओ और प्रबंध निदेशक हैं। वे राजस्थान के मूल निवासी हैं और इन्होंने देश भर में नए मानक स्थापित किए हैं। आज के ऐतिहासिक अवसर पर, गगल ने कहा, दत्ता इंफ्रा में, हम केवल रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश नहीं कर रहे हैं।

हम राजस्थान और भारत के लिए एक स्थायी भविष्य में निवेश कर रहे हैं। राइज़िंग राजस्थान 2024 के तहत हमारा 5000 करोड़ रुपये का एमओयू पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा का उत्पादन करने में नए-नए आविष्कारों को बढ़ावा देने और पर्यावरण का संरक्षण करते हुए लोगों को सशक्त बनाने वाले अवसर पैदा करने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।दत्ता इंफ्रा राजस्थान को रिन्यूएबल एनर्जी के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत कंपनी बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, नागौर, प्रतापगढ़ और जोधपुर जिलों में सौर, पवन और हाइब्रिड बिजली परियोजनाएं लगाएगी। इन परियोजनाओं में 5000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। दत्ता इंफ्रा कुसुम योजना के तहत राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटी [एसटीयू] से जुड़े 1000MW क्षमता के प्रोजेक्ट विकसित करेगी।




इससे इस क्षेत्र में 500 से 750 लोगों को नौकरियां मिलने की उम्मीद है।दत्ता पावर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के सीएफओ राजीव कुमार बंसल ने कहा, दत्ता पावर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान की पवन, सौर और पवन-सौर हाइब्रिड परियोजनाओं में 5000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की है। हम भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। यह रणनीतिक निवेश अगले पांच वर्षों में हमारे रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की हमारी दीर्घकालिक विकास योजनाओं के अनुरूप है। राजस्थान राइजिंग समिट में इस एमओयू पर हस्ताक्षर करके, हम न केवल सस्टेनेबल एनर्जी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता मजबूत कर रहे हैं, बल्कि नए व्यावसायिक अवसरों और स्थानीय स्तर पर रोजगार लाने के द्वार भी खोल रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 के अंत तक कंपनी की रेवेन्यू ग्रोथ 15-20 प्रतिशत के आसपास रहेगी। इससे रीजनल अर्थव्यवस्था और कंपनी के मुनाफे दोनों पर एक मजबूत सकारात्मक प्रभाव की संभावना है। यह परियोजना रिन्यूएबल एनर्जी में अग्रणी बनने और देश के ऊर्जा परिवर्तन में योगदान देने के दत्ता पावर के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### जापान में देवनानी का सिंधी समुदाय द्वारा सम्मान

## विश्व बंधुत्व को बढ़ावा दे रहा है सिंधी समाज : देवनानी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का बुधवार को जापान के टोक्यो में सिंधी समाज ?द्वारा सम्मान किया गया। टोक्यों में आयोजित एक भव्य समारोह में देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज पुरुषार्थी समाज है। सिंधी समाज के लोगों ने पूरे विश्व और भारत राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दिया है। सिंधी समाज के लोगों ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और निष्ठा से संसार के विभिन्न देशों में भारत का परचम लहराया है। विदेशों में भी अपनी मेहनत के बल पर सिंधी समाज ने विशिष्ट पहचान बनाई है। देवनानी ने कहा कि सिंधी भाषा का साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध है। समारोह में भारतीय मूल और जापान के अनेक गणमान्य नागरिकगण की मौजूदगी में देवनानी ने कहा कि विश्व में अनेक देशों में भारत के लोगों ने अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। विभिन्न राष्ट्रों में भारतीय विश्व बंधुत्व की भावना से कार्य कर रहे है। अपने-अपने क्षेत्रों में विशेषज्ञ भारतीयों ने अनेक राष्ट्रों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करके राष्ट्र का मान बढाया है। देवनानी को टोक्यो में रह रहे सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि समाज के लोग जापान के विभिन्न क्षेत्रो में सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। समाज द्वारा टोक्यो में झूलेलाल मंदिर का निर्माण भी कराया जा रहा है।



## रमक झमक में तीन दिवसीय भैरव अष्टमी महोत्सव

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** रमक झमक स्थित भैरव दरबार में तीन दिवसीय भैरव अष्टमी महोत्सव आज गुरुवार से शनिवार तक मनाया जाएगा।

रमक झमक के अध्यक्ष प्रहलाद ओझा भैरुं ने बताया कि तीन दिवसीय भैरव अष्टमी महोत्सव के दौरान भैरवनाथ का केशु अर्क, गुलाबजल,पंच पुष्प अर्क,पंचामृत,तिल के तेल से अभिषेक, पुष्प,बादाम,लौंग,व इलायची से अर्चन होगा।भैरव शतनाम स्तोत्र पाठ,पूजन, श्रृंगार, दीपमाला व आरती होगी तथा भैरव भजन चालीसा व स्तुति का गायन होगा। महोत्सव के दौरान भैरव यज्ञ होगा जिसमें भैरव नाथ के मूल मंत्र एवं शतनामावली से आहुतियां दी जाएगी।महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को सुबह होगा। महोत्सव के दौरान भैरव साधक व सन्तो द्वारा भैरव महिमा बताई जाएगी।

### पीड़िताओं को राहत दिलाने के लिए तत्पर

# राज्य महिला आयोग सामाजिक समरसता एवं पारिवारिक संबंधों को प्रगाढ़ करने का कार्य करता है : रेहाना चिश्ती

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पीड़ित महिलाओं को उनके घर के नजदीक न्याय दिलाने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री) रेहाना रियाज चिश्ती ने बुधवार को सर्किट हाउस सवाई माधोपुर में जनसुनवाई की। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि राज्य की महिलाओं को अपनी समस्याओं एवं पीड़ाओं के निदान हेतु अनावश्यक आर्थिक परेशानी न हो उनका समय बचे इस उद्देश्य से आयोग ने स्वयं सवाई माधोपुर आकर उनकी समस्याओं को सुना एवं जिन समस्याओं का मौके पर निराकरण हो सकता था उनका निराकरण करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि आयोग ने यहां 35 प्रकरणों की सुनवाई की है। जिसमें घरेलु हिंसा, मारपीट, बिजली के बिल, राशन कार्ड में नाम दर्ज करवाने, बच्चों से नहीं मिलने देने, पति द्वारा त्याग दिए जाने जैसे प्रकरण सामने आए है जिनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारी को दिए है। उन्होंने कहा कि जिलों में जाकर आयोग का जनसुनवाई करने से अधिकतर प्रकरणों का तत्काल ही मौके पर निराकरण संबंधित विभागीय अधिकारियों के जनसुनवाई में उपस्थित होने के कारण हो जाता है। उन्होंने कहा कि आयोग ने उनके कार्यकाल में अब तक करीब 10 हजार प्रकरणों की सुनवाई की है जिसमें करीब 8 हजार प्रकरणों का अब तक निस्तारण कर दिया गया है। उन्होंने पीड़ित महिलाओं से कहा है कि वे बिना किसी भय-संशय के निर्भीक होकर आयोग के सामने अपनी पीड़ा एवं समस्याओं को रखेंगी तो आयोग पीड़िताओं को राहत दिलाने के लिए तत्परता से कार्य कर उनके जीवन को सुखद एवं आनंदमय बनाने में आयोग उनका सहयोग करेगा।




उन्होंने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोबाइल एवं सोशल मीडिया का उपयोग पारिवारिक संबंध विच्छेद कराने में अति महत्वपूर्ण कारण वर्तमान में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया सकारात्मक वातावरण बनाने में अपनी भूमिका अदा करें न की पारिवारिक संबंधों को खराब करने में। वहीं उन्होंने मोबाइल फोन का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से करने की हिदायत भी सभी को दी है। उन्होंने बताया कि महिला आयोग सामाजिक समरसता एवं पारिवारिक संबंधों को प्रगाढ़ करने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि आयोग किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने देता है, कोई भी निर्णय एक तरफा नहीं लेता है पूरी जांच एवं पारदर्शिता तथा दूसरे पक्ष को समान रूप से सुनकर ही अपना निर्णय लेता है। इस दौरान राज्य महिला आयोग सदस्य सुमित्रा जैन, अंजना मेघवाल, रजिस्ट्रार सह-विशेषाधिकारी बृज माधुरी शर्मा, सदस्य सचिव राज्य महिला आयोग विरेन्द्र सिंह यादव, एसडीएम सवाई माधोपुर अनूप सिंह, उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग अमित गुप्ता, जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राजकीय किशोर गृह का न्यायाधीश ने किया औचक निरीक्षण

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश दिनेश कुमार जलुथरिया द्वारा राजकीय किशोर गृह व पालना गृह टोंक का औचक निरीक्षण किया गया। दौराने निरीक्षण बाल गृह में कोई बालक अथवा बालिका नहीं पाए गए एवं शिशु गृह टोंक में दो माह की बालिका पाई गई, जिसकी उचित देख-रेख के लिए उपस्थित केयरटेकर विष्णु एवं आया को मौसमानुकूल कपड़े पहनाने हेतु निर्देशित किया गया। न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान संधारित किए जाने वाले रजिस्टरों आदि को जाँचा गया एवं चाईल्ड हेल्प लाईन के प्रचार के संबंध में जानकारी ली गई। राजकीय किशोर गृह टोंक में भवन की स्थिति, भवन की साफ-सफाई, मनोविज्ञानी व स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश निरीक्षण के दौरान दिये गये।



#### राजस्थान - केरल अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच

### राजस्थान के गेंदबाजो ने केरल को पहली पारी में सस्ते में आउट किया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में आज से जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता कूच बिहार ट्रॉफी के राजस्थान -केरल मैच के पहले दिन राजस्थान के गेंदबाज गुलाब सिंह , आभास श्रीमाली , जतिन व निर्मल की शानदार गेंदबाजी की सहायता से राजस्थान ने केरल को पहली पारी में सस्ते में आउट किया। आज टॉस जीतकर राजस्थान ने केरल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। केरल पहली पारी = 148 आल आउट राजस्थान के गेंदबाज गुलाब सिंह 57 / 4 , आभास श्रीमाली 17 / 3 , जतिन 34 / 2 व निर्मल बिश्नोई 28 / 1 विकेट प्राप्त करते हुए केरल को पहली पारी में मात्र 148 रनो के स्कोर पर आल आउट कर दिया। राजस्थान पहली पारी = 72 / 2 पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने पहली पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 72 रन बना लिए थे। टीम के लिए पार्थ यादव नाबाद 37 व आकाश मुंडेल नाबाद 17 रन बनाकर खेल रहे हैं। मनय कटारिया 18 रनो का योगदान दिया।

### यूरिया में जितना मोटा दाना उतना अधिक उपयोगी :सोलंकी

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने जिले के किसानों को सलाह दी है कि जिले में अधिकांशत~ छोटे दाने वाले (प्रिल्ड) यूरिया की आपूर्ति हो रही है तथा कुछ स्थानों पर दानेदार (मोटे दाने वाला) यूरिया भी आने लगा है, दोनों में ही 46 प्रतिशत नत्रजन होती है। परम्परागत छोटे दाने वाला प्रिल्ड यूरिया जल्दी पानी में घुल जाता है जिससे अधिक वर्षा या सिंचाई के कारण घुलकर पौधों की जड़ों से नीचे चला जाता है, जो पौधो के लिए उपलब्ध नही हो पाता एवं भूमि जल को प्रदूषित करता है या गैस बनकर उड़ जाता है, जिसके कारण इसकी उपयोग दक्षता कम हो जाती है, अर्थात जो यूरिया खेत में दिया है, उसका पौधो द्वारा उपयोग कम होता है। संयुक्त निदेशक कृषि सोलंकी ने बताया कि यूरिया की उपयोग क्षमता बढाने हेतु करने के लिए दानेदार मोटे दाना वालाद्ध यूरिया बनाया गया है, जो पौधे की आवश्यकता के अनुसार धीरे-धीरे घुलता है तथा पौधों को लम्बे समय तक नत्रजन उपलब्ध कराता है, जिससे पानी में घुलकर पौधों की जडो के नीचे जाने एवं गैस बनकर उडऩे से कम नुकसान होने के कारण अधिक उपयोगी एवं लाभदायक है, इसकी उत्पादन लागत सामान्य यूरिया से अधिक होने के उपरान्त भी इसके लाभ को देखते हुए इसके प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। सोलंकी ने बताया कि हाल ही में गन्धक लेपित यूरिया बनाया गया है, जिसमें धीरे घुलने के लिए इसके दानो पर गन्धक की परत चढाई जाती है तथा इसकी उपयोग दक्षता सबसे अधिक है, इसमें 37 प्रतिशत नत्रजन के साथ-साथ 17 प्रतिशत गन्धक होती है, जिसके कारण यह लम्बे समय तक पौधों को नत्रजन एवं गन्धक उपलब्ध कराकर फसल के उत्पादन में अधिक बढ़ोतरी करता है। अत~ सभी कृषकों सलाह दी जाती है कि मोटे-दाने वाला यूरिया आपके क्षेत्र में उपलब्ध हो तो इसके उपयोग को प्राथमिकता दे एवं सल्फर लेपित यूरिया के प्रयोग को प्राथमिकता दे। सभी यूरिया की दर समान है तथा छोटे दाने वाले प्रिल्ड एवं दानेदार यूरिया दोनों ही 45 किलोग्राम की पैंकिग में जबकि गन्धक लेपित यूरिया 40 किलोग्राम की पैकिंग में बाजार में उर्वरक विक्रेताओं के पास उपलब्ध है।



#### राष्ट्रीय लोक अदालत 22 दिसम्बर को,

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने जिले के सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ किया मीटिंग का आयोजन

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में बुधवार को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जिले के सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बताया कि माननीय कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार समस्त अधीनस्थ न्यायालयों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं तालुका विधिक सेवा समितियो पर आयोजित होने वाली इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 14 दिसम्बर के स्थान पर 22 दिसम्बर को किया जाना प्रस्तावित है। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा मीटिंग में उपस्थित सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 22 दिसम्बर, 2024 में विभिन्न न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य एवं प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों के आपसी समझाइश एवं राजीनामा के माध्यम से निस्तारण हेतु उन्हें अधिकाधिक राष्ट्रीय लोक अदालत में रैफर करवाने के लिए निर्देश प्रदान किए गए।



#### सवाई माधोपुर निवासी काली देवी की प्रेरणादायक कहानी,

### डॉक्टर गणपत वर्मा की कुशलता,अनुभव व समर्पण ने बदला काली देवी का जीवन

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सवाई माधोपुर की 25 वर्षीय काली देवी पिछले 5-7 वर्षों से एवीएन (एवस्कुलर नेक्रोसिस) की समस्या के कारण कूल्हे के जोड़ के जाम होने से लंगड़ा कर चलने पर मजबूर थीं। इस बीमारी ने उनके जीवन को बहुत कठिन बना दिया था। कई डॉक्टरों ने उन्हें कूल्हे के जोड़ का प्रत्यारोपण कराने की सलाह दी। **सर्जरी और फिजियोथेरेपी का सफर**- काली देवी ने जयपुर में हिप प्रत्यारोपण सर्जरी करवाई। सर्जरी के बाद उन्हें डॉक्टरों ने नियमित फिजियोथेरेपी लेने की सलाह दी। इसके बाद वे सवाई माधोपुर के राधास्वामी फिजियोथेरेपी सेंटर में डॉ. गणपतलाल वर्मा के पास आईं। **डॉ. गणपतलाल वर्मा की मेहनत और लगन**- डॉ. वर्मा की कुशलता, अनुभव और समर्पण ने काली देवी की जिंदगी को पूरी तरह से बदल दिया। **उनकी फिजियोथेरेपी और देखभाल की बदौलत~** काली देवी अब बिना दर्द और परेशानी के चल-फिर सकती हैं। वे आसानी से सीढ़ियां चढ़-उतर सकती हैं। सभी प्रकार की दैनिक गतिविधियां बिना किसी समस्या के कर रही हैं।

### बूंदी महोत्सव आयोजन की कड़ी में जुडी नौकायान और 15 किमी की जंगल सफारी की गतिविधियां

## जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया बोटिंग और जंगल सफारी का शुभारंभ

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** बूंदी महोत्सव के दौरान देशी विदेशी सैलानियों और शहर वासियों के लिए जैतसागर झील में बोटिंग शुरू की गई है। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को नौका विहार कर इस सुविधा का शुभारंभ किया। बूंदी शहर में अब देशी विदेशी पर्यटक जैतसागर झील की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले सकेंगे और वोटिंग का भी लुफ्त उठा पाएंगे। बूंदी शहर की जैतसागर झील में पहली बार बोटिंग की सुविधा शुरू की गई है। इस दौरान फ्रांस, इजरायल और जर्मनी से बूंदी घूमने आए विदेशी सैलानियों ने भी पहली बार शुरू हुई बोटिंग का लुत्फ उठाया। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि शहर में आने वाले पर्यटक झील को देखने के साथ-साथ नौकायन का भी लुत्फ उठाएंगे वही जंगल सफारी में आने वाले पर्यटक झील का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में बूंदी को आगे बढ़ाने की दृष्टि से इस क्षेत्र में जिप लाइन स्थापित करने सहित अन्य गतिविधियों के प्रस्ताव भी लिए गए हैं, जिनके शामिल होने से पर्यटन तेजी से बढेगा। जिला कलक्टर ने कहा कि जैतसागर चारों ओर से पहाड़ियों से घिरा होने से झील का प्राकृतिक सौंदर्य सबको आकर्षित करता है। बूंदी महोत्सव के दौरान देशी विदेशी पर्यटकों तथा आमजन के लिए बोटिंग सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में झील के पूरे क्षेत्र को साफ कर बोटिंग का एरिया बढ़ाया जाएगा। मशीन के माध्यम से झील से कमल जडों को साफ करवाने का कार्य करवाया जाएगा। झील में नौकायन शुरू होने से बूंदी में पर्यटकों के ठहराव की अवधि बढेगी और पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा। **15 किलोमीटर की जंगल सफारी का नया रूट हुआ शुरू** महोत्सव के तहत आयोजित गतिविधियों के तहत रामगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में नए रूट की शुरुआत की गई है। जिला कलेक्टर ने 15 किलोमीटर के रूट का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले बूंदी उत्सव में देशी विदेशी सैलानियों का पूरा एक दिन जंगल सफारी के नाम रहेगा। उन्होंने कहा कि वन विभाग की ओर से इस कार्य पर काफी मेहनत की गई , जो सराहनीय है। जंगल सफारी के नए रूट पर सैलानी सूरज छतरी, शिकार बुर्ज, प्राकृतिक ऐतिहासिक विरासत और वन्य जीव का अवलोकन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जंगल सफारी को ठीकरदा तालाब तक बढ़ाने की कार्य योजना तैयारी की जा रही है।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने सूरज छतरी और शिकार बुर्ज का अवलोकन किया। उन्होंने सूरज छतरी के जीर्णोद्धार के संबंध में वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा भी की। इस अवसर पर उपवन संरक्षक आरवीटीआर संजीव शर्मा ने बताया कि नौका विहार के लिए 225 रुपए प्रति व्यक्ति का शुल्क निर्धारित किया गया। उन्होंने बताया कि जंगल सफारी के नए रूट और बोटिंग सुविधा शुरू होने से यह क्षेत्र पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड़, रेंजर हेमंत, पुरूषोत?तम लाल पारीक, पूर्व वन्य जीव प्रतिपालक विठ्ठ्ल सनाढ्य, आनंद सनाढ्य, सर्वदमन शर्मा, युधिष्ठिर आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### इमेजिन फोटोजर्नलिस्ट सोसाइटी ने आरआईसी में आयोजित किया 10वां जयपुर फोटो जर्नलिज्म सेमिनार



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अगली पीढ़ी के फोटो जर्नलिस्टों को प्रेरित करने और शिक्षित करने के उद्देश्य से, इमेजिन फोटो जर्नलिस्ट सोसाइटी ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में 10वें जयपुर फोटो जर्नलिज्म सेमिनार का आयोजन किया। एक दिवसीय इस सेमिनार में फोटो जर्नलिज्म, मीडिया और राजनीति, आदि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लिया और जयपुर के विभिन्न संस्थानों से आए मीडिया स्टूडेंट्स के साथ फोटो जर्नलिज्म साक्षरता पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। सेमिनार में भाग लेने वाले प्रतिष्ठित पेशेवरों में वरिष्ठ मीडियाकर्मी रोहित परिहार, अंतर्राष्ट्रीय फोटो जर्नलिस्ट पुरुषोत्तम दिवाकर, बनस्थली विद्यापीठ की कुलपति प्रोफेसर ईना शास्त्री, लम्बी अहीर ग्राम की सरपंच सुनीरू यादव, आईओएम-यूएन माइग्रेशन के प्रमुख संजय अवस्थी, बनस्थली विश्वविद्यालय के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केंद्र के निदेशक अंशुमान शास्त्री, हिंदी कवि और अभिनेता रवि यादव, केयर्न ऑयल एंड गैस के महाप्रबंधक अयोध्या प्रसाद गौड़, वीणा म्यूजिक के निदेशक हेमजीत मालू, और एमिटी विश्वविद्यालय के डीन और पब्लिक रिलेशंस के निदेशक प्रोफेसर सचिन बत्रा शामिल थे। सेमिनार की शुरुआत में मुख्य अतिथि रोहित परिहार ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा किया। परिहार ने कहा कि

## मरू उड़ान का पांचवा ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम गडरारोड़ में आयोजित

### जिला कलक्टर टीना डाबी ने संवाद कार्यक्रम में लिया भाग

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर टीना डाबी बुधवार को गडरारोड़ के पंचायत समिति परिसर में आयोजित मरू उड़ान के पांचवे ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम में पहुंची। यहां उन्होंने महिलाओं से व्यक्तिगत संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें आश्वस्त किया। जिला कलक्टर टीना डाबी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महिला सशक्तीकरण की दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं। उनके विजन से प्रेरित होकर ही हमने यह मरू उड़ान कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने बताया कि मरू उड़ान कार्यक्रम के ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम के तहत ही गडरारोड़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरी एवं महिलाओं के साथ खुले एवं मैत्रीपूर्ण माहौल में स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल एवं आत्मविश्वास के अनुछए पहलुओं पर सामूहिक चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं, जिज्ञासा एवं संभव उपायों के बारे में बताना है। इसके साथ ही उनके कौशल को परखते हुए रोजगार के अवसर के बारे में परामर्श दिया गया है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आप हमारी ब्रांड एम्बेसडर हैं, जो आप यहां से सीख कर जा रही हैं, वह अपने आसपास और परिचितों को जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम मूलत: आपको मानसिक, शारीरिक, वित्तीय रूप से सशक्त करने के लिए ही आयोजित किया जा रहा है।

**बॉर्डर एरिया की महिलाओं की समस्याएं अलग, समाधान के करूंगी प्रयास** उन्होंने कहा कि यहां आकर पता चला कि बॉर्डर एरिया की महिलाओं की समस्याएं अलग हैं। आज जब महिलाओं से संवाद किया, तो उनसे रूबरू होने का अवसर मिला। मैं इनकी समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास करूंगी। इस कार्यक्रम में जिला कलक्टर टीना डाबी पहुंची और सभी सत्रों को अटेंड किया तथा महिलाओं से बातचीत की। **राजीविका के माध्यम से कशीदाकारी के प्रशिक्षण और मार्केटिंग के किए जाएंगे प्रयास** जिला कलक्टर ने बताया कि गडरारोड़ में उनको महिलाओं के कपड़ों की कशीदाकारी के कार्य के बारे में बताया है। इस पर राजीविका के माध्यम से कशीदाकारी के प्रशिक्षण के प्रयास किए जाएंगे और यहां की स्थानीय महिलाओं को उनके उत्पाद की सही कीमत मिल सके। इसके लिए मार्केटिंग के क्षेत्र में नई संभावनाएं तलाश की जाएंगी। **जिला कलक्टर को अपने बीच पाकर महिलाएं हुई खुश, किए अपने अनुभव साझा** इस संवाद कार्यक्रम में जिला कलक्टर टीना डाबी ने भी एक सामान्य महिला की तरह उनके बीच जाकर सेशन अटेंड किए। कलक्टर को अपने बीच पाकर यहां उपस्थित बालिकाएं और महिलाएं बहुत खुश हुई। जिला कलक्टर ने सहजतापूर्वक उनके करियर, कौशल और स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में चर्चा की। महिलाओं और बालिकाओं ने भी सहजतापूर्वक अपनी बात कही, इस पर कलक्टर ने उनकी पूरी बात ध्यान से सुनीं और उनकी बातों का जवाब दिया।



## जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ में हुई चमड़ी के कैंसर की सफल सर्जरी

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के लक्ष्मणगढ़ में जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ मे डॉ. सुनिल सर्राफ , कनिष्ठ विशेषज्ञ , सर्जरी की अगुवाई में स्किन कैंसर की सफल सर्जरी संपन्न हुई। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अटल भास्कर ने बताया की 45 वर्षीय पुरुष,गोपाल (बदला हुआ नाम),निवासी सीकर पिछले करीब 4 माह से पांव में घाव एवं दर्द से परेशान था। परिजनो द्वारा काफी जगह परामर्श के पश्चात जिला चिकित्सालय में सर्जरी ओपीडी में मरीज को दिखाया। सर्जन डॉ. सुनील सर्राफ के द्वारा मरीज को तुरंत भर्ती कर घाव की जगह का बायोप्सी सैंपल लेकर जांच हेतु भिजवाया गया। बायोप्सी सैंपल की रिपोर्ट से चमड़ी के कैंसर (स्क्वैमस सैल कार्सिनोमा) की पुष्टि हुई,जिस पर चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन की सलाह दी गई। मरीज का आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत नि:शुल्क ऑपरेशन किया गया। पूर्ण स्वस्थ होने पर मरीज की बुधवार को चिकित्सालय से छुट्टी की गई । सर्जरी टीम में डॉ. सुनिल सर्राफ कनिष्ठ विशेषज्ञ सर्जरी के साथ निश्चेतन विशेषज्ञ डॉ सत्यपाल ढाका, डॉ. झाबरमल जाट , ओटी इंचार्ज मनोज कुमार, नर्सिंग अधिकारी इमरता देवी आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय परिवार ने भामाशाह का स्वागत किया

**बीदासर (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे की राजकीय दुलीचंद सेठिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को सुप्रीम फाउंडेशन के संचालक महावीर प्रसाद तापड़िया व सदस्य श्याम सुंदर पारीक ने विद्यालय परिसर पहुंचकर कर विद्यालय का अवलोकन कर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान ट्रस्ट के भामाशाह ने विद्यालय के विकास कार्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास, प्रधानाचार्य भंवरसिंह राजावत, प्रेमरत्न शर्मा, रेखा कुलदीप विद्यालय स्टाफ ने स्वागत किया।

### मरू उड़ान अभियान का ब्लॉक स्तरीय संवाद सेड़वा में आज

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सेड़वा में महिला सशक्तिकरण के लिए विशेषज्ञ करेंगे संवाद

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** सशक्त नारी और सशक्त समाज की परिकल्पनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा के उद्देश्य के लिए जिला प्रशासन के नवाचार 'मरू उड़ान' के तहत सेड़वा का ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम गुरुवार को प्रात: 11 बजे महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सेड़वा के परिसर में आयोजित होगा। उपखंड अधिकारी सेड़वा बद्रीनारायण विश्नोई ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 150 महिलाएं भाग लेगी। इस दौरान आयोजित चार सत्रों में विशेषज्ञ महिलाओं के मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मरक्षा, स्वरोजगार, घरेलू बचत, व्यवसायिक कौशल, प्रशिक्षण सहित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श करने के साथ उनको मार्गदर्शन देंगे।

### बूंदी महोत्सव 2024, विलेज सफारी का हुआ आयोजन

## ग्रामीण रहन-सहन, वेशभूषा व संस्कृति से रूबरू हुए विदेशी पर्यटक

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** बूंदी महोत्सव के तीसरे बुधवार को विदेशी पर्यटकों ने विलेज सफारी का आनंद उठाया। इसके तहत सभी पर्यटक पर्यटन स्वागत केंद्र से एकत्रित होकर वाहनों में सवार होकर ठीकरदा गावँ पहुचे। जहां वह ग्रामीण रहन-सहन वेशभूषा व संस्कृति से रूबरू हुए। पर्यटक स्वागत केंद्र से विदेशी सैलानी रवाना किया। ठीकरदा गांव में विदेशी पर्यटकों ने चाक में बर्तन बनाना, मांडने बनाना, आंगन को लीपना व उसमें कलाकृतियां बनाना सीखा।

ग्रामीण जनजीवन से रूबरू होकर विदेशी पर्यटक बहुत आनंदित व खुश नजर आए। ठीकरदा गांव पहुंचने पर सभी पर्यटकों का तिलक लगा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके उपरांत सभी पर्यटकों ने लोक कलाकार द्वारा प्रस्तुत लोकगीत व लोकनृत्य का आनंद लिया। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच, ठीकरदा सरपंच रजनी सैनी, बडौदिया सरपंच राधेश्याम गुप्ता, पूर्व सरपंच रामकिशन सैनी, जिला परिषद के अधिशाषी अभियंता प्रियव्रत सिंह, ऋचा पनेरी, संदीप शर्मा, अश्विनी शर्मा, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी, पुरूषोत्तम लाल पारीक, ओम प्रकाश कुक्की आदि मौजूद रहे। **नेचर वॉक निकाली** बूंदी महोत्सव के तहत बुधवार सुबह वन विभाग की चौकी से नेचर वॉक शुरू हुई। इसमें प्रकृति प्रेमियों ने उत्साह से भाग लिया। नेचर वॉक टाइगर हिल पहुची जहां पर प्रकृति प्रेमियों को नेचर से रूबरू कराया गया। टाइगर हिल की ट्रैक पर भ्रमण किया गया। वॉक में मुख्यकार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सहित वन विभाग के कार्मिक व प्रकृति प्रेमी शामिल रहे।

## पानी की समस्या से परेशान लोगों का फूटा आक्रोश

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के वार्ड संख्या 23 व 24 में सर्दी के इस दौर में उपभोक्ता विभागीय लापरवाही के कारण पिछले करीब एक सप्ताह से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पर्याप्त पानी होने के बाद भी वार्ड के करीब 400 उपभोक्ता पिछले एक सप्ताह से से पानी को तरस रहे हैं। वार्डवासियों की इस समस्या से परेशान होकर वार्ड पार्षद लालचंद प्रजापत गोरिसरियों के कुएं पर पानी भंडारण के लिए बनाए गए कोठे में उतर गए तथा करीब दो घंटे तक पानी में रहे। पार्षद द्वारा पानी में उतर जाने की सूचना पर विभाग के एक्सईएन, एईएन व जेईएन मौके पर पहुंचे, तो उन्हें वार्ड के लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद अधिकारियों से वार्ता की गई। इस दौरान अधिकारियों ने दो दिनों में समस्या समाधान करवाने तथा शीघ्र ही क्षेत्र को आपणी योजना से जोड़ने का आश्वासन दिया गया, तब जाकर आक्रोश शांत हुआ।



### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से यूनाइटेड किंगडम के प्रतिनिधिमंडल ने की शिष्टाचार भेंट

## सिंगापुर एवं यूके के प्रतिनिधिमण्डल के लिए मुख्यमंत्री निवास पर रात्रिभोज आयोजित

*मंत्रिपरिषद् के सदस्य, सांसद एवं वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित*

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर यूनाइटेड किंगडम से आए प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमण्डल को 9 से 11 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में पार्टनर कंट्री बनने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के किले भी यूके के एडिनबर्ग और विंडसर किले के समान ही भव्यता के लिए प्रसिद्ध हैं। राजस्थान में प्रमुखता से पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पत्थर, गहने इत्यादि के निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रतिनिधिमण्डल की इस यात्रा से यूके और भारत एवं विशेषकर राजस्थान के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को अधिक मजबूती मिलेगी। यूनाइटेड किंगडम के प्रतिनिधिमण्डल में शेरोन हॉजेसन, शिवानी राजा, हलेना डॉलीमोर, कनिष्क नारायण, साहिल वेद हंसरानी, पुनीत गुप्ता, अतुल झांब, क्षितिज सिंघवी एवं गौरव चक्रवर्ती एवं उमर शामिल थे। इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई भी मौजूद रहे। **मुख्यमंत्री निवास पर रात्रिभोज का हुआ आयोजन** सिंगापुर एवं यूनाइटेड किंगडम से राजस्थान दौरे पर आए प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर रात्रिभोज आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों का साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सिंगापुर के प्रतिनिधिमण्डल में डिजिटल विकास और सूचना मंत्रालय वरिष्ठ राज्य मंत्री जेनिल पुथुचेरी, प्रधानमंत्री कार्यालय से वरिष्ठ राज्यमंत्री डेसमंड टैन कोक मेंग, शिक्षा और जनशक्ति राज्य मंत्री गेन सियो हुआंग, शिक्षा और वित्त मंत्रालय से वरिष्ठ संसदीय सचिव शॉन हुआंग एवं संसद सदस्य जी याओ क्वान, राचेल ऑग एवं सक्तियादी सुपाट सहित अन्य सदस्य रात्रिभोज में शामिल हुए। साथ ही, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, सांसद मदन राठौड, घनश्याम तिवाड़ी, राव राजेन्द्र सिंह, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी सहित विधायकगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।





## कार्यालय नगरपालिका कामां (डीग) राज0

पता:- मैन बाजार, कामां ई-मेल kaman.jaipur@gmail.com.in

क्रमांक/न0पा0कामा/भूमि शाखा/24/ दिनांक:-

**आपत्ति विज्ञप्ति**

कार्यालय नगरपालिका कामां कस्बा में निम्न भूमि रूपान्तरण के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्थान को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में प्रस्तुत करें। आपत्तिकर्ता अगर चाहे तो पत्रावली का अवलोकन कार्यालय के समय में कर सकता है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | आवेदक का पता | भूखण्ड का पता | क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | राजेन्द्र प्रसाद सोनी | सुन्दरलाल | कामां | कामां नं. 02 | 900 वर्गमीटर | भूमि रूपान्तरण आवासीय |
| | आबिद | नूरू | देवसेरस तह0 गोवर्धन | | | |
| | इजमाउलहक | सुलेमान | सावलेर तह0 पहाडी | | | |
| 2 | राजूलाल | कान्ती प्रसाद | कामां | - | 505.58 वर्गमीटर | निर्माण स्वीकृति |
| 3 | सत्यनारायण | रामशरण | कामां | - | 518 वर्गमीटर | निर्माण स्वीकृति |

(मनीष सोनी)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपलिका कामां

प्रारूप 10
नियम - 6(7)देखिए)

## कार्यालय नगरपालिका कामां (डीग) कामां

क्रमांक:- दिनांक:-

**लोक सूचना**

श्री आजाद पुत्र अशरफ जाति मेव निवासी देवसेरस गोवर्धन मथुरा व हफीज पुत्र ईशव जाति मेव निवास राधानगरी ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| जिले सहित तहसिल का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| कामां (डीगं) | कस्बा कामां नं. 02 | 3265/2026/0.03,3269/2035/0.04,3266/2020/0.06,2021/0.04,3267/2020/0.03 | 2000 व.मी. |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदानुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
को जारी की गयी।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 20.11.2024 को जारी की गयी।

(मनीष सोनी)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपलिका कामां

प्रारूप 10
नियम - 6(7)देखिए)

## कार्यालय नगरपालिका कामां (डीग) कामां

क्रमांक:- दिनांक:-

**लोक सूचना**

श्री कमल कुमार सोनी पुत्र श्री बहादुर सोनी निवासी 1647, तिगडी साउथ दिल्ली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| जिले सहित तहसिल का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| कामां (डीगं) | कस्बा कामां नं. 02 | 3268/2035/0.18 | 1800 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदानुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
को जारी की गयी।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 20.11.2024 को जारी की गयी।

(मनीष सोनी)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपलिका कामां

प्रारूप 10
नियम - 6(7)देखिए)

## कार्यालय नगरपालिका कामां (डीग) कामां

क्रमांक:- दिनांक:-

**लोक सूचना**

श्री अमित कुमार सोनी पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी निवासी कामां व श्री नीरज पुत्र श्री रामकुमार निवासी कामां ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| जिले सहित तहसिल का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| कामां (डीगं) | कस्बा कामां नं. 02 | 2034/0.25,3262/2026/0.02 | 2700 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदानुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
को जारी की गयी।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 20.11.2024 को जारी की गयी।

(मनीष सोनी)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपलिका कामां

# पीथियन नेशनल आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप के लिए भरतपुर के 14 खिलाड़ी चयनित

**भरतपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** 12 से 15 दिसम्बर तक पंचकुला (हरियाणा) के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले प्रथम पीथियन गेम्स के अन्तर्गत होने वाली नेशनल आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान आर्म रेसलिंग संघ द्वारा राजेन्द्र नगर कॉलोनी भरतपुर स्थित राजस्थान आर्म रेसलिंग ट्रेनिंग सेन्टर पर सम्पन्न चयन ट्रायल में भरतपुर जिले के 9 खिलाड़ी पुरूष वर्ग में एवं पांच खिलाड़ी महिला वर्ग में चयनित हुए।

भरतपुर जिले के आकाश चौधरी, प्रशान्त चाहर, पुनीत फौजदार, समीर चाहर, प्रिन्स चौधरी, हर्ष तोमर, शिवा चौधरी, हिमान्शू फौजदार, फ्तेह सिंह पुरूष वर्ग में चयनित हुए और महिला वर्ग में मनीषा गुर्जर, कृपा कुमारी, मनीषा चाहर, रूचि फौजदार, शिवानी मीणा का चयन किया गया। भरतपुर आर्म रेसलिंग संघ अध्यक्ष भूपेन्द्र सामरा ने बताया भरतपुर के चयनित खिलाड़ी भरतपुर जिला आर्म रेसलिंग संघ के तत्वावधान में 26 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक पन्द्रह दिवसीय नि:शुल्क विशेष प्रशिक्षण शिविर पश्चात् पीथियन नेशनल आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।राजस्थान आर्म रेसलिंग संघ सचिव लोकेश चाहर ने बताया नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को राजस्थान आर्म रेसलिंग संघ द्वारा टी-शर्ट, ट्रेकसूट एवं खेल सामग्री दी जायेगी।

# विक्टरी एंथम से धमाल मचा दिया

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत में हिप-हॉप जगत के उभरते सितारे, खुशी टीडीटी और लैश करी, विक्टरी एंथम के रिलीज के साथ साहस और आत्मविश्वास की एक नई लहर लेकर आए हैं। यह गाना उन सभी लोगों के लिए है जो मुश्किलों को पार कर संघर्ष करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। इस एंथम में ऊर्जा से भरपूर बीट्स और प्रभावशाली बोल कुछ इस तरह से रचे गए हैं कि यह हर किसी को प्रेरित करें, ताकि वे उठें, विरोध करें और अपनी जीत वापस हासिल करें। ऑडियोक्रैकर द्वारा प्रोड्यूस किया गया यह विक्टरी एंथम अपने शक्तिशाली संदेश के साथ बहुत ही कम समय में दर्शकों को मोहित कर चुका है। 2.8 मिलियन से ज्यादा स्पॉटिफाई स्ट्री स, 5 मिलियन यूट्यूब व्यूज़, और इंस्टाग्राम पर 3 लाख से भी ज्यादा रील्स को इंस्पायर करने के साथ, फैन्स इस गाने की जीत की भावना को अपना रहे हैं, जिसे रियलिटी शो के कंटेस्टेंट और प्रिय कलाकार लैश करी और मास्क के पीछे छुपी कलाकार खुशी टीडीटी ने गाया है।

# बॉश जयपुर प्लांट ने पूरे किये इनोवेशन और इ पैक्ट के पच्चीस साल

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** टेक्नोलॉजी और सर्विसेज के एक प्रमुख ग्लोबल सप्लायर बॉश लिमिटेड आज अपने जयपुर प्लांट की पच्चीसवीं वर्षगाँठ का उत्सव मना रहे हैं। 1999 में स्थापित ये प्लांट, राजस्थान में इंडस्ट्रियल ए पलॉयमेंट क्रिएशन और सामाजिक जि मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है तथा यह बॉश का (तत्कालीन माईको) भारत में चौथा प्लांट है। इस अवसर पर बॉश ग्रुप इंडिया के प्रेजिडेंट और बॉश लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, गुरुप्रसाद मुदलापुर ने कहा कि यह मील का पत्थर जयपुर प्लांट की असाधारण यात्रा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में प्लांट के महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। सटीकता और उच्च गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता, इंडस्ट्री में नई मिसाल कायम कर रही है, जिससे जयपुर प्लांट पूरे भारत में हमारे ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार बन गया है। 3डी प्रिंटिंग, इंडस्ट्री 4.0 और एआई आधारित टेक्नोलॉजी जैसे नए क्षेत्रों में इनोवेशन और इ पैक्ट ने हमें टेक्नोलॉजी आधारित निर्माण में लीडर बनने के लक्ष्य को मजबूत बनाया है। 25 वर्षों की यात्रा और योगदान बॉश ने जयपुर में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियां उस समय शुरू कीं थी जब यहाँ सभी इंडस्ट्रीज़ शुरुवाती अवस्था में थी। 25 वर्षों में जयपुर प्लांट ग्लोबल स्टैंडर्ड्स के साथ एडवांस ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स का उत्पादन कर रहा है, विशेष रूप से यूल इंजेक्शन सिस्टम के क्षेत्र में। आज उत्तर भारत में बॉश का यह प्रमुख ऑटोमोटिव प्लांट बन चुका है।

इस अवसर पर एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेजिडेंट, मैन्युफैक्चरिंग एंड क्वालिटी, बॉश इंडिया, हुसैन ओज़मेराल ने कहा कि स्थापना के समय 25 वीई पंप (डीजल इंजनों में उपयोग होने वाले वितरक इंजेक्शन पंप) के दैनिक उत्पादन के साथ चालू हुए इस प्लांट ने पच्चीस साल में अपनी उत्पादन क्षमता 1000 पंप प्रतिदिन तक बढ़ा ली है। यह सफलता युवाओं और गतिशील कार्यबल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नवाचार में अग्रणी यह प्लांट अपनी वीई पंप और इंजेक्टर निर्माण की विशेषता के लिए जाना जाता है। यहां मैन्युफैक्चरिंग एक्जीक्यूशन सिस्टम (एमईएस), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन और 3डी प्रिंटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग होता है। सुरक्षा, गुणवत्ता, लागत, डिलीवरी और डिजिटलीकरण (एसक्यूसीडीद्द) सिद्धांतों का पालन करते हुए यह प्लांट इनोवेशन और इंडस्ट्रियल ग्रोथ में योगदान दे रहा है। सस्टेंबिलिटी में अग्रणी जयपुर प्लांट ने सस्टेंबिलिटी की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं, यह अपनी 40 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतें सोलर पावर से पूरी करता है। यहां 2.6 मेगावाट का ऑनसाइट सोलर सिस्टम और 1,200 किलोलीटर क्षमता का रेनवाटर रेज़रवायर है, जो 2026 तक ताजे पानी पर निर्भरता को 65 प्रतिशत तक कम करने के बॉश के लक्ष्य को सार्थक करेगा।

# संभाग स्तरीय अमृता हाट का शुभारम्भ

## अमृता हाट के माध्यम से महिलाओं का हो रहा आर्थिक सशक्तिकरण : अतिरिक्त जिला कलक्टर

**भरतपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को संभाग स्तरीय अमृता हाट का अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा द्वारा शुभारम्भ किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन ने हाट में लगी सभी स्टॉलो का अवलोकन कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण में भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समुहों द्वारा तैयार उत्पाद शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण होते है। प्रदेशभर के सभी जिलों के समूहों द्वारा अमृता हाट में



भागीदारी किये जाने से भरतपुर के नागरिकों को एक ही स्थान पर हर जिले के विशेष उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर आज महिलाऐं स्वयं सहायता समुह के साथ कार्य करते हुए नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रा%य सरकार की मंशानुरूप महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ समूह के माध्यम से अपने उत्पादों की पहचान बनाने के लिए अमृता हाट मेले का आयोजन किया जाता है। महिला अधिकारिता के उप निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि अमृता हाट में रा%य के सभी जिलों से महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व महिला आर्टिजन्स द्वारा स्वरोजगार हेतु निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की स्टॉल लगायी गयी है। जिसमें ऑचल एसएचजी जयपुर के द्वारा बैडसीट, सरस्वती एसएचजी, झालावाड एवं तरन्नुम एसएचजी द्वारा कोटाडोरिया की साडी, राधा रानी एसएचजी, भरतपुर के द्वारा टेरीकोटा मिट्टी के हस्तनिर्मित उत्पाद, जयसंतोषी माता एसएचजी, नागौर द्वारा नमकीन, मगोडी, पापड आदि पंकज एसएचजी, लक्ष्मणगढ, सीकर द्वारा जूती, चप्पल की स्टॉल मुख्य आर्कषण के केन्द्र रहे।

# कार्तिक शर्मा का टी-20 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए राजस्थान की सीनियर क्रिकेट टीम में चयन

**भरतपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** बीसीसीआई द्वारा 23 नवंबर से राजकोट गुजरात में आयोजित होने वाली टी-20 सैयद मुश्ताक अली सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिले के राइट हैंड ओपनर बैट्समैन कार्तिक शर्मा का चयन राजस्थान की टीम में हुआ है।

जिला क्रिकेट संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ की सीनियर चयन समिति ने राजस्थान की 15 सदस्यीय टीम में कार्तिक शर्मा का चयन किया है राजस्थान टीम का पहला मैच 23 नवंबर को बिहार रा%य से होगा तथा कार्तिक ने पिछले दिनों अंडर.19 राजस्थान एवं रणजी ट्रॉफी में बेहतरीन प्रदर्शन



किया था इसी प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ है जबकि कार्तिक पूर्व में अंडर.19 इंडिया चैलेंजर ट्रॉफीए रणजी ट्रॉफी के लिए खेल चुके हैं।

भरतपुर जिले के दूसरे सबसे छोटी उम्र के खिलाड़ी हैं जो इस मुकाम पर पहुंचे हैं।इससे पूर्व यह मुक़ाम भरतपुर के ही आकाश सिंह ने हासिल किया था कार्तिक के चयन पर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के कार्यालय पर मिठाईयां बांटी गई एवं उ%जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया, अजय कुमार शर्मा तथा संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता और कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी तथा जिला संघ के सदस्य नाहर सिंह, बीनू सिंह, मंगल सिंह, राहुल लोहिया रूपेंद्र मोहन, देवेंद्र सिंह कालू तथा जिला क्रिकेट संघ के चयनकर्ता सूरज शर्मा, नरेश खत्री, लंकेश सियाराम, प्रेम सिंह एवं पंकज गोयल आदि उपस्थित थे।

# पिंकी रानी को मिली पीएचडी की उपाधि

**भरतपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के मथुरा गेट की निवासी पिन्की रानी को महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी अजमेर ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य महिला अपराधियों की मनोवृतियों का एक मनोसामाजिक अध्ययन महिला बंदी सुधार गृह, जयपुर एवं अजमेर में एक तुलनात्मक अध्ययन विषय पर किया है। उन्होंने डॉ० ग तु सारस्वत के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा किया है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर झूठा आश्वासन देने वालों से रहें सावधान

**भरतपुर।** आयुक्त नगर निगम ने बताया कि रा%य सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रकिया 2024 आयोजित की जा रही है। उन्होंने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि उक्त भर्ती प्रकिया में किसी भी प्रकार की झूठी अफ्वाहों में न आयेंए किसी भी ऐसे व्यक्ति के बहकावें में न आयें जो नौकरी दिलाने के नाम पर झूठा आश्वासन देकर आपको भ्रमित करते हुए पैसों की मांग करे। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों, दलालों से सावधान रहें जो कि आपको उक्त भर्ती प्रकिया में नौकरी दिलाने का झूठा आश्वासन देकर पैसे ऐंठ सकते हैं। नौकरी दिलाने के सम्बन्ध में आपको गुमराह भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रकिया पूर्ण रूप से पारदर्शिता रखते हुये लॉटरी के माध्यम से की जायेगी। अनुभव प्रमाण.पत्र की जांच में यदि यह पाया जाता है कि आवेदक ने फर्जी अनुभव प्रमाण.पत्र लगाया है तो संवेदक व आवेदक के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के लिए कार्मिकों का दिया प्रशिक्षण



**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** दौसा विधानसभा उपचुनाव 2024 के मतगणना 23 नवंबर को होगी। मतगणना के लिए कार्मिकों का प्रशिक्षण दौसा के पंडित नवल किशोर शर्मा पीजी कॉलेज के कला ब्लॉक में बुधवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी रंगलाल मीणा ने जानकारी देते बताया कि मतगणना के लिए दो प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें बैलेट पेपर व ईवीएम मशीन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। बैलेट पेपर की काउंटिंग के लिए कुल 25 कार्मिक का आज प्रशिक्षण दिया गया जो 23 नवंबर को बैलेट पेपर की गणना करेंगे। वहीं ईवीएम के माध्यम से मतगणना की जाएगी उनके लिए 67 कार्मिकों को बुधवार को प्रशिक्षण दिया गया। जो 23 नवंबर को ईवीएम मशीनों की गणना करेंगे। पोस्टल बैलेट के लिए 7 एमओ ,6-6 सीएस,सीए1 व सीए 2 सहित कुल 25 कार्मिक पोस्टल बैलेट की गणना करेंगे। ईवीएम के लिए 23 एमओ ,22 सीएस,22 सीए 1 कार्मिकों को ईवीएम से संबंधित सभी बारीकी की जानकारी दी गई।

ईवीएम में किस तरह से आपको मतों की गणना करनी है और किस प्रकार एईवीएम की सील को देखना है। फॉर्म नंबर 17 का भी विशेष तौर से जानकारी दी गई है। इन सभी कार्मिको को प्रशिक्षण एमटी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है ताकि मतगणना निष्पक्ष व पारदर्शिता पूर्ण हो।

# राजस्थान उद्योग रत्न पुरूस्कार हेतु 20 दिसम्बर तक मांगे आवेदन

**भरतपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित करने के उददेश्य से सर्वश्रेष्ठ उद्योगो को राजस्थान उद्योग रत्न पुरूस्कार हेतु पुरुस्कृत किया जाना है। इस हेतु पंजीकृत उद्योग निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 20 दिसम्बर 2024 तक कार्यालय जिला उद्योग एवं वाणि%य केन्द्र पर कर सकते है।

जिला उद्योग एवं वाणि%य केन्द्र के महाप्रबंधक चन्द्रमोहन गुप्ता ने बताया कि उक्त पुरूस्कार हेतु सूक्ष्म के 4, लघु के 4, मध्यम के 4 उद्यमियों सहित कुल 12 उद्यमों को प्रतिवर्ष सम्मानित किये जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त एक हस्तशिल्पि एवं एक बुनकर जो कि राष्ट्रीय पुरूस्कार से सम्मानित हो को भी पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त पुरूस्कार हेतु उद्यम का तीन वर्ष तक निरन्तर कार्यरत होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पुरूस्कार की पात्रता की जॉच प्रारम्भिक चयन समिति एवं रा%य स्तरीय चयन समिति द्वारा की जायेगी। पुरूस्कार हेतु चयन होने के उपरांत एक लाख रूपये प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान किये जायेंगें। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। योजना की विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग एवं वाणि%य केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं।

# मतगणना तैयारियों की समीक्षा

## प्रकोष्ठ प्रभारी सभी तैयारियां तय समय सीमा में पूरी करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बुधवार को यहां पीजी कॉलेज स्थित मतगणना स्थल पर प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर विधानसभा उप चुनाव की मतगणना की संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की।



जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने प्रकोष्ठवार मतगणना कार्य की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित प्रभारी अधिकारी सभी व्यवस्थाएं निश्चित समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि मतगणना की तैयारी चुनाव आयोग के नियत प्रोटोकॉल अनुसार सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मतगणना स्थल पर प्रवेश, पार्किंग व्यवस्था, मोबाइल संग्रहण इत्यादि की माकूल व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को मतगणना स्थल पर सुरक्षा के प्रोटोकॉल अनुसार चाक चौबंद इंतजाम करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, उपखंड अधिकारी दौसा मूलचंद लूणिया, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान यशवंत मीणा, संयुक्त निदेशक डीओआईटी राधेश्याम बैरवा सहित अन्य प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी एवं चुनाव शाखा के कार्मिक उपस्थित रहे।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 11874086 दिनांक :- 19/11/2024

**ई-बिड सूचना संख्या :- जोन विद्युत-प्रथम/12/2024-25**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से विद्युत कार्यों हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से विद्युत कार्यों हेतु ऑनलाईन बिड आमंत्रित की गई है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है। **NIB Code : JOD2425A0120, UBN No. :- JOD2425WSOB00261 & JOD2425WSOB00262**

राज.संवाद/सी/24/8027 अधिशाषी अभियंता (विद्युत)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION BEAWAR**

**NIB NO. : PWD2425A2629 - PWD2425A2630**

**Notice Inviting Bid No. 15/2024-25**

Bids for 02 No. Works are invited from interested bidders upto 2.00 PM 22 November 2024. Other particular of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the State, and DIPR departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 64.09 Lacs.

| S.No. | NIB NO | UBIN NO | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425A2629 | PWD2425WSOB09626 | 36.46 |
| 2. | PWD2425A2630 | PWD2425WSOB09627 | 27.63 |

DIPR/C/11379/2024

(V.S. Shekhawat)
Executive Engineer
PWD, Division Beawar.

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**

कार्यालय :- मुख्य प्रबन्धक, सी. बी. एस. आगार अजमेर

**निविदा - सूचना**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम सी.बी.एस. अजमेर आगार मे दिनांक 19.11.2024 को UBN No RTC2425SSRC00535 के द्वारा कमीशन आधार पर बुकिंग एजेंसी देने हेतु निविदा आमंत्रित की जानी हैं। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निर्धारित धरोहर राशि 20,000/रू नगद जमा करवाकर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा करा सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने प्रस्ताव दिनांक 19.11.2024 को 14.00 बजे तक जमा करा सकते है निविदा प्रस्ताव उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोले जायेगें इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम वेबसाईट **http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc** एवं sppp पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती हैं।

निविदा स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षर कर्ता के पास सुरक्षित हैं।

**UBN No.: RTC2425SLOB00536**

राज.संवाद/सी/24/7970 विज्ञापन संख्या 181/2024-25 मुख्य प्रबन्धक

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका बानसूर (कोट.-बह.)**

Email Id-bansur.ulb.jaipur@gmail.com Phone no. 01461-294231

क्रमांक: न.पा.बा./2024-25/1499 दिनांक : 20.11.2024

प्रारूप-10 [ नियम 6 ( 7 ) देखिए ]

**लोक सूचना**

श्री प्रकाश चन्द सैनी पुत्र श्री हजारी लाल सैनी, जाति-माली निवासी-गांधी पार्क के पास, तहसील-बानसूर, जिला-कोटपूतली-बहरोड ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए जरिये ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड, बानसूर | बानसूर | 1493 | रकबा 0.2100 है. सम्पूर्ण | आवासीय |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2024 (वर्ष) के 11 (मास) के 20 दिन को जारी जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी-नगरपालिका, बानसूर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका बानसूर (कोट.-बह.)**

Email Id-bansur.ulb.jaipur@gmail.com Phone no. 01461-294231

क्रमांक: न.पा.बा./2024-25/1508 दिनांक : 20.11.2024

प्रारूप-10 [ नियम 6 ( 7 ) देखिए ]

**लोक सूचना**

श्री अशोक कुमार अग्रवाल, वासुदेव, सुभाष चन्द अग्रवाल पुत्रान श्री बुद्धा लाल अग्रवाल, जाति-महाजन, निवासी-सरकारी अस्पताल के सामने, तहसील-बानसूर, जिला-कोटपूतली-बहरोड ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए जरिये ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड, बानसूर | बानसूर | 791, 785 | रकबा 1.0300, 0.6600 है. सम्पूर्ण | आवासीय |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2024 (वर्ष) के 11 (मास) के 20 दिन को जारी जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी-नगरपालिका, बानसूर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका बानसूर (कोट.-बह.)**

Email Id-bansur.ulb.jaipur@gmail.com Phone no. 01461-294231

क्रमांक: न.पा.बा./2024-25/1505 दिनांक : 20.11.2024

प्रारूप-10 [ नियम 6 ( 7 ) देखिए ]

**लोक सूचना**

श्री अशोक कुमार अग्रवाल, वासुदेव, सुभाष चन्द अग्रवाल पुत्रान श्री बुद्धा लाल अग्रवाल, जाति-महाजन, निवासी-सरकारी अस्पताल के सामने, तहसील-बानसूर, जिला-कोटपूतली-बहरोड ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए जरिये ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड, बानसूर | बानसूर | 781, 783 | रकबा 0.5900, 0.6800 है. सम्पूर्ण | आवासीय |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2024 (वर्ष) के 11 (मास) के 20 दिन को जारी जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी-नगरपालिका, बानसूर

मुख्यमंत्री से सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात

मुख्यमंत्री ने आगामी राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के लिए सिंगापुर को किया आमंत्रित

## इस यात्रा से राजस्थान एवं सिंगापुर के संबंधों को मिलेगी मजबूती

# विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य में सिंगापुर महत्वपूर्ण साझेदार- मुख्यमंत्री





**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य राजस्थान को अगले 5 वर्षों में 180 बिलियन से दोगुना करके 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन के अनुसार हम भी विकसित राजस्थान-2047 के लिए काम कर रहे हैं और सिंगापुर इसमें हमारा बहुत महत्वपूर्ण साझेदार बन सकता है। शर्मा बुधवार को सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने सिंगापुर से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान की 'अतिथि देवो भव:' की संस्कृति रही है तथा राजस्थान अपने अद्वितीय संस्कृति और विरासत के लिए दुनियाभर में मशहूर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का सिंगापुर बहुत महत्वपूर्ण भागीदार है तथा सिंगापुर ने अपने आर्थिक मॉडल से विश्व को प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में स्वास्थ्य, जल संचय, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम हो रहा है। राज्य के लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए हमने कुल बजट का 8.26 फीसदी बजट स्वास्थ्य क्षेत्र को दिया है। वहीं, कैच द रैन तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन 2.0 के माध्यम से राज्य में जल संचय को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान में पेयजल एवं सिंचाई के लिए हमने ईआरसीपी का ऐतिहासिक एमओयू किया है। साथ ही, इसे धरातल पर उतारने का काम भी शुरू हो चुका है।

**राजस्थान में विश्वभर से निवेश के लिए राइजिंग राजस्थान एक बड़ा मंच** शर्मा ने कहा कि राज्य में विश्वभर से निवेश के नए अवसरों को खोलने के लिए हम आगामी 9 से 11 दिसम्बर को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करने जा रहे हैं। इस समिट के तहत अब तक 20 लाख करोड़ रूपए के एमओयू हो चुके हैं। शर्मा ने इस ऐतिहासिक आयोजन में सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल को भी आने का न्यौता दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सिंगापुर डेलिगेशन की यह यात्रा न केवल राजस्थान और सिंगापुर के संबंधों को मजबूत बनाएगी बल्कि राजस्थान के विकास और वैश्विक संपर्क में नई संभावनाएं भी खोलेगी। इस दौरान राज्य की आर्थिक स्थिति, जल संचय, चिकित्सा एवं राइजिंग समिट से जुड़े कार्यक्रमों, नवाचारों तथा योजनाओं की जानकारी संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गई। अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि राजस्थान में नवीनकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं तथा राजस्थान की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा युवा हैं। ऐसे में, राजस्थान विकास की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से राजस्थान में चल रहे मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, इंटर लिंकिंग रिवर तथा ग्राउण्ड वॉटर रिचार्ज के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री ए. राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के माध्यम से राज्य की लगभग 88 प्रतिशत जनसंख्या को नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा कवरेज दिया जा रहा है। आयुक्त उद्योग रोहित गुप्ता ने बताया कि राजस्थान देश में रिन्यूबल एनर्जी, जेम्स एंड ज्वैलरी, टैक्सटाईल, माइन्स तथा पैट्रोकेमिकल्स में अग्रणी राज्य हैं। उन्होंने राइजिंग राजस्थान की रूप रेखा भी बैठक में रखी।

**राजस्थान संभावनाओं का प्रदेश, विभिन्न क्षेत्रों में हो रहा बेहतरीन काम** बैठक में सिंगापुर से आए प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे कार्यों की तारीफकी। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपार संभावनाओं का प्रदेश है तथा स्वास्थ्य, कौशल विकास, ऊर्जा के क्षेत्र में यहां बेहतरीन काम हो रहा है। हमारी इस यात्रा से राजस्थान और सिंगापुर के संबंधों को एक नई दिशा मिलेगी।

प्रदेश के 158 निकायों में सड़कें बनायेगा पीडब्लूडी

## प्रदेश में बेहतर सड़क नेटवर्क विकसित करना हमारी प्राथमिकता-दिया कुमारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बजट घोषणा 2024—25 की क्रियान्विति में 158 नगरीय निकायों में 270 किमी. सड़कों का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जाएगा। इसके लिए 158 निकायों में सड़क निर्माण के 728 कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश में नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, जिला सड़क, ग्रामीण सड़कों के साथ शहरी निकायों के सड़क नेटवर्क को विकसित कर प्रदेश को सड़क कनेक्टिविटी के मामले में देश में नम्बर वन बनाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा के तहत 295 नगरीय निकायों में 317.50 करोड़ रुपए की लागत से सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़कें बनाई जानी है।

## पीएम श्री विद्यालयों में संचालित होगी पूर्व प्राथमिक कक्षाएं-दिलावर

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में स्थित पीएम श्री विद्यालयों में भी अब पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा यह महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। इसके लिए राज्य में प्रथम चरण में संचालित 402 पीएम श्री विद्यालयों का चयन किया गया है जिसमें 3 वर्षीय पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के संचालन को स्वीकृति प्रदान की गई है। नवीन प्रवेश का कार्य मौजूद सत्र में 21 नवंबर से प्रारंभ किया जाएगा। पूर्व प्राथमिक कक्षाएं सप्ताह में 5 दिन संचालित की जाएंगी जिनकी अवधि प्रतिदिन 4 घंटे की होगी। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश के लिए अधिकतम 25 सीटों का प्रावधान रहेगा। प्रथम वर्ष में 3 वर्ष या इससे अधिक आयु के बालकों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश योग्य बच्चें की संख्या उपलब्ध सीटों से अधिक होने पर चयन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा। लॉटरी का प्रकाशन 29 नवंबर को होगा।

## फिल्म द साबरमती रिपोर्ट राजस्थान में टैक्स फ्री की गई

**जयपुर।** गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को राजस्थान सरकार ने टैक्स फ्री करने का फैसला किया है। सीएम भजनलाल शर्मा ने फिल्म को टैक्स फ्री करने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। वित्त विभाग ने टैक्स फ्री करने के आदेश जारी कर दिए हैं। रविवार को पीएम मोदी ने इस फिल्म को तारीफ की थी, आज भजनलाल सरकार ने इसे टैक्स फ्री करने का फैसला किया है। वहीं, दूसरी तरफ इस फिल्म को लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। सीएम भजनलाल शर्मा ने फिल्म को टैक्स फ्री करने की जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा- हमारी सरकार ने द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को राजस्थान में कर-मुक्त (टैक्स फ्री) करने का सार्थक निर्णय लिया है। यह फिल्म इतिहास के उस भयावह काल-खंड को दर्शाती है, जिसे कुछ स्वार्थी तत्वों ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए विकृत (तोड़ मरोड़ कर पेश) करने का गलत प्रयास किया। यह फिल्म न केवल तत्कालीन व्यवस्था की वास्तविकता को प्रभावशाली रूप से उजागर करती है। उस समय प्रचारित किए गए भ्रामक, मिथ्या नैरेटिव का भी खंडन करती है। इस दुर्भाग्यपूर्ण, हृदयविदारक घटना को फिल्म में अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है।सीएम ने आगे लिखा- यह फिल्म इसलिए भी अवश्य देखी जानी चाहिए। अतीत का गहन विवेचनात्मक अध्ययन ही हमें वर्तमान को समझने और भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है।

विश्व बाल दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति ने जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों को संबोधित किया

# बदलाव का सबसे बड़ा केंद्र है शिक्षा - उपराष्ट्रपति



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उपराष्ट्रपति ने आज कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव और समानता स्थापित करने का सबसे बड़ा केंद्र है। उन्होंने कहा, शिक्षा समाज में समानता को बढ़ावा देती है और असमानता को समाप्त करती है। शिक्षा हमें जो चरित्र प्रदान करती है, वही हमें परिभाषित करता है।

राजस्थान के झुंझुनूं जिले के काजरा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए विश्व बाल दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अनुशासन, संस्कार और मानव निर्माण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा, आपकी उम्र में संस्कारी बनना आवश्यक है। माता-पिता का सम्मान करना, गुरुजनों को प्रणाम करना, आपसी भाईचारे को बढ़ाना और अनुशासन दिखाना आपके जीवन के अभिन्न हिस्से होने चाहिए। मानव निर्माण के लिए श्रेष्ठ आदतों का संचार आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं के लिए उभरते अवसरों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की सरकारी नीतियों ने आपकी प्रतिभा को चमकाने के लिए अनेक मंच प्रदान किए हैं।

छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, आप सभी ग्रामीण भारत की रीढ़ की हड्डी हैं। याद रखें, भारत की आत्मा ग्रामीण आंचल में है। हमारी जड़ें ग्रामीण भारत में ही मजबूत होती हैं। हमारा अन्नदाता किसान भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही रहता है। उन्होंने कहा कि पंचायत राज और नगर पालिका जैसी संस्थाओं के माध्यम से भारत ने लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक सशक्त किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने इसे एक गेम-चेंजर बताया। उन्होंने कहा, तीन दशकों के बाद भारत को एक नई शिक्षा नीति मिली है, जिसका उद्देश्य छात्रों को केवल पुस्तकों और डिग्रियों के बोझ से मुक्त करना और उन्हें कौशलयुक्त बनाना है। यह नीति भारत को 2047 तक विकसित भारत के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी।

उन्होंने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए आग्रह किया कि वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी के नाम पर पेड़ लगाएं। उन्होंने संस्थानों से अपील की कि वे इस नेक कार्य को 'मिशन मोड' में लेकर चलें। उपराष्ट्रपति ने कहा, जब आप इस विद्यालय से बाहर जाएं, तो आपको ऐसा अनुकरणीय आचरण दिखाना चाहिए, जो इस विद्यालय के गौरव को बढ़ाए।

उपराष्ट्रपति ने अंत में बच्चों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और उनकी कार्यशैली की सराहना की, जिसने भारत के युवाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए मंच प्रदान किया है।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के शहरी विकास विभाग के राज्य मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा, नवोदय विद्यालय समिति की आयुक्त एवं शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती प्राची पांडेय, जेएनवी काजरा, झुंझुनूं के प्राचार्य श्री संजय कुमार यादव एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बीजेपी नेता गिर्राज सिंह मलिंगा ने किया सरेंडर

आधा किलोमीटर तक पैदल लेकर गई पुलिस



**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व विधायक और भाजपा नेता गिर्राज सिंह मलिंगा ने बुधवार शाम 4ः15 बजे धौलपुर के एससी-एसटी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने मलिंगा को 2 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। कोर्ट में सरेंडर के बाद पुलिस बाड़ी के पूर्व विधायक मलिंगा को आधा किलोमीटर तक पैदल ही लेकर कोतवाली थाने पहुंची। इसके बाद कोतवाली थाने के सामने से मलिंगा को पुलिस की गाड़ी में बैठाकर धौलपुर जेल तक ले जाया गया। करीब ढाई साल पुराने एईएन-जेईएन मारपीट मामले में 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने मलिंगा को 14 दिन में सरेंडर करने के आदेश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यम और अरविंद कुमार की बेंच ने 8 नवंबर को मलिंगा की जमानत पर हाईकोर्ट के आदेश पर लगी रोक हटा दी थी। विधायक के सरेंडर करने के चार सप्ताह बाद मामले में सुनवाई होगी। विधायक रहते हमले का आरोप धौलपुर के बाड़ी डिस्कॉम ऑफिस में 28 मार्च 2022 को एईएन हर्षदापति और जेईएन नितिन गुलाटी के साथ मारपीट की घटना हुई थी। प्रकरण में एईएन हर्षदापति ने मलिंगा (तत्कालीन कांग्रेस विधायक) और अन्य के खिलाफ 29 मार्च को नामजद मारपीट, राजकार्य में बाधा और एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज कराया था। केस में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। घटना के बाद तत्कालीन धौलपुर एसपी शिवराज मीणा का भी तबादला कर दिया गया था। बिजली विभाग के इंजीनियर्स के साथ मारपीट होने के बाद निगम के कर्मचारियों में आक्रोश भड़क गया था। उसके बाद गिर्राज मलिंगा ने 11 मई को जयपुर के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव के सामने सरेंडर किया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 17 मई को जमानत दी थी।

बीजेपी के टिकट पर लड़ा था पिछला चुनाव गिर्राज सिंह मलिंगा ने पिछला विधानसभा चुनाव बीजेपी के टिकट पर बाड़ी सीट से लड़ा था।

## कूडो खिलाडियों का सम्मान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधान सभा में बुधवार को आयोजित एक समारोह में आर्मिनिया में आयोजित यूरेशियन कूडो कप— 2024 में राज्य के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ और सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने खिलाडियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये और उनको यूरेशियन कूडो कप में मिले मेडल, प्रमाण-पत्र और शील्ड का अवलोकन किया। राठौड ने खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल में मन, मस्तिष्क और शरीर सभी एक साथ काम करते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाडी खेल के मैदान के साथ-साथ मैदान के बाहर भी चैम्पियन बनें। खेल मंत्री ने कूडो खेल के विस्तार की आवश्यकता जताते हुए कहा कि यह खेल मात्र खेल ही नहीं बल्कि सुरक्षा और बचाव का महत्वपूर्ण साधन है। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि कूडो एक श्रेष्ठ खेल है। यह खेल अब लोकप्रिय होता जा रहा है। इस खेल के प्रति लोग रूचि लेने लगे हैं। राज्य के विभिन्न जिलों के बच्चों ने कूडो अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन किया है। गर्ग ने कहा कि खिलाडी कभी हारता नहीं है। उन्होंने कहा कि खिलाडी या तो जीतता है या सीखता है। राजस्थान राज्य खेल परिषद के अध्यक्ष नीरज के. पवन ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार अब राज्य में खेल और युवा नीति ला रही है। इसके लिए लोगों से सुझाव मांगे गये है।

## सीबीआई अधिकारी बनकर पति-पत्नी को किया डिजिटल अरेस्ट

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में एक बुजुर्ग दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर 1 करोड़ 5 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। बदमाश ने सीबीआई अधिकारी बनकर इस वारदात को अंजाम दिया। सीबीआई अधिकारी का रौब और जेल जाने का डर दिखाकर बदमाश ने पति-पत्नी से खाते में रुपए ट्रांसफर करवा लिए। जांच अधिकारी साइबर सेल के डीएसपी कुलदीप वालिया ने बताया- जिन खातों से रकम निकाली गई है, उन्हें फ्रीज करने के लिए संबंधित बैंक को पत्र लिखा गया है। डीएसपी वालिया ने बताया कि पूरे मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों ने फ्रॉड की गई राशि को कई खातों में ट्रांसफर किया है। अब इन खातों का पता लगाया जा रहा है एक खाते से दूसरे खाते में होते हुए राशि को अलग-अलग खातों में भेजा जा रहा है। मामले में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। जमीन बेचकर खाते में रुपए जमा करवाए थे पीड़ित महिला ने बताया कि वह और उनके पति घर में अकेले रहते हैं। बच्चे विदेश में हैं। हाल ही में परिवार ने जमीन बेचकर खाते में रुपए जमा करवाए थे। महिला के पति के फोन पर 15 नवंबर को वीडियो कॉल आई। कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। कॉल करने वाले ने बताया कि उसके पति के खाते में गलत तरीके से रुपए जमा हुए हैं।

## 26 नवम्बर को पदयात्रा के सफल आयोजन के लिए बैठक आयोजित

# संविधान दिवस के अवसर पर संविधान क्लब से अंबेडकर सर्किल तक आयोजित होगी पदयात्रा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव नीरज कुमार पवन ने बताया कि संविधान के 75वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर 26 नवंबर को संविधान क्लब से अंबेडकर सर्किल तक पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पदयात्रा में 15 हजार से अधिक युवा भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव नीरज कुमार पवन ने बुधवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में विभिन्न सहयोगी विभागों की बैठक ली। नीरज कुमार पवन ने कहा कि संविधान दिवस के गौरवशाली अवसर पर युवाओं की अधिकाधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित की जावें। उन्होंने कार्यक्रम के भव्य आयोजन हेतु प्रतिभागियों के लिए जलपान, टी शर्ट, प्ले कार्ड, मोबाइल टॉयलेट्स के समुचित प्रबंध के साथ सभी व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। बैठक में इसके लिये संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गयी।

**यह होंगे आकर्षण** कार्यक्रम में सेना, राजस्थान पुलिस, आरएसी एवं निजी विद्यालयों द्वारा बैंडवादन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही पर्यटन विभाग के सहयोग से पदयात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सेल्फी बूथ लगाये जायेगे।

इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त (साउथ) दिगंत आनंद सहित, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद राजस्थान युवा बोर्ड, खेल विभाग, नगर निगम, सूचना प्रौद्योगिक, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, भारत हिंदुस्तान स्काउट, नेहरू संगठन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गन्ना अनुबंध पत्र भरवाने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर

**श्रीगंगानगर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड द्वारा गन्ना पिराई सत्र 2024-25 ग्यारह दिसम्बर 2024 को आरंभ होने जा रहा है। शुगर मिल महाप्रबंधक के अनुसार जिन किसानों द्वारा अभी तक गन्ना अनुबंध पत्र नहीं भरे गए हैं, वे किसान संबंधित गन्ना फील्ड सुपरवाइजर से सम्पर्क करे अथवा शुगर मिल के गन्ना कार्यालय में आकर अपना गन्ना अनुबंध पत्र 25 नवम्बर 2024 तक भरवा सकते हैं। यदि किसी किसान द्वारा गन्ना अनुबंध पत्र 25 नवम्बर 2024 तक नहीं भरवाया गया तो गन्ना मांग पर्ची जारी करने में कठिनाई होगी। गन्ना मांग पर्ची का वैधता 10 दिन होगी।

### कोटकासिम नगर पालिका में कुछ पार्षदो और ईओ प्रवीण शर्मा के बीच बोर्ड बैठक को लेकर हुई नोंकझोंक

**कोटकासिम ( हुक्मनामा समाचार )।** नगर पालिका में कुछ पार्षदो और ईओ प्रवीण शर्मा के बीच बोर्ड बैठक को लेकर नोंकझोंक हो गई। पार्षदों ने ईओ सहित अध्यक्ष पर स्ट्रीट लाइट और शहर में कराई गई फॉगिंग सहित सफाई के काम में लगी लेबर के पेमेंट में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया और सफाई कर्मचारियों की अटेंडेंस देखने की बात कहने लगे। इस दौरान ईओ प्रवीण शर्मा ने अटेंडेंस रजिस्टर दिखाने से मना किया तो पार्षद ईओ पर भड़क गए ईओ प्रवीण शर्मा ने पार्षदों को धमकाते हुए ऑफिस से बाहर निकल जाने की बात कही और नहीं मानने पर राज कार्य में बाधा डालने और ऑफिस में शांति भंग करने का मामला दर्ज कराने की धमकी दे डाली। पार्षद सन्नी ने बताया कि नगर पालिका में अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी के कार्यभार संभालने के बाद एक बार भी बोर्ड की बैठक आयोजित नहीं करवाई गई है। कस्बे में सफाई व्यवस्था नहीं है रोड लाइट खराब पड़ी है सफाई व्यवस्था में मात्र 10 कर्मचारी काम कर रहे हैं जबकि 50 कर्मचारियों का वेतन उठाया जा रहा है। कस्बे में समतलीकरण के लिए मिट्टी डलवाने के काम में भी घोटाला किया गया है म%छरों के प्रकोप से बचने के लिए फोगिंग कराने के नाम पर 2 लाख रुपए उठाए गए हैं जबकि कस्बे में फॉगिंग कार्रवाई ही नहीं गई है। जब अध्यक्ष और नगर पालिका ईओ प्रवीण शर्मा से इस बात की जानकारी लेना चाहते हैं तो वह उन्हें धमका कर बाहर भेज देते हैं। बुधवार को पार्षद सनी, राजेश, अनिल, मुकेश गुप्ता, मोनू जाट, पार्षद काजल देवी के पति पवन सहित इंद्राज एवं अन्य पार्षद जब प्रवीण शर्मा के पास बोर्ड बैठक आयोजित करने सहित कर्मचारियों की अटेंडेंस का रजिस्टर दिखाने के मामले को लेकर गए तो इन्होंने उन्हें धमका कर बाहर भेज दिया और शांति भंग का मामला दर्ज करवाने की धमकी तक दे डाली। वहीं नगर पालिका ईओ प्रवीण शर्मा ने बताया कि उनके पास कुछ पार्षद बोर्ड की बैठक आयोजित करने का मामला लेकर आए थे। नगर पालिका में कर्मचारियों का अभाव है कार्यालय में अकाउंटेंट का पद खाली है उनके द्वारा खाली पद भरने के लिए उ%च अधिकारियों को लिखित में दिया गया है। कुछ बजट प्रस्ताव भी लेने हैं कर्मचारियों के अभाव में सभी प्रस्ताव अटके पड़े हैं। कर्मचारियों की नियुक्ति होते ही बोर्ड बैठक का आयोजन किया जाएगा और सभी विकास के काम करवाए जाएंगे। मिट्टी डलवाने और फोगिंग में पैसे उठाने के मामले की उन्हें जानकारी नहीं है। पार्षद उनके कार्यालय में आकर शोर शराबा करने लगे तो उन्होंने शांति भंग करने के लिए मना जरूर किया था। जब पार्षद नहीं माने तो पुलिस बुलाने की बात भी उन्होंने कही थी। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि उनके द्वारा सभी विकास काम करवाए जा रहे हैं। कस्बे की सफाई व्यवस्था पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। कस्बे की सफाई में 10 कर्मचारी लगातार काम कर रहे हैं और किसी प्रकार का कोई घोटाला नहीं हो रहा है। स्ट्रीट लाइटों को भी लगाने का काम किया जा रहा है। पार्षदों के द्वारा अनावश्यक रूप से शोर सराबा कर काम में बाधा डाली जा रही है।

### अभिनेत्रियों ने दिये सर्दी में स्टाइलिश रहने के टिप्स

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** सर्दियों में स्टाइल और कफर्ट का परफेक्ट मेल बनाना जरूरी हो जाता है। एण्डटीवी के चर्चित कलाकार, जो अपनी ऑनस्क्रीन मौजूदगी से दर्शकों का दिल जीतते हैं, अब बता रहे हैं कि ठंड के मौसम में भी कैसे फैशनेबल और कंफर्टेबल रहा जा सकता है। उनके ये विंटर स्टाइल टिप्स न केवल ट्रेंडी हैं, बल्कि आपको गर्माहट और कोज़ीनेस का अहसास भी दिलाते हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- नेहा जोशी (कृष्णा देवी वाजपेयी, 'अटल'), स्मिता सेबल (धनिया, 'भीमा'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')।

### मशहूर लेखक बर्जिस देसाई की क्राइम थ्रिलर किताब मर्डर एट द रेसकोर्स लॉन्च

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जाने-माने वकील और प्रसिद्ध लेखक बर्जिस देसाई का नवीनतम उपन्यास मर्डर एट द रेसकोर्स का अनावरण किया गया है। यह उपन्यास आपको हॉर्स रेसिंग की जोखिम भरी दुनिया के गहरे अंधेरे में एक रोमांचक गोता लगाने ले जाता है। -ओह! धोस पारसी, द बावाजी और टावर्स ऑफ साइलेंस को समीक्षकों द्वारा सराहा गया। अब साज़िशों, घोटालों और अप्रत्याशित मोड़ों से भरा साज़िशों का यह नया उपन्यास पहले से ही अपराध और रहस्य प्रशंसकों के बीच हलचल पैदा कर रहा है। फिर भी, रेसकोर्स की पृष्ठभूमि अपने आप में बहुत रोमांचक है क्योंकि यह एक ऐसी जगह है जहाँ किस्मत सेकंडों में बनती और टूटती है। ऐसी हृदय विदारक पृष्ठभूमि में नारी मनसुखानी नामक कु यात प्रशिक्षक की हत्या हो जाती है। इसके बाद घटनाओं का एक जाल है जो हॉर्स रेसिंग की दुनिया को हिलाकर रख देता है। इसके बाद होने वाली जांच में भ्रष्टाचार, डोपिंग और विश्वासघात का एक घातक कॉकटेल उजागर होता है जो भारत के शीर्ष पुलिस अधिकारियों को भी चकित कर देता है। पुस्तक के पृष्ठ-दर-पृष्ठ मोड़ पाठकों को लगातार बांधे रखते हैं।

### एमडीएम हॉस्पिटल में आग से झुलसी महिला की मौत

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जोधपुर के मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल में आग लगने के बाद झुलसी महिला की मौत हो गई। आगजनी की घटना दो दिन पहले की है। महिला ने इलाज के दौरान आज सुबह करीब 11 बजे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

आग लगने के बाद महिला के पति हॉस्पिटल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया था। घटना के दिन हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर नवीन किशोरिया का कहना था कि महिला के साथ एक अटेंडेंट (उसका पति) था। उसने बीड़ी सुलगाकर डस्टबीन में फेंक दी, जिससे आग लगी थी। मामले के अनुसार 18 नवंबर को मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल के जनरल वाडज़् में आग लग गई थी। वाडज़् में जैतारण (पाली) की रहने वाली महिला भतीज़् थी। आग में महिला का ऑक्सीजन मास्क वाला हिस्सा जल गया था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर के स्थान पर 22 दिसम्बर को होगा



**दौसा।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दौसा द्वारा वर्ष 2024 की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14दिसम्बर के स्थान पर 2222 दिसम्बर रविवार को किया जावेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव बृजेश कुमार ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालयों में बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव होने से राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिक कुशल और बेहतर तरीके से आयोजित किए जाने को दृष्टिगत रखते हुए समस्त अधीनस्थ न्यायालयों / न्यायाधिकरणों / प्राधिकरियों/आयोगों / मंचों/अन्य अर्द्धन्यायिक कार्यवाहियों की सुनवाई करने वाले प्राधिकारियों में 14दिसम्बर के स्थान पर दिनांक 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जावेगी। 22 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन बाबत् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दौसा के सचिव बृजेश कुमार द्वारा दौसा मुख्यालय स्थित बैंक, बीमा, विद्युत, जल एवं नगर परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में सचिव द्वारा बैंक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित धारा 138 एनआई एक्ट तथा धन वसूली के मामलों को चिन्हित कर आपसी राजीनामा से निस्तारित करने के प्रयास करने के निर्देश दिए गए। सचिव द्वारा बैंक अधिकारियों को पक्षकारों से प्रि काउन्सलिंग के समय गाईडलाईन के अनुसार छूट भी दिए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सचिव द्वारा बैंक अधिकारियों को प्रि लिटिगेशन के अधिकाधिक प्रकरण प्राधिकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं संबंधित तालुका विधिक सेवा समिति में पेश करने हेतु कहा गया। सचिव द्वारा बैठक में विद्युत व जल विभाग के अधिकारियों को भी बकाया लंबित बिलों के अधिक से अधिक प्रकरणों को प्रि लिटिगेशन के माध्यम से निस्तारित कराने हेतु निर्देश दिए गए। सचिव द्वारा बीमा कम्पनी के अधिकारियों को मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण में लंबित प्रकरणों को आपसी राजीनामा से निस्तारित कराने हेतु निर्देश दिए। बैठक में नगर परिषद आयुक्त कमलेश कुमार भी उपस्थित रहे। सचिव द्वारा आयुक्त को नगर परिषद के न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को आपसी समझाईश से निस्तारित कराने हेतु प्रेरित किया।

## शिक्षा के साथ प्रतिभागी खेल प्रतियोगिताओं में भी ले हिस्सा: सिंह



**बहरोड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालय खो खो प्रतियोगिता का शुभारंभ कस्बे के नारायणी देवी पीजी महिला महाविद्यालय मे विधिवत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी के सिंह ने कहा कि छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर मत्स्य विश्वविद्यालय के वी सी नोमिनी डॉ गंगाश्याम गुर्जर ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई और खेलों के महत्व को समझाया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. नीलम यादव ने बताया कि खेल स्वस्थ तन और मन के साथ हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है, इसलिए सभी प्रतिभाएं खेलों के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों का स्वागत कर कार्यक्रम की जानकारी दी। नारायणी देवी महिला महाविद्यालय बहरोड़ व जानकी देवी कॉलेज थानागाजी के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें नारायणी देवी कॉलेज विजेता रही। इस दौरान प्रोफेसर डॉ इंद्रजीत यादव, डॉ भूपसिंह योगी, डॉ अमित योगी, जगदीश गुर्जर, शिशुपाल यादव, डॉ. ओम प्रकाश यादव, डॉ. संजय यादव, राधेश्याम यादव, जगमाल यादव, डॉ देवेंद्र यादव, डॉ प्रताप सिंह, पृथ्वीराज यादव, रामरतन सूद, देवेंद्र यादव, जगबीर यादव, जितेंद्र यादव, निशा यादव, मीनाक्षी यादव, पूजा यादव सहित समस्त स्टाफ व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विशेष योग्यजन यूडीआईडी चिन्हीकरण शिविर आयोजित

**कोटपुतली।** जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पंचायत समिति सभागार में विशेष योग्यजन यूडीआईडी (चिन्हीकरण) और संयुक्त सहायता अनुदान ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार पिंगोलिया ने दिव्यांगजनों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में प्रदान की। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि शिविर में 66 व्यक्तियों का यूडीआईडी पंजीकरण और 60 आवेदन कृत्रिम अंग व उपकरण के लिए प्राप्त हुए। चयनित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 15 दिसंबर को जिला मुख्यालयों पर आयोजित शिविर में कृत्रिम अंग और उपकरण वितरित किए जाएंगे। शिविर में डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. ममता वर्मा, डॉ. श्याम सुंदर, रामनिवास यादव, विनोद कुमार सैनी, सीएचओ संदीप कुमार यादव, और विभागीय अधिकारी तेजपाल वर्मा, देवेंद्र यादव, मोनू शर्मा सहित अन्य चिकित्सा एवं विभागीय कर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं।

## एडीजे रेखा यादव ने किया जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण



**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष सतीश चंद के निर्देशन में 20 नवम्बर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक के संबंध में नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने एवं केस टेबिल संधारित किये जाने के निर्देश दिये। निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली। बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरुद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव के अलावा, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी आराधना शर्मा, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इंद्रेश शर्मा, प्राधिकरण के लिपिक सुरेन्द्र सिंह, आशुलिपिक राहुल डण्डोतिया, जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## राजकीय एलबीएस महाविद्यालय में व्याख्यानमाला का आयोजन

**कोटपूतली ( हुक्मनामा समाचार )।** राजकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में बुधवार को महिला प्रकोष्ठ, आंतरिक शिकायत समिति और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित अधिनियम 2013 और महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन विषयों पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. उर्मिल महिलावत ने विद्यार्थियों को व्याख्यानों से सीखने और उन्हें अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित किया।

सहायक आचार्य प्रो. शुभलता यादव ने अपने व्याख्यान में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से बचाव, रोकथाम और निवारण अधिनियम 2013 पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस अधिनियम की पृष्ठभूमि, मुख्य प्रावधानों और इसकी कमियों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सीईडीएडब्ल्यू विशाखा दिशा-निर्देश और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पारित प्रावधानों की जानकारी दी। महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति के कार्यों और उद्देश्यों की भी जानकारी साझा की। सह आचार्य प्रो. बबीता यादव ने महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कौशल विकास, स्वयं सहायता समूहों की स्थापना और लघु एवं मध्यम उद्योगों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

## स्टेट ओपन स्कूल 10 वीं 12 वीं की परीक्षा 25 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलेगी

**शाहपुरा ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की अक्टूबर - नवंबर की परीक्षाएं 25 नवंबर से शुरू होगी। 10 वीं व 12 वीं की परीक्षाएं 16 दिसंबर तक चलेगी। अभ्यर्थियों को अपनी एसएसओ आईडी के जरिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने होंगे। परीक्षा का समय दोपहर से शाम 4 बजे तक होगा। प्रायोगिक परीक्षाएं 27 नवंबर से 16 दिसंबर तक होगी। 27 नवंबर तथा 5 दिसम्बर को 12 वीं कक्षा की परीक्षाएं दो पारी में होगी।

## झारखंड में जेएमएम का सूपड़ा साफ़, 50 सीटों से अधिक सीटें जीत भाजपा बनाएगी सरकार

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** झारखंड विधानसभा चुनाव अपने अंतिम चरण में है। ऐसे में जीत की पक्की गारंटी के साथ मैदान में उतरे राजनीतिक चाणक्य ने जहाँ झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का दावा किया है। साथ उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव में 50 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। जिसने यह बात साफ़ ज़ाहिर कर दी है कि, झारखंड में भ्रष्टाचारी जेएमएम पार्टी का सूपड़ा साफ़ होने जा रहा है। वहाँ प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व और कुशल रणनीतिकार अमित शाह की बादौलत भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। क्योंकि झारखंड की जनता समझ गई है कि उनकी रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के साथ संपूर्ण झारखंड का विकास सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी कर सकती है और कोई नहीं। ज़ाहिर है कि, 5 साल पहले झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार आई थी। जिसने न सिर्फ झारखंड में भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं लाँघ दी। साथ ही हेमंत सोरेन ने तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया। जिसमें उन्होंने न सिर्फ घुसपैठियों का समर्थन किया। बल्कि अपने वोट बैंक के लालच में हेमंत सोरेन न घुसपैठियों को झारखंड में घुसाकर आदिवासियों की भूमि और जनसंख्या को कम करने का काम किया है। जबकि दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह झारखंड की जनता के सामने कई बार कह चुके हैं कि भाजपा सरकार बनने के बाद यहाँ से हर घुसपैठिए को चुन-चुनकर देश से बाहर निकाला जाएगा। साथ भारतीय जनता पार्टी आदिवासियों के ज़मीन की रक्षा के लिए क़ानून लेकर आएगी। आज झारखंड की जनता जानती है कि एक तरफ़ जेएमएम पार्टी के नेताओं के घर से करोड़ों रुपये कैश निकल रहे हैं। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये निकल रहे हैं। वहीं हेमंत सोरेन की पार्टी सनातन विरोध में राम नवमी जुलूस पर भी रोक लगाती है। सिर्फ यही नहीं बीते पाँच वर्षों में हुए पेपर लीक, बेरोजगारी से युवा त्रस्त है।

# अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** निदेशालय बाल अधिकारिता विभाग जयपुर के निर्देशानुसार नगर परिषद सभागार में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस का आयोजन कर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय 1989 को याद किया गया, जिसमें बच्चों के चार अधिकार जीवन का अधिकार, विकास अधिकार, संरक्षण का अधिकार एवं सहभागिता का अधिकार प्रतिपादित किये गए। डीसीपीयू के केयर अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे रेखा यादव रहीं, जिनके द्वारा बच्चों के संबंध में विभिन्न कानूनों में प्रदान किये गए संरक्षण, शी-बॉक्स पोर्टल, एफआईआर की प्रक्रिया के बारे में बताया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली नि:शुल्क विधिक सहायता, काउंसलिंग एवं बाल पीड़ितों को नालसा एवं रालसा स्कीम के तहत प्रदान की जाने वाली पीड़ित प्रतिकर स्कीम की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड राकेश कुमार परमार द्वारा बोर्ड की कार्यप्रणाली समझाते हुए किशोर न्याय अधिनियम के विषय में व्याख्यान दिया। अतिविशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दाउदायल शर्मा ने बताया कि बच्चों में आत्मविश्वास का होना बहुत आवश्यक है, तभी वे अपने अधिकारों को संरक्षित रखते हुए जीवन में आगे बढ़ सकते हैं एवं विद्यालयों में किये गए हैल्पलाइन अंकन कार्य के बारे में बताया। सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई विश्व देव पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा समझाते हुए कहा कि विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार 15 बालिका विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आधार कार्ड आदि दस्तावेजों में बालकों की जन्मतिथि में परिवर्तन कर बाल विवाह जैसे गैर कानूनी कार्य करने की परंपरा समाज में पनप रही है, जिसे शीघ्र ही समाप्त करने की आवश्यकता है। यूआईडीएआई के अनुसार आधार कार्ड जन्मतिथि का प्रमाण नहीं है एवं विद्यालय रिकॉर्ड में दर्ज जन्म तिथि ही प्राथमिक दस्तावेज है। महंत हनुमान दास ने बताया कि बच्चों को किसी अपराध को सहन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे अपराधियों को शह मिलती है और अपराध बढ़ते हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन कॉर्डिनेटर हरवेन्द्र शर्मा द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल शोषण विषय पर हैल्पलाईन 1098 की कार्यप्रणाली समझाई गई। कार्यक्रम में कारा एडोप्शन मूवी, गुड टच बैड टच से संबंधित कोमल मूवी, बाल श्रम से संबंधित एजूकेशन काउंट्स मूवी एवं एनसीपीसआर द्वारा जारी पॉक्सो वीडियोज का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। मयूरी विशेष विद्यालय तथा एवीएम कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में अधीक्षक सम्प्रेक्षण गृह रामराज मीणा, धर्मगुरू, सामूहिक विवाह आयोजनकर्ता संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रिंटिंग प्रेस एवं मैरिज होम संचालक, स्कूली बच्चे एवं एनजीओ जन साहस, मंजरी फाउंडेशन आदि के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# बदलाव का सबसे बडा माध्यम है शिक्षा : उपराष्ट्रपति

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- बच्चों को कौशलयुक्त बनाएगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020



**झुंझुनूं, ( हुक्मनामा समाचार )।** उपराष्टपति जगदीप धनखड ने बुधवार को कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव और समानता स्थापित करने का सबसे बडा माध्यम है। शिक्षा समाज में समानता को बडावा देती है और असमानता को समाप्त करती है। शिक्षा हमें जो चरित्र प्रदान करती है, वही हमें परिभाषित करता है। झुंझुनूं जिले के काजडा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए विश्व बाल दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में उपराष्टपति जगदीप धनखड ने अनुशासन, संस्कार और मानव निर्माण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आपकी उम्र में संस्कारी बनना आवश्यक है। माता-पिता का सम्मान करना, गुरुजनों को प्रणाम करना, आपसी भाईचारे को बडाना और अनुशासन दिखाना आपके जीवन के अभिन्न हिस्से होने चाहिए। मानव निर्माण के लिए श्रेष्ठ आदतों का संचार आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं के लिए उभरते अवसरों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की सरकारी नीतियों ने आपकी प्रतिभा को चमकाने के लिए अनेक मंच प्रदान किए हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्टपति ने कहा कि आप सभी ग्रामीण भारत की रीड की हड्डी हैं। याद रखें भारत की आत्मा ग्रामीण अंचल में ही है। हमारी जडें ग्रामीण भारत में ही मजबूत होती हैं। हमारा अन्नदाता किसान भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही रहता है। उन्होंने कहा कि पंचायत राज और नगर पालिका जैसी संस्थाओं के माध्यम से भारत ने लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक सशक्त किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना करते हुए उपराष्टपति ने इसे एक गेम-चेंजर बताया। उन्होंने कहा कि तीन दशकों के बाद भारत को एक नई शिक्षा नीति मिली है, जिसका उद्देश्य छात्रों को केवल पुस्तकों और डिग्रियों के बोझ से मुक्त करना और उन्हें कौशलयुक्त बनाना है। यह नीति भारत को 2047 तक विकसित भारत के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए आग्रह किया कि वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी के नाम पर पेड लगाएं। उन्होंने संस्थानों से अपील की कि वे इस नेक कार्य को 'मिशन मोड' में लेकर चलें। उपराष्टपति ने कहा कि जब आप इस विद्यालय से बाहर जाएं, तो आपको ऐसा अनुकरणीय आचरण दिखाना चाहिए, जो इस विद्यालय के गौरव को बडाए। उपराष्टपति ने अंत में बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और उनकी कार्यशैली की सराहना की, जिसने भारत के युवाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए मंच प्रदान किया है। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, नवोदय विद्यालय समिति की आयुक्त एवं शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव प्राची पांडेय, संयुक्त आयुक्त गजेंद्र, संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, जिला कलक्टर रामावतार मीणा, एसपी शरद चौधरी, नवोदय विद्यालय समिति जयपुर के उपायुक्त डॉ अजय कुमार, सह आयुक्त सोमवीर पूनिया, जेएनवी काजडा, झुंझुनूं के प्राचार्य संजय कुमार यादव एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक मुकेश भाकर का 36 वॉ जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया



**घड़साना,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान के युवाओं व किसानों की आवाज, राजस्थान युवा कांग्रेस व एनएसयूआई राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, दूसरी बार लाडनूं विधानसभा से विधायक मुकेश जी भाकर के 36 वे जन्म दिवस पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर झुग्गी झोपड़ियों में फल फरुट वितरित किए इस मौके पर प्रदेश सचिव सरवर जसलेरा ने काहा कि आज हमारे नेता मुकेश भाकर का जन्म दिन है मुकेश भाकर कि लम्बी उम्र कामना कि जसलेरा ने कहा कि राजस्थान के युवाओं में सबसे लोकप्रिय युवा नेता हैं छात्र जीवन से ही छात्रों युवाओं किसानों के हक और अधिकारों के लिए संघर्षो कि एक मिसाल है जिस प्रकार भाकर ने राजस्थान कि राजनीति में अपनी जगह मजबुती से बनाई है आज के युवा वर्ग को नशा पता व गलत रास्ते को छोड़ कर मुकेश भाकर के लक्ष्य कदम को देख कर सीख लेनी चाहिए इस कार्यक्रम में अजीत पाल निठारवाल लूणा राम जाखड़ रमेश बिश्नोई छात्र संघ अध्यक्ष विक्रम पुनिया अल्लाह रखा जगदीश मेघवाल राकेश राइका अलताक जसलेरा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कौमी एकता सप्ताह अंतर्गत हुए विभिन्न कार्यक्रम

**रतनगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** स्थानीय राजकीय जालन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे कार्यक्रम कौमी एकता सप्ताह के आज बुधवार को दूसरे दिन प्राचार्य प्रोफेसर ए के सक्सेना की अध्यक्षता में विविधता में एकता पर हुआ कार्यक्रम। डॉ. सक्सेना ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द की बात कही तथा मिलजुल कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो कल्याण सिंह चारण ने उदाहरण देते हुए स्वयंसेवकों को विविधता में एकता के बारे में विस्तार से समझाया तथा एक दूसरे की हर संभव मदद करने और भारत के एक अच्छे नागरिक के रूप में उभर कर विश्व में पहचान बनाने की बात कही। कार्यक्रम संयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुशील त्यागी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को यूनिटी इन डाइवर्सिटी के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे यहां एक ही छत के नीचे एक ही अंब्रेला के नीचे विभिन्न भाषा बोलने वाले, विभिन्न धर्मो के लोग व विभिन्न जातियों के लोग एक साथ रहते हैं। कार्यक्रम को डॉ के सी जोशी एवं प्रो शैलेश कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में विद्यार्थी गण मौजूद थे।

## बालिकाओ को दी गई शारेरिक बदलाव के बारे मे जानकारी

**रतनगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना द्वारा शहर में आमजन की सुविधा हेतु सीवरेज प्रणाली के विकास के लिये विभिन्न आधारभूत विकास कार्य के साथ ही इन कार्यों के प्रति आमजन की सहभागिता, सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर विभिन्न विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम भी करवाये। इसी क्रम में अधिशाषी अभियन्ता आर डी गर्ग के निर्देशन मे वार्ड वार्ड न 23 के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवीन गौरीसरिया की ढाणी में बालिकाओं के लिए जागरुकता कार्यकम रखा गया। इस कार्यक्रम में शाला की शिक्षका वन्दना व अरुणा झा, आंगनवाडी कार्यकर्ता सुमित्रा ने बालिकाओं को मासिक धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की ये प्राकृतिक है। इससे डरने व घबराने की आवश्यकता नही है। मासिक धर्म के लक्षण व मासिक धर्म के दौरान सेनटरी नेपकीन के प्रयोग व स्वच्छता के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई । एल एण्ड कम्पनी से कविता स्वामी ने बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे मे बताया । कार्यक्रम का संचालन काजल सांखला ने किया।

## रैली निकाल कर दिया नशा मुक्ति का संदेश

**सुजानगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** जीएचएस राजकीय महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण और नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य विनीता चौधरी ने विद्यार्थियों को नशा नहीं करने और नशा मुक्त भारत बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई। सभी प्रकार के नशों से दूर रहने की सलाह देते हुए प्राचार्य ने कहा कि नशा एक बुराई है जो हमारे जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति न केवल अपने परिवार बल्कि समाज पर भी बोझ बन जाता है। उन्होंने ने कहा कि नशा मुक्ति समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यह सभी की जि6मेदारी है कि समाज को नशे से मुक्त करने के लिए सक्रिय प्रयास किए जाएं। शपथ ग्रहण के बाद प्रभारी हरिलाल जांगिड़ के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति रैली निकाल कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और उपस्थित लोगों को नशा मुक्त जीवन का महत्व समझाया गया। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. बी.एस. बैरवा, प्रमोद कुमार, डॉ.योगेश कुमार कगा, धन्नाराम जानू, प्रदीप कुमार जोशी, विजय सिंह, और दिव्या जांगिड़ सहित स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पूर्व सरपंच हत्याकांड में आरोपियों को मिली जमानत सुप्रीम कोर्ट ने की रद्द

**जयपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** सुप्रीम कोर्ट ने नीमराणा के सिलापुर गांव के पूर्व सरपंच दिनेश कुमार की गोली मारकर हत्या करने से जुडे मामले में तीन आरोपियों को राजस्थान हाईकोर्ट से मिली जमानत को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपियों सत्यप्रकाश, अभिमन्यु और जयवीर को तुरंत सरेंडर करने को कहा है। सीजेआई संजीव खन्ना जस्टिस संजय कुमार की खंडपीठ ने आदेश मृतक के भाई की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट ने अपराध की गंभीरता और आरोप पत्र में पेश साक्ष्यों को देखे बिना अपराध होने के एक साल के भीतर आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया। आरोप पत्र में तीनों आरोपियों पर हत्या की योजना बनाने और आपराधिक षड्यंत्र में स्पष्ट भूमिका बताई गई थी। ऐसे में हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त किया जाए। वहीं आरोपियों की ओर से कहा गया कि उसे प्रकरण में फंसाया गया है। वे सिर्फ घटना स्थल पर मौजूद थे। वहीं उनसे बरामद हथियार की एफएसएल रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। इसके अलावा उन्हें मिली जमानत को रद्द करने के बजाए उन पर अतिरिक्त शर्तें लगाई जा सकती है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को मिली जमानत को रद्द करते हुए आरोपियों को सरेंडर करने को कहा है।

## डिप्लोमा सर्टिफिकेट मिलने से पहले ही 62 डिप्लोमा इंजीनियर्स का बैंको प्रोडक्ट्स इंडिया लिमिटेड में चयन



**पिलानी,( हुक्मनामा समाचार )।** बिरला टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट पिलानी के 62 डिप्लोमा इंजीनियर्स का बैंको प्रोडक्ट्स इंडिया लिमिटेड वडोदरा, गुजरात में चयन हुआ है। प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ ने बताया कि डिप्लोमा अंतिम सेमेस्टर के स्टूडेंट्स का इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है तथा पास आउट स्टूडेंट्स को एक दिसम्बर 2024 से कम्पनी रोल पर ज्वाईन करने का आफर मिला है। उन्होने बताया कि एचआर सुशांत कुमार व टेक्निकल हैड वीवीएन पटेल ने टेक्निकल राउंड व एचआर राउंड के बाद इन स्टूडेंट्स का चयन किया। इन्हे कंपनी रोल पर चयन करते हुए ऑफर लेटर दिया है। संस्थान निदेशक डॉ. एसएम प्रसन्न कुमार व जीएम कर्मिशियल केके पारीक ने चयनित स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए उन्हे शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपप्राचार्य निरंजन शर्मा, एचओडी शेरसिंह, प्लेसमेंट सेल अधिकारी प्रशांत अग्रवाल, नितेश कोठारी, मुकेश कौशिक सहित स्टाफ सदस्य व स्टूडेंट्स मौजूद थे।

## अश्विन भारद्वाज का अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता टीम में चयन



**भुसावर,( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भरतपुर जिले की टीम की घोषणा की गई जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिन शत्रुघ्न तिवारी ने बताया कि भरतपुर जिले की टीम मेंअश्विन भारद्वाज का चयन हुआ है! अश्विन भारद्वाज के अंडर-14 टीम में चयन होने पर शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक डॉ. एम. के. शर्मा, मानद सदस्य डॉ एस एन लाहा, संजीव अरोडा, डा. आर एन उपाध्याय, पंकज शर्मा, जनवि आगरा के प्राचार्य के. डी. गोस्वामी, विप्र फाउंडेशन के इन्दु शेखर शर्मा, देवाशीष भारद्वाज, दयानन्द पचौरी, गंगाराम पाराशर, एडवोकेट योगेश शर्मा, सेफ इण्डिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यतेन्द्र पाण्डेय्, मनीष शर्मा, राजेन्द्र पाण्डेय्, सहित अनेक खेल प्रेमियों ने बधाईयाँ दी है!

## भर्तियों के मुद्दों के निस्तारण के लिए क्यों न अलग से बने शिकायत निवारण प्रकोष्ठ-हाईकोर्ट

**जयपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकारी भर्तियों में अभ्यर्थियों के अलग-अलग तथ्यात्मक मुद्दों के निस्तारण के लिए अलग से शिकायत निवारण प्रकोष्ठ बनाए जाने की मंशा जताई है। अदालत ने कहा कि क्यों न हाईकोर्ट में याचिका दायर करने से पहले इस प्रकोष्ठ में मामला पेश किया जाए और यहां अपीलीय अधिकारी स्तर पर मुद्दों को तय किया जाए। इसके बाद भी यदि अभ्यर्थी संतुष्ठ न हो तो फिर हाईकोर्ट में याचिका पेश की जाए। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से भर्तियों से जुडे विभिन्न मुद्दों के निस्तारण के लिए कोई आयोग या कमेटी नहीं है। ऐसे में सीधे हाईकोर्ट आने से अदालत पर भी केसों का भार बढ रहा है। अदालत ने 22 नवंबर को प्रमुख चिकित्सा सचिव को भी इस संबंध में पक्ष रखने को कहा है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश एएनएम भर्ती से जुडे विभिन्न मुद्दों पर दायर ज्योति कुमारी मीना व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि एएनएम भर्ती में भी कई बिन्दुओं पर अलग-अलग याचिकाएं दायर हुई हैं। यह सभी याचिकाएं तथ्य आधारित हैं और इन सभी में एक साथ सुनवाई किया जाना मुश्किल है। इसलिए राज्य सरकार भर्तियों से जुडे इन सभी तथ्यों के लिए एक आयोग या कमेटी बनाए, ताकि वह पता कर सके कि अभ्यर्थियों को नियुक्ति किन कारणों से नहीं दी जा रही। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता रामप्रताप सैनी और तनवीर अहमद ने कहा कि वर्तमान में गृह विभाग, चिकित्सा विभाग व शिक्षा विभाग से जुडी भर्तियों के ही सर्वाधिक मामले हाईकोर्ट में आते हैं। इन भर्तियों से जुडे विभागों के लिए भी दिशा-निर्देश दिए जाए। दूसरी ओर डेंटल ऑफिसर भर्ती-2024 के विवादित प्रश्न-उत्तर मामले में हाईकोर्ट में सभी पक्षों की बहस पूरी हो गई। अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## कागज का उद्योग बदल सकता है आम आदमी की तकदीर : एनी बिल्सबोल

**उदयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** डेनमार्क की प्रसिद्ध हस्तनिर्मित कागज निर्माण विदूषी एनी बिल्सबोल का कहना है कि कागज बनाने का लघु उधोग भारत में किसी भी सामान्य परिवार का जीवन बदल सकता है। वे विश्व धरोहर सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर जर्नादनराय नागर विद्यापीठ के साहित्य संस्थान की ओर से प्रताप नगर स्थित विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने अपने व्याख्यान में चीन, कोरिया, म्यांमार तथा भारत में कागज के इतिहास पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि भारत के कागज उद्योग को अंग्रेजों ने नष्ट कर दिया। इसलिए इण्डिया इज ए वुण्डेड पेपर हिस्ट्री। एनी बिल्सबोल ने बताया कि चीन में झाई लुन को कागज का जनक माना जाता है। वह दिखने में किसी भारतीय बौद्ध भिक्षु जैसा है। इसलिए मान्यता है कि भारतीय बौद्ध भिक्षु कागज बनाने की विधा भारत से चीन ले गए। उन्होंने कहा कि कागज के इतिहास के दो भाग हैं - 1. उत्पत्ति की कहानी व 2. परम्परा (परम्परा पूर्वी और पश्चिमी)। चीन में कागज चावल के तने और पत्तों तथा कच्चे बांस से बनता था। वहीं मिस्र में पेपरिस घास से। भारत में कागज वृक्ष के पत्तों की लुग्दी से बनता था। चीन में कागज ई. पू. द्वितीय शताब्दी में हान राजवंश के समय बनना प्रारम्भ हुआ। 1वीं सदी से इसके प्रमाण बडे पैमान पर मिलते हैं। चीन से कागज यात्रा कर जापान, कोरिया और पश्चिम के देशों में पहुंचा। चीन में जेइजियांग प्रांत में फू-चुन नदी के किनारे 1700 वर्षों से कागज बनाया जा रहा है। इसके लिए वह चावल के तने और पत्तों तथा कच्चे बांस को चूने के साथ प्रोसस करते हैं। बिल्सबोल ने जापान में कागज की परम्परा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वहां मान्यता है कि कागज की उत्पत्ति देवीय है और इसे पहली बार कोवा कामी गोजेन नामक देवी ने बनाया था। जापान में कागज शहतूत के पत्तों से बनाया जाता था। बिल्सबोल के अनुसार ऐसे हस्तनिर्मित कागज की तकनीक म्यांमार से मध्यकाल में भारत पहुंची। भारतीय के लोग लेखनी की तरह कागज का सम्मान नहीं करते हैं। उन्होंने भारत में अनेक प्राचीन हस्तलिखित कागज के स्थलों का विस्तार से जिक्र किया। घोसुन्डा और लखावली के चित्र भी दिखाए और कहा कि भारत के बाजारों में बिक रहा तथाकथित हस्तनिर्मित कागज हाथ का बना नहीं है। उन्होंने यह बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है, यहाँ लगभग पूरे देश में विशाल मात्रा में ऐसे पौधे, घास व झाडियां होती है, जिनमें भरपूर मात्रा में रेशा होता है, जो कागज बनने में उपयोगी है। भारत के विभिन्न हिस्सों में हस्तनिर्मित कागज के लघु उद्योग लगाये जाएं तो भारत को वैश्विक स्तर पर विशाल बाजार मिल सकता है।

## तापमान गिरने से बढ़ी ठंड कोहरा

**सीकर।** ठंड ने जिले में दस्तक दे दी तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ गई न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, अधिकतम तापमान में भी एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार कोहरा छाए रहेगा। रविवार से जिले में ठंड बढ़ गई है। गुरूवार का अधिकतम तापमान में 27.4 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान में 6.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही रात में कोहरे की चादर छाने लगी है। सुबह भी 10 बजे तक आसमान में कोहरे की चादर छाई रहती है ठंड और बढ़ गई। इधर, ठंड बढ़ने से लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए हैं। लोग अब सुबह और शाम के वक्त स्वेटर और जैकेट पहनकर ही बाहर निकल रहे हैं। मॉर्निंग वॉक पर भी लोग अब गर्म कपड़े पहनकर जाने लगे हैं।

## एसडीएम ने किया चापटिया तलाई का निरीक्षण

**सुजानगढ़।** उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने चापटिया तलाई का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि चापटिया तलाई पर पहले दीवार निर्माण का नगरपरिषद द्वारा संवेदक के माध्यम से काम शुरू किया गया था, लेकिन बरसात के कारण काम रूक गया। लेकिन बरसात के बाद वापस काम शुरू हुआ है या नहीं, इसका निरीक्षण किया गया है। कमिश्नर को तत्काल दीवार निर्माण काम शुरू करवाने के निर्देश दिये जायेंगे, ताकि आगामी बरसात से पहले काम पूरा हो जाये। प्रगति नगर की ओर से आ रहे नाले को जोड़ने के सवाल पर एसडीएम ने बताया कि ढ़लान है उस ओर से नाला आयेगा तथा नाला जोड़ने से पहले पानी निकासी का इंतजाम किया जावे।

## महरिया की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित



**सीकर,( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व सरपंच एवं पार्षद रहे स्वर्गीय जगदीश महरिया एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती कैलाश महरिया की स्मृति में बुधवार को रामदेव सिंह महरिया मार्ग स्थित ओमेगा किड्स स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में युवा व क्षेत्रवासियो ने बढ चढ़कर भाग लिया।शिविर संयोजक महिपाल महरिया एवं ब्लड मोटीवेटर बी एल मील ने बताया कि शिविर का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया , पूर्व विधायक नंदकिशोर महरिया, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष चिरंजी लाल महरिया ,रणधीर महरिया ने स्वर्गीय जगदीश महरिया एवं श्रीमती कैलाश महरिया के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। स्वर्गीय जगदीश महरिया एवं श्रीमती कैलाश महरिया मिलनसार एवं सच्चे समाजसेवी थे जिन्होंने जीवन के आखिरी वक़्त तक गरीब व असहाय लोगों की सहायता के लिए लगे रहे।रक्तदान शिविर में भूमि विकास बैंक अध्यक्ष कैलाश शर्मा, दौलतपुरा सरपंच दिनेश आर्य, अशफाक कायमखानी, प्रोफेसर गजेंद्र महरिया, बृजमोहन सुंडा राहुल बाजिया ,रक्त मोटीवेटर बी एल मील, श्री कल्याण राजकीय मेडिकल कॉलेज लैब अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी, सचिन महरिया. डॉक्टर जितेंद्र सिंह खीचड़ नंदलाल मील,हरीश जाखड़ ,ओमेगा किड्स स्कूल डायरेक्टर पूजा महरिया, पार्षद अब्दुल रज्जाक पंवार, मदनप्रकाश मावलिया, अनिल मील, प्रधानाचार्या अनिता आर्य, मनीष आर्य, डॉ उमेश धायल , डॉ मनीषा , संगीता सुंडा,महेन्द्र जाखड़, अजीत निर्वाण, फतेह सिंह महरिया, विकास सुन्डा, सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों ने शिरकत कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

## जेडीए के नोटिस के खिलाफ जयपुर विवाह स्थल समिति हुई लामबंद




**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर के विवाह स्थलों को दिए गए नोटिस के खिलाफ जेएलएन मार्ग स्थित माधवम बैंकट हॉल में जयपुर विवाह स्थल समिति की आपात कालीन मीटिंग आयोजित हुई। जयपुर विवाह स्थल समिति के अध्यक्ष भवानी शंकर माली ने बताया कि नगर पालिका एक्ट 2009 के तहत नगर निगम की उप विधियों की पालना में विवाह स्थल संचालित है जिसमें प्रतिवर्ष लाइसेंस शुल्क ?60000,अनुमति शुल्क ?20 प्रति वर्गगज सफाई शुल्क ?30000 फायर एन ओ सी ?3000 कमर्शियल यूडी टैक्स देकर प्रतिवर्ष नगर निगम से लाइसेंस नवीनीकरण करवाते हैं उसके बावजूद शादियों के सीजन में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा एक-एक करके विवाह स्थलों को नोटिस दिए जा रहे हैं जो न्याय संगत नहीं है। जयपुर विवाह स्थल समिति की तरफ से नोटिस का जवाब दे दिया गया है जिन-जिन विवाह स्थल को नोटिस दिया गया है उनका भी जवाब दे दिया जाएगा उसके बावजूद यदि जयपुर विकास प्राधिकरण पुन: नोटिस प्रक्रिया अपनाता हैं या विवाह स्थल संचालकों पर दबाव बनाता है तो जयपुर विकास प्राधिकरण के खिलाफ सभी विवाह स्थल संचालक लामबंद होकर प्रदर्शन करेंगे या फिर आगामी महीनो में होने वाली शादियां निरस्त करके और सभी विवाह स्थल बंद कर देंगे।समिती संरक्षक मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि समिती के पदाधिकारी जयपुर के सभी विधायको एवम् यूडीएच मंत्री से मिलकर उनको भी नोटिस के बारे में अवगत करा कर जेडीए की इस कार्यवाही को बंद करने का आग्रह करेंगे।इस मौके पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर्वत सिंह भाटी, महामंत्री आलोक शर्मा, कोषाध्यक्ष गिरिराज खंडेलवाल, जयपुर टेंट डीलर समिति के अध्यक्ष गणपत लाल राजोरिया, पूर्व अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, जयपुर कैटरिंग डीलर समिति के पूर्व अध्यक्ष ओम सोढानी सहित सभी जोन अध्यक्ष एवं सैकड़ो विवाह स्थल संचालक उपस्थित रहे।

# बांसवाड़ा में आठ दिवसीय विराट धार्मिक महोत्सव धूमधाम से शुरू

**विधि-विधान से हुआ हैमाद्रि विधान एवं यज्ञ मण्डप प्रवेश, विशाल शोभायात्रा ने बहाया श्रद्धा का ज्वार, श्रीविग्रहों एवं संत-महात्माओं के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु**

**बांसवाड़ा,(हुक्मनामा समाचार)।** सदियों पुरानी तपोभूमि एवं सिद्धों के महाधाम लालीवाव मठ में आठ दिवसीय बहुआयामी एवं विराट धार्मिक महोत्सव के विशाल शोभायात्रा के साथ बुधवार को हुए आगाज ने श्रद्धाभक्ति का अपूर्व ज्वार उमड़ा दिया। महोत्सव की शुरूआत विनायक पूजा के उपरान्त लालीवाव मठ के देवी-देवताओं के पूजन एवं पूर्व पीठाधीश्वरों के स्मरण तथा समाधि एवं मूर्तियों के पूजन से हुई। इसके उपरान्त मठ परिसर से अनुष्ठानी संतों, पण्डितों एवं यजमान परिवारों की आस्था यात्रा निकली, जो श्री पीताम्बरा आश्रम पहुंचकर हैमाद्रि विधान उत्सव में परिणित हो गई, जहां आचार्य मण्डल प्रमुख पं. निकुंज



मोहन पण्ड्या एवं पं. दिव्यभारत पण्ड्या के आचार्यत्व में सभी को हैमाद्रि एवं दशविधि स्नान, आदि संस्कारों से शुद्धिकरण कर तर्पण, पूजन-अर्चन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। श्री पीताम्बरा आश्रम में विधि-विधान से हैमाद्रि कर्म और अनुष्ठानों से पूर्व की विधियों की पूर्णता के उपरान्त पोथी एवं कलश लिए यजमान समूहों की यात्रा लालीवाव मठ पहुंची, जहां वैदिक यज्ञ परम्पराओं के अनुरूप मंत्रोच्चार के साथ सभी ने यज्ञ मण्डप में प्रवेश किया और कलश स्थापित किए। शोभायात्रा का अपूर्व स्वागत दोपहर बाद कुशलबाग स्थित सिद्धनाथ मन्दिर से बैण्डबाजों, ढोल-ढमाकों, शंख ध्वनि और विभिन्न लोकवाद्यों की गूंज के बीच भव्य शोभायात्रा निकली। इसमें गजारूढ़ भगवान श्रीपद्मनाभ, महाकाल भगवान की सवारी, परमाध्यक्ष श्रीमद् जगद्गुरु श्री टीला द्वारा गाद्या चार्य मंगल पीठा धीश्वर श्री श्री 1008 श्री माधवाचार्यजी महाराज सहित कई सुसज्जित रथों पर विराजमान देश के विभिन्न हिस्सों से आए महामण्डलेश्वरों, मठाधीशों, महंतों और साधु-संतों के दर्शनों के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। पेशवाई (शोभायात्रा) के समूचे मार्ग पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पों की वृष्टि से पुष्प पंखुड़ियों की चादर बिछ गई। शोभायात्रा में भजन मण्डलियों ने भजनों की सरिताएं बहा दी वहीं बड़ी संख्या में कलश लिए महिलाओं ने रास्ते भर भजन-कीर्तनों और गरबों की धूम मचाते हुए नृत्य कर भक्तिभाव का झरना बहा दिया। किन्नरों ने भी भक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। कुशलबाग क्षेत्र से आरंभ हुई शोभायात्रा शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर लालीवाव पहुंचकर सम्पन्न हुई। भागवत पारायण, कथा एवं यज्ञार्चन गुरुवार से लालीवाव के विराट महोत्सव के अन्तर्गत सप्ताह भर तक चलने वाले 108 भागवत पारायण एवं यज्ञार्चन विधान 21 नवम्बर, गुरुवार को प्रातः 7 बजे से आरंभ होंगे। भागवत कथा दोपहर 1 से 5 बजे तक महोत्सव के अन्तर्गत भागवत कथा 21 से 27 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसमें श्रीमद् जगद्गुरु द्वाराचार्य श्री अग्रमलूकपीठाधीश्वर एवं विश्वविख्यात आध्यात्मिक विभूति संत स्वामी श्री राजेन्द्रदास देवाचार्यजी महाराज की ओजस्वी अमृतवाणी में भागवत कथा का रसास्वादन होगा।

## नवनीत अरोरा विद्यार्थियों को बताएं सफलता के टिप्स



**पदमपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** एस.एस.आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, में शुभ धाम आत्मबल विकास केन्द्र पदमपुर की ओर से आई.आई.टी.रुड़की के प्रोफेसर डॉ. नवनीत अरोड़ा ने तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों को जीवन मे आगे बढ़ने के लिए कई महत्वपूर्ण जीवनोपयोगी जानकारियो से रूबरू कराया कि आप अपने माता-पिता वह गुरुजनों के सपनों को साकार करने के लिए लक्ष्य अवश्य निर्धारित करें जिस पर आपका ध्यान केंद्रित होने से सफलता निश्चय ही आपके कदमों में होगी। मोबाइल का अधिक प्रयोग आपके उज्जवल भविष्य के लिए रुकावट पैदा कर सकता है। हमेशा स्वस्थ रहने के लिए शिक्षा के साथ आपका ध्यान खेल लकूद की तरफ होना चाहिए। और जो लोग नशा करते है उन्हे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का कार्य अवश्य करें। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश कलिया व अध्यक्ष अशोक कलिया ने डॉ.नवनीत अरोड़ा, गुरचरण सिंह पाहवा, ज्ञानी दौलत सिंह, सोनू बदलनी ज्ञानी दौलत सिंह व शुभ धाम से जुड़े सेवादारों का स्वागत व सम्मान किया। ओम प्रकाश कलिया व अशोक कुमार कलिया ने बताया कि डॉ. नवनीत अरोड़ा ने छात्र/छात्राओं को विद्यार्थी जीवन में सफलता के टिप्स देकर बच्चो की कार्यशैली में ऊर्जा का संचार किया है निश्चय ही छात्र-छात्राएं इसका लाभ उठायेंगे। विद्यार्थियों को समय के महत्व को समझने की शिक्षा देते कहा कि यदि विद्यार्थी जीवन में समय का सदुपयोग नही किया तो एक दिन समय उन्हें गर्त में डाल देगा। जीवन को उच्च आदर्शो पर चलनें की प्रेरणा दी। ओमप्रकाश कलिया क अशोक कुमार कलिया ने कहा कि महत्वपूर्ण जानकारी को अपने जीवन मे अवश्य उतरने कि बात कही व बताया कि एक विद्यार्थी तनाव से मुक्त रहकर व आत्मिक शांति रखकर तथा आपसी प्रेम भाव बनाकर ही अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते है।

## बीएलओ मतदाताओं को करें एसएसआर गतिविधियों के बारे में जागरूक : सिंघवी

**चूरू,(हुक्मनामा समाचार)।** रोल पर्यवेक्षक एवं संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने बुधवार को जिले के सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में थिरपाली छोटी में बूथ संख्या 242 व 243 तथा चांदगोठी में बूथ संख्या 238 व 239 का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाएं देखी और फोटोयुक्त मतदाता सूचियां के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी लेकर निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त सिंघवी ने कहा कि बीएलओ फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को गतिविधियों के बारे में जागरूक करें तथा प्रत्येक पात्र वयस्क का मतदाता सूची में पंजीकरण करें। इसी के साथ सभी एसएसआर गतिविधियां समयबद्ध ढंग से संपादित हो। बीएलओ बूथ पर रहे और नए मतदाताओं को मतदाता सूची में पंजीकृत करने के लिए आवेदन प्राप्त करें। प्रयास रहे कि कोई भी



पात्र वयस्क मतदाता सूची में पंजीकरण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प एवं एनवीएसपी पोर्टल के बारे में भी समुचित जानकारी दीजिए। मतदाताओं को एसएसआर गतिविधियों के दौरान आवश्यक सभी फार्मों की जानकारी दी जाए तथा उनसे आवेदन प्राप्त करते हुए आवेदनों का समुचित निस्तारण किया जाए। इसी के साथ मतदाता सूची में ब्लर या धुंधले फोटोज को भी दुरुस्त करें। उन्होंने मतदान केन्द्र पर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि मतदान केन्द्रों पर रैंप, पेयजल, शौचालय आदि समुचित उपलब्धता सुनिश्चित रहें। इसी क्रम में संभागीय आयुक्त सिंघवी ने चांदगोठी में राउमावि का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी तथा विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षण व्यवस्था, खेलकूद गतिविधियों, सह - शैक्षिक गतिविधियों, बोर्ड परीक्षा की तैयारी, पाठ्यक्रम आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ से कहा कि बच्चों को कैरियर गाइडेंस दे और एक मेंटर के तौर पर काम करें। शिक्षक -छात्र गतिविधियों को बढ़ावा दे ताकि बच्चों को कैरियर चुनाव में मदद मिल सके।

## मोदी सरकार की प्राथमिकता एफआईआर लिखने के महज तीन साल के भीतर मिलेगा प्रत्येक नागरिक को न्याय

**जयपुर।** 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले भारत देश में जहाँ संपूर्ण देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नित नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। वहीं विकास की डगर पर चलते भारत देश में अनेकों चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए भारत देश को वाह्य एवं आंतरिक रूप से मज़बूत बनाने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। यही वजह है कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत देश के प्रत्येक नागरिक को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए गृह मंत्री अमित शाह तीन नए क़ानून लेकर आए हैं। जिसके आने के बाद से जहाँ 150 वर्ष पहले अंग्रेजों के बनाए क़ानून खत्म हो गए। वहीं आजादी के इतने दशकों बाद भारत की आंतरिक सुरक्षा और आपराधिक न्याय प्रणाली में बहुत क्रांतिकारी बदलाव हुआ है।

## प्रदूषित हवा से सांस लेने में दिक्कत हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच करवाएं

**हनुमानगढ़,(हुक्मनामा समाचार)।** लगातार हवा का स्तर खराब होने के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसके अलावा समस्त चिकित्सा संस्थानों पर चिकित्सा व्यवस्था, दवाइयां एवं आमजन को ज्यादा से ज्यादा जानकारी देने के निर्देश दे दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में हवा के स्तर लगातार खराब हो रहा है। हवा का स्तर प्राकृतिक एवं मानव निर्मित दोनों स्त्रोतों से प्रभावित होता है। औद्योगिक गतिविधियां, हवा के बहाव में कमी, दीपावली में अत्यधिक आतिशबाजी, वाहनों की बढ़ती संख्या, जंगल की आग, धूलभरी आंधी आदि के कारण एयर क्वालिटी इन्डेक्स लगातार बढने् से आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके चलते आमजन को



सिरदर्द, चक्कर आना, सांस लेने में तकलीफ, खांसी, छाती में तकलीफ, त्वचा में इरिटेशन आदि प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। ऐसे रखें बचाव डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि प्रदूषण से बचने के लिए आमजन को घर पर ही रहें। सांस फूलने, चक्कर आने तथा आंखों में जलन आने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर डॉक्टर को दिखाएं। घर पर गैस चूल्हे का उपयोग करें, हैवी ट्रैफिक व भीड़भाव वाले क्षेत्रों में जहां भवन निर्माण चल रहा हो, वहां जाने से बचें। सुबह जल्दी और देर शाम के समय घर के खिड़की व दरवाजे बन्द रखें। हवा का स्तर अधिक खराब होने पर मार्निंग वॉक एवं इवनिंग वॉक बन्द कर दें।

## युवा महोत्सव 2024 के लिए पंजीकरण प्रारम्भ

**चूरू,(हुक्मनामा समाचार)।** युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार की ओर राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तर्ज पर ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य युवा महोत्सव के आयोजन हेतु 15 से 29 वर्ष के इच्छुक युवा युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर युवा महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। जिला युवा अधिकारी डॉ मंगल जाखड़ ने बताया कि इस वर्ष युवा महोत्सव के साथ-साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी थीम पर आधारित डिजिटल मेले का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें नवाचार एवं रचनात्मक कार्यों में रुचि रखने वाले युवा अपने विजन को महोत्सव के दौरान प्रदर्शित कर पाएंगे। इसी के साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल एवं सामूहिक लोक गायन, लोक नृत्य तथा साहित्य एवं जीवन कौशल में कविता पठन, कहानी लेखन, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। युवा कृति के अंतर्गत हैंडीक्राफ्ट एवं हस्त निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। दुर्लभ व परंपरागत लुप्त कला एवं संस्कृति जैसे फड़, रावण हत्था, अलगोजा, कठपुतली, आदि को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने हेतु स्थानीय युवाओं को सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव के प्रथम चरण में प्रत्येक ब्लॉक पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न एकल एवं सामूहिक प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष के कोई भी अध्यनरत या गैर अध्यनरत युवा भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु युवा राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट या अपनी एसएसओ आईडी से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। जाखड़ ने बताया कि प्रत्येक प्रतियोगिता में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर विजेताओं को नगद पुरस्कार राशि के साथ प्रशस्ति- पत्र एवं मेमेंटो भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। इसी के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर विजेता रहे युवा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## केंद्र सरकार पशुधन के संरक्षण और संवर्धन को कृत संकल्प : चौधरी



**जैसलमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ राजभूषण चौधरी अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर बुधवार को जैसलमेर पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा आकांक्षी जिले जैसलमेर का भ्रमण के दौरान बुधवार सायं ग्राम पंचायत चांदन में थार पारकर प्रशिक्षण और अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार की थारपारकर नस्ल की गायों का अवलोकन किया तथा उनके दूध की गुणवत्ता की जानकारी ली। इस मौके पर डॉ चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार दूर दराज के गांव और गरीब के कल्याण के लिए कृत संकल्प तथा खेती और पशुपालन का संरक्षण और संवर्धन केंद्र सरकार की सर्वोपरि प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री ने रेगिस्तानी एवं पहाड़ी और विकास से पिछड़े जिलों को आकांक्षी जिला घोषित कर इसमें विकास के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर प्रयास किए हैं, इसीके अंतर्गत विभिन्न घटकों के अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है।

## जीवन में कहीं अच्छा सीखने को मिले तो सीखने का प्रयास करें-महंत स्वामी

**सुजानगढ़।** नलिया बास स्थित शक्ति निवास में मदन लाल तंवर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ। कथा के अन्तिम दिन कथावाचक महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण व रूकमणि के विवाह का प्रसंग सुनाया। व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक कानपुरी महाराज ने भगवान दतात्रेय के 24 गुरुओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भगवान दतात्रेय ने एक सामान्य कीट से लेकर हाथी और पृथ्वी से लेकर आकाश तक गुरु माने और इनसे शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने कहा कि जीवन में कहीं भी हमें अच्छा सीखने को मिले, वह सीखने का प्रयत्न करना चाहिए। कथा के समापन के बाद आयोजक मदनलाल तंवर एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्व पार्षद मंजू तंवर ने शोभायात्रा के साथ भागवत जी को बालाजी मन्दिर पंहूचाया।

## आबकारी अधिनियम में 10 साल से फरार स्थायी वारन्टी धर्मेन्द्र गिरफ्तार

**पावटा,(हुक्मनामा समाचार)।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने 10 साल से आबकारी अधिनियम में फरार चल रहे स्थाई वारन्टी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। कोटपूतली बहरोड़ एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के लिये एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए एएसपी वैभव शर्मा व डीएसपी श्रीमति शिप्रा राजवत के निर्देशन में थानाधिकारी राजेश कुमार की अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया। इस पर स्थानीय थाना की गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार 03 दिन तक दिये टास्क की पालना में दिन-रात अथक प्रयास कर अपने स्तर पर मुखबिर से आसूचना एकत्रित कर करीब 10 साल से फरार चल रहे स्थाई वारन्टी धर्मेन्द्र (43) पुत्र प्यारेलाल जाट निवासी हिरन कुदना थाना मुण्डका जिला बाहरी दिल्ली का पता लगाकर उक्त वांछित अपराधी के बारे में



बारीकी से जानकारी एकत्रित की। पुलिस टीम ने बताया की उक्त वांछित अपराधी का न्यायालय से स्थाई वारन्ट जारी होने के कारण अपनी गिरफ्तारी के भय से अपने दिये पते पर ना रहकर अलग-अलग जगह पर निवास कर रहा था। काफी समय हो जाने से अपराधी का हुलिया भी काफी परिवर्तित हो चुका था तथा अपराधी के निवास स्थान के आसपास उसी के परिवारजन व रिश्तेदार होने से जानकारी जुटा पाना असंभव सा हो रहा था। उक्त अपराधी की सुरागसी हेतु पूर्व में भी पुलिस द्वारा बहुत प्रयास किये जा चुके थे। किन्तु सफलता नहीं मिल पाई। लेकीन हाल में पुलिस टीम ने अपनी सुझबुझ एवं आसूचना व अथक प्रयासों से लगातार 03 दिन तक दिन-रात उक्त स्थाई वारन्टी के हर संभावित स्थानों को चिन्हित कर अपराधी के हुलिये तथा हर सुक्ष्म जानकारी एकत्रित कर उक्त स्थाई वारन्टी को गिरफ्तार करवाने में सफलता अर्जित की है। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया की परिवादी मुकेश कुमार सउनि थाना प्रागपुरा ने अवैध रूप से हरियाणा निर्मित शराब से भरे हुये कन्टेनर नम्बर एचआर 38 एन 6460 को जब्त कर चालक वाहन मालिक के विरुद्ध धारा 19/54 आबकारी अधिनियम के तहत प्रागपुरा थाना में प्रकरण दर्ज करवाया था। जिसमें प्रागपुरा थाना पर गठित पुलिस टीम में सउन राजवीर सिंह, हैड कानि सुरेन्द्र सिंह, कानि कैलाश ने लगातार 03 दिन तक दिन-रात उक्त स्थाई वारन्टी के हर संभावित स्थानों को चिन्हित कर अपराधी के हुलिये तथा हर सुक्ष्म जानकारी एकत्रित कर उक्त स्थाई वारन्टी को गिरफ्तार करवाने में सफलता अर्जित की है।

## C2C एडवांस्ड सिस्ट स लिमिटेड का आईपीओ 22 नवंबर, 2024 को खुलेगा

**जयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** डिफेंस, होम लैंड सिक्योरिटी और एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए कॉ प्लेक्स सिस्ट स के डेवलपमेंट में सुविज्ञता रखने वाली और कॉ प्लेक्स वेपंस और सेंसर के इंटीग्रेशन सहित रक्षा बलों के सभी आर्म को सशर्त अत्याधुनिक सॉल्यूशंस की डिलीवरी भी करने वाली ष्ट2ष्ट एडवांस्ड सिस्ट स लिमिटेड ने 22 नवंबर 2024 को अपना इनिशियल पब्लिक आफरिंग खोलने का प्रस्ताव किया है.कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत ? 99.07 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. इश्यू साइज ? 214- ? 226 प्रति शेयर प्राइस बैंड और ?10 प्रत्येक सम भाव के साथ 43,83,600 इक्विटी शेयर्स है.आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग दुबई में नए अनुभव केंद्र और दोनों बेंगलुरु और दुबई में नए परिसरों में फिट आउट के साथ बेंगलुरु में मौजूदा अनुभव केंद्र में सुधार करने और ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने के लिए पूंजी खर्च का वित्त पोषण करने में किया जाएगा, बेंगलुरु, कर्नाटक, भारत में नए परिसरों के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट के भुगतान के लिए, कार्यशील पूंजी की जरूरत, आम कारपोरेट कार्य और इश्यू खर्च का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. एंकर बिडिंग 21 नवंबर, 2024 को खुलेगी और इश्यू 26 नवंबर, 2024 को बंद होगा.मार्क कॉरपोरेट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड और बीलाइन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर है जबकि लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इश्यू की रजिस्ट्रार है।

## व्यवसायिक प्रतिष्ठानों कों ट्रेड लाईसेंस जारी करने हेतु शिविर 26 नवंबर तक

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार चूरू जिले की सभी 10 नगर निकायों में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को ट्रेड लाईसेंस (अनुज्ञा पत्र) जारी करने हेतु 26 नवंबर तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में होटल, रेस्टोरेन्ट, कैफे, कैन्टीन, मिठाई की दुकान, बेकरी, नमकीन व मिठाई के कारखाने, चाट-पकोड़ों के मोबाईल वाहन, गैस युक्त शीतल पेय, आईसक्रीम व आईस फैक्ट्री, ब्यूटी पार्लर, जिम एवं स्वीमिंग पूल आदि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को ट्रेड लाईसेंस (अनुज्ञा पत्र) जारी किये जाएंगे। चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि स्वायत शासन विभाग के निर्देशानुसार व्यवसायिक कार्यों हेतु ट्रेड लाईसेंस लेना अनिवार्य है।

## नशा मुक्ति और मनोचिकित्सा केन्द्रों की नियमित जांच करें सुनिश्चित

**श्रीगंगानगर,(हुक्मनामा समाचार)।** नार्को कोर्डिनेशन सेंटर तंत्र की जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में संचालित नशा मुक्ति और मनोचिकित्सा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड की जांच कर अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाये। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि नशा मुक्ति केन्द्रों, मनोचिकित्सा केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए उपलब्ध व्यवस्थाओं और रिकॉर्ड की जांच की जाये। यहां कार्यरत स्टाफ की डिग्री भी जांची जाये। औषधि नियंत्रक विभाग फार्मा एजेंसियों के साथ-साथ मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करे। इनकी रिकॉर्डिंग से फार्मासिस्ट की उपलब्धता की जांच कर अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाये। जिला कलक्टर ने कहा कि बाहर से आने वाली दवाओं पर भी समुचित निगरानी रखी जाये। नशा मुक्ति केन्द्रों और जिला चिकित्सालय के नशा मुक्ति वार्ड में आने वाले रोगियों का फॉलोअप करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मरीजों को दी जाने वाली दवा तथा काउंसलिंग का भी रिकॉर्ड संधारित किया जाये। जिले में आवश्यकता वाले स्थानों पर मेडिकल स्टोर्स संचालन के लिये औषधि विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता नहीं है, वहां मेडिकल स्टोर्स संचालित नहीं होने चाहिए। सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियों और उनके माध्यम से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस, बीएसएफ सहित समस्त एजेंसियों द्वारा नियमित रूप से निगरानी की जाये। जिले में नशे की रोकथाम के लिए मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि पुलिस और बीएसएफ द्वारा चौकस रहकर नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर नशा मुक्त गंगानगर अभियान के जरिये आमजन को नशा मुक्ति हेतु जागरूक करेंगे, तभी सार्थक परिणाम मिल सकेंगे। पुलिस, स्वास्थ्य, औषधि नियंत्रक तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त टीम की ओर से मेडिकल स्टोर्स, नशा मुक्ति केंद्रों और मनो चिकित्सा केंद्रों की औचक जांच की जाए तथा अनियमितता मिलने पर इन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। समस्त मेडिकल स्टोर्स पर नशा मुक्ति पोस्टर और शपथ लेने के लिये क्यूआर कोड स्टीकर्स के साथ-साथ पुलिस हेल्पलाइन नंबर भी चस्पा किए जाएं ताकि नशा बेचने वालों की सूचना पुलिस को मिल सके। जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर बीएसएफ, पुलिस को सूचना दी जाये ताकि इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस, बीएसएफ सहित समस्त एजेंसियों आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने नशा मुक्ति के लिये जनजागरूकता की आवश्यकता जताते हुए कहा कि सभी मिलकर सहयोग करेंगे तो नशे से जुड़ी गतिविधियों पर रोक लगाई जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र में भारत माला सड़क की सुरक्षा हेतु नए पुलिस स्टेशन, सीसीटीवी कैमरे लगाने, बीट कांस्टेबल की सक्रियता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर एडीएम सतर्कता नरेंद्र पाल सिंह, प्रशिक्षु आईएएस रजत यादव, जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शिवा चौधरी, डॉ. गुंजन खुंगर, विक्रम सिंह, अमृता सोनगरा, सन्नीप्रताप त्रिपाठी, अमरजीत सिंह लहर सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रवेग का वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में कंसोलिडेटेड एबिटडा 138 प्रतिशत बढ़ा

**जयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** भारत की प्रमुख रिस्पांसिबल लग्जरी रिजॉर्ट्स कंपनी, प्रवेग लिमिटेड (BSE - 531637) ने वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही और वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही के अपने अनआडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है. परिणाम पर टिप्पणी करते हुए, प्रवेग़ लिमिटेड के चेयरमैन श्री विष्णु पटेल ने कहा, हम हमारे व्यूहात्मक विस्तार और इको रिस्पांसिबल लग्जरी हॉस्पिटैलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता द्वारा चालित मजबूत आय और ऑपरेटिंग लाभ वृद्धि से हर्षित है. हमारे चल रहे विस्तार प्रयासों से ज्यादा अवपात एवं वित्तीय लागत आई है, जिससे अल्पकाल में हमारी लाभप्रदता प्रभावित हुई है. यद्यपि हमारे ऑपरेशंस के स्थिर होने से हम आगामी तिमाहियों में हमारी मार्जिन में सुधार होने की उ मीद कर रहे हम 65 + स्थलों के हमारे विजन 2028 गोल को हासिल करने के लिए ट्रैक पर बने हुए हैं जिससे प्रवेग़ इको कॉन्शियस हॉस्पिटैलिटी में विशिष्ट लीडर के रूप में स्थापित हो रही है. वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही की विशेषताएं व्यूहात्मक अधिग्रहण कंपनी ने क्रमशः 11,698 और 104,076 शेयर्स जारी करते हुए अभिक एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड और विधान एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड में 51 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त किया. टीसीजीएल से ओएंडएम कॉन्ट्रैक्ट कंपनी को धोर्डो, गुजरात में 46 मौजूदा टेंट को शामिल करते हुए 30 भुंगास के ऑपरेशन, मेंटेनेंस और मैनेजमेंट के लिए टूरिज्म कारपोरेशन ऑफ़ गुजरात लिमिटेड से ओएंडएम कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त हुआ।

### लक्ष्य कार्यक्रम तथा सुमन कार्यक्रम को लेकर संभाग स्तरीय समीक्षा आयोजित

# प्रसव सेवाओं की गुणवत्ता में सतत सुधार से देवें सुरक्षित मातृत्व का आश्वासन : डॉ तरुण चौधरी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रसव पूर्व, प्रसव के दौरान तथा प्रसव पश्चात सेवाओं में सतत गुणवत्ता सुधार करके ही सुरक्षित मातृत्व का आश्वासन दिया जा सकता है। इसके लिए भारत सरकार के लक्ष्य सर्टिफिकेशन कार्यक्रम तथा सुरक्षित मातृत्व आश्वासन यानी कि सुमन कार्यक्रम को प्राथमिकता से लागू किया जाना आवश्यक है। लक्ष्य कार्यक्रम तथा सुमन कार्यक्रम को लेकर आयोजित संभाग स्तरीय कार्यशाला में निदेशालय जयपुर के परियोजना निदेशक (मातृत्व स्वास्थ्य) डॉ तरुण चौधरी ने उक्त निर्देश देते हुए संभाग स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार अब सेवाओं की उपलब्धता से कहीं आगे बढ़कर गुणवत्ता पूर्ण तथा आदर्श सेवाएं उपलब्ध करवाने की ओर अग्रसर




है। ऐसे में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित समस्त कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सतत सुधार किया जाए। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रदत लक्ष्य के अनुसार राजस्थान में कम से कम 200 लेबर रूम तथा 80 लेबर ऑपरेशन थिएटर को लक्ष्य सर्टिफाइड करवाया जाना है। उन्होंने संभाग के चारों जिलों की प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, प्रसव पश्चात जांच, मां वाउचर योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसव वॉच कार्यक्रम, प्रसव सखी योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना, शुभलक्ष्मी योजना, राज योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना सहित समस्त मातृत्व स्वास्थ्य योजनाओं पर व्याख्यान दिया। संयुक्त निदेशक बीकानेर जॉन डॉ देवेंद्र चौधरी ने मातृत्व स्वास्थ्य को लेकर संभाग के चारों जिलों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर कम प्रगति वाले जिलों को जल्द सुधार के निर्देश दिए।

डॉ चौधरी ने स्पष्ट किया कि जच्चा बच्चा का स्वास्थ्य ही स्वास्थ्य विभाग का प्राथमिक कार्य है और इसमें किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं है। उपनिदेशक डॉ राहुल हर्ष ने बताया कि मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर को मिलेनियम डेवलपमेंट गोल स्तर तक लाने के लिए लक्ष्य तथा सुमन जैसे कार्यक्रम अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यवाहक सीएमएचओ डॉ योगेंद्र तनेजा ने मातृत्व स्वास्थ्य को लेकर बीकानेर जिले की उपलब्धि तथा नवाचारों के बारे में बताया। पीबीएम हॉस्पिटल एमसीएच विंग की ओर से डॉ स्वाति कोचर ने मातृत्व सेवाओं की प्रगति बताई।

राज्य स्तर से नामित प्रशिक्षक नर्सिंग अधिकारी महिपाल सिंह, हेल्थ मैनेजर डॉ नावेद, सहयोगी संस्थान जपाएगो जयपुर की ओर से कार्यक्रम अधिकारी षा, रोबिन शर्मा, यूएनएफपीए जपाईगो से गुंजोत तथा बीकानेर के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर के वेनीवाल, सुनील सेन ने कार्यक्रमवार प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर आरसीएचओ बीकानेर डॉ मुकेश जनागल, गंगानगर से डॉ मुकेश मेहता सहित बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ व अनूपगढ़ के डीपीओ, डीएनओ, लक्ष्य सर्टिफिकेशन हेतु नामित विभिन्न अस्पतालों के प्रभारी चिकित्सक तथा विभिन्न कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे।

## पेयजल भंडारण के लिए बनाई गई डिग्गी आवर फ्लो होने की वजह से टूटी हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहा



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।**बीकानेर जिले के खाजूवाला उपखण्ड क्षेत्र की दंतोर मंडी में पेयजल भंडारण के लिए बनाई गई डिग्गी पिछली देर रात को ऑवर फ्लो होने की वजह से टूट गई। जिससे आस पास के क्षेत्र में पानी ही पानी हो गया। हजारो लीटर पानी व्यर्थ बह गया। स्थानीय नागरिक दिनेश देहड़ू व सुनील सिंह शेखावत ने बताया कि करीब 4 साल पहले पेयजल भंडारण के लिए बीएलडी नहर के नजदीक एक बड़ी डिग्गी का निर्माण करवाया गया था। जब से डिग्गी का निर्माण हुआ है तब से ही डिग्गी एक साइड से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही की वजह से 4 साल के करीब बीत जाने के बाद भी इसकी रिपेयरिंग नहीं करवाई गई? ऐसे में देर रात को डिग्गी ऑवर फ्लों होने की वजह से पूरी तरह से टूट गई। और डिग्गी के आस पास के क्षेत्र में पानी ही पानी फैल गया। जिसकी वजह से दंतोर मंडी वासियों के सामने बड़ा पेयजल संकट भी गहरा सकता है। ऐसे में ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि जल्द इस डिग्गी का पुनर्निर्माण करवाकर पेयजल का प्राप्त मात्रा में भंडारण किया जाए।

## स्पोर्ट्स स्कूल की बदहाल व्यवस्थाओं के खिलाफ चल रहें आमरण अनशन एवं खिलाड़ियों के हित में विप्र डाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ ने दिया समर्थन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के इकलौते आवासीय खेल विद्यालय सार्दूल स्पोर्ट्स स्कूल की अव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए शुरू किया गया आंदोलन बुधवार को दूसरे तीसरे भी जारी रहा। क्रीड़ा भारती के बैनर तले स्कूल की अव्यवस्थाओं के खिलाफ संगठन के दो उपाध्यक्ष और राजस्थान टीम के पूर्व खिलाड़ी दानवीरसिंह भाटी और भैरू रतन सारस्वत अनिश्चितकालीन अनशन के समर्थन में विप्र फ़ाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के ज़िला अध्यक्ष पंकज पीपलवा के नेतृत्व में पदाधिकारी कार्यकर्ताओ ने धरना स्थल पहुँच कर समर्थन दिया एवं क्रीड़ा भारती को खिलाड़ियों हितार्थ समर्थन पत्र सौपा । ज़िला महामंत्री नवनीत पारीक ने बताया कि वरिष्ठ खिलाड़ियों को




विफ़ा युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता पदाधिकारी के साथ आज सर्व समाज का व्यापक समर्थन मिल रहा है समय रहते विभागीय अधिकारि खिलाड़ियों की जायज़ माँग पर सकारात्मक पक्ष बनाएँ अन्यथा हमारे संगठन के कार्यकर्ता साथी भी इस संघर्ष में सड़को पर उतरेंगे । विफ़ा युवा प्रकोष्ठ ज़िला अध्यक्ष पंकज पीपलवा ने कहा कि यह कदम शिक्षा विभाग की पांच साल से चली आ रही उदासीनता के खिलाफ उठाया गया है। जब तक सकारात्मक कदम उठाते हुए उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई का लिखित आश्वासन नहीं देता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। समर्थन पत्र की प्रति निदेशक शिक्षा विभाग,संभागीय आयुक्त,ज़िला कलेक्टर सहित संबंधित विभागीय मंत्रालय एवं अधिकारियों को प्रेषित की गई है । धरना स्थल पर कई वरिष्ठ खिलाड़ी और समाज के प्रमुख व्यक्ति आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे। इनमें उपाध्यक्ष प्रकाश उपाध्याय उपाध्यक्ष(ढ्ढज्ञ), सौरभ शर्मा उपाध्यक्ष, सौरभ पारीक ,मुकेश सारस्वत, गौसेवक अनुराग , मदन ओझा ,कुशाल, शुभम ,अशोक ,रितेश, विकी ,भरत एवं मनन सहित सक्रिय युवा साथी एवं अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहें ।

## सादुल स्पोर्ट्स स्कूल के आगे अनशन पर बैठे खिलाड़ियों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर की सादुल स्पोर्ट्स स्कूल की दुर्दशा को लेकर तीन दिन से अनशन पर बैठे दो पूर्व खिलाड़ियों के साथ बुधवार को स्पोर्ट्स स्कूल के छात्रों ने सरकार और शिक्षा विभाग को सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया।



राजस्थान बास्केटबॉल टीम के पूर्व कप्तान दानवीर सिंह भाटी ने कहा कि पिछले 17 साल से खिलाड़ियों की डायट मनी नहीं बढ़ी है, स्कूल में कोच के स्थान पर सामान्य शरीरिक शिक्षकों को लगा रखा है। खिलाड़ियों के हॉस्टलों में भी अव्यवस्थाए है लेकिन शिक्षा विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अनशन को तीन दिन हो चुके है लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी उनसे बात करने भी नहीं आया है। पूर्व खिलाडी भैरूरतन ओझा ने कहा की मांगे पूरी नहीं होने तक आंदोलन को तेज किया जाएगा।

## जिला कलेक्टर ने कोटकासिम की परिवहन समस्याओं पर पत्रकारों से चर्चा की

**कोटकासिम (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर ने कोटकासिम की परिवहन समस्याओं पर पत्रकारों से चर्चा की कोटकासिम 20 नवंबर जिला कलेक्टर ने बुधवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कस्बा और क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। इस वार्ता में पत्रकारों ने कोटकासिम क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या परिवहन व्यवस्था की कमी को उजार किया। पत्रकारों ने बताया कि किशनढ़वास-कोटकासिम रूट पर मात्र एक ही राजस्थान रोडवेज बस चलती है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं, कोटकासिम-हरसोली रूट पर परिवहन का कोई साधन उपलब्ध नहीं है। क्षेत्र के लो, विशेष रूप से महिलाएं और छात्र, अवैध साधनों में लटककर सफर करने को मजबूर हैं। पत्रकारों ने कलेक्टर को हाल ही की एक घटना के बारे में भी अवत कराया, जिसमें एक टेंपो पलटने से एक महिला की दुखद मृत्यु हो ई थी। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षित परिवहन की अनिवार्यता को और भी स्पष्ट कर दिया है। जिला कलेक्टर ने समस्या को ंभीरता से लेते हुए जल्द ही परिवहन व्यवस्था में सुधार करने और नए साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर परिवहन विभाग से चर्चा कर उचित कदम उठाए जाऐं ताकि क्षेत्र के लोों को बेहतर और सुरक्षित परिवहन सुविधा मिल सके।

# जिला कलेक्टर ने मिशन सरहद के तहत की जनसुनवाई , जिला स्तरीय अधिकारी रहे मौजूद

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर के साथ बीकानेर जिले में खाजूवाला के सीमांत क्षेत्र 34 केवाईडी और 40 केवाईडी में मिशन सरहद संवाद के तहत बुधवार को जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरहदी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके त्वरित समाधान की दृष्टि से यह पहल की गई है। इसके तहत विभिन्न विभागों के जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में आमजन की बात सुनी जाएगी। जनसुनवाई के दौरान 34 केवाईडी में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लिए सर्वे करने और पात्र लोगों के वंचित होने की स्थिति में उन्हें



लाभान्वित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकन की स्थिति के बारे में जाना। इस दौरान ग्रामीणों ने बंद रास्ता खुलवाने, फसल बीमा का लाभ दिलाने, खाजूवाला से 34 केवाईडी तक आने वाली सड़क दुरुस्त करवाने, मनरेगा के तहत अपने खेत अपना काम के तहत निजी जल कुंड और पशु शेड स्वीकृत करने की मांग रखी। वहीं सरपंच मांगीलाल ने ग्राम पंचायत में 34 केवाईडी में स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने, यहां के विद्यालय को पीएम योजना में शामिल करवाने, 34 केवाईडी के प्राथमिक विद्यालय को उच्च प्राथमिक तथा 34 केवाईडी में उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने की आवश्यकता जताई। वहीं 40 केवाईडी में जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने विद्युत के पोल दुरुस्त करने, पानी की टंकी का रुका निर्माण कार्य प्रारंभ करने, अतिक्रमण हटाकर आम रास्ता खोलने, विद्युत आपूर्ति सुचारू करने, पटवारी द्वारा नियमसम्मत गिरदावरी नहीं करने, स्कूल में पद स्वीकृत करवाने, फसल बीमा का लाभ दिलाने, पानी की बारी बांधने, आंगनबाड़ी केंद्र के रास्ते सड़क के बीच की विद्युत लाइन शिफ्ट करने सहित विभिन्न समस्याएं रखी। जिला कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और बच्चों को पढ़ाने का आह्वान किया। सरपंच विद्या देवी ने गांव से जुड़ी विभिन्न समस्याएं बताई। इससे पहले जिला कलेक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 34 केवाईडी का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां टीन शेड निर्माण कार्य देखा तथा प्रवेश द्वार निर्माण कार्य को पूर्ण गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए। वहीं सीसी ब्लॉक कार्य का अवलोकन भी किया।इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, उपखंड अधिकारी रमेश कुमार, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित, अधिशाषी अभियंता नरेश कुमार, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता भूपेंद्र भारद्वाज, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई, संयुक्त निदेशक (कृषि) कैलाश चौधरी, मनरेगा के अधीक्षण अभियंता धीर सिंह गोदारा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### अनियमितताएं पाए जाने पर 6 मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र निलंबित

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर 6 मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र निलम्बित किये गए हैं। अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि सलुंडिया रोड़ नोखा स्थित नीलकंठ मेडिकल एंड जनरल स्टोर का अनुज्ञापत्र 25 से 27 नवंबर 3 दिनों के लिए, राजेडू स्थित बालाजी मेडिकल स्टोर का अनुज्ञापत्र 25 से 29 नवंबर 5 दिनों के लिए, मुरलीधर व्यास नगर रोड स्थित साई मेडिकल एंड जनरल स्टोर का अनुज्ञापत्र 26 से 30 नवंबर 5 दिनों के लिए, पुंदलसर स्थित जमुवाय मेडिकल स्टोर एवं गजनेर स्थित बाबा रामदेव मेडिकल एंड जनरल स्टोर के अनुज्ञापत्र 25 नवंबर से 4 दिसम्बर 10 दिनों के लिए तथा लालमदेसर मगरा स्थित श्याम मेडिकल स्टोर का अनुज्ञापत्र 25 नवंबर से 9 दिसम्बर तक 15 दिनों के लिए निलंबित किए गए हैं।

### कोलायत विधायक भाटी की पहल पर पांच ट्यूबवेल स्वीकृत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी की पहल पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कोलायत के पांच गांवों में ट्यूबवैल निर्माण की स्वीकृतियां जारी की गई हैं। उल्लेखनीय है कि कोलायत विधायक ने जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को पत्र भेजकर विधानसभा क्षेत्र की दूरदराज रेगिस्तानी और सीमावर्ती ढाणियों में निवासरत ग्रामीणों की पेयजल समस्या से अवगत करवाया और बताया कि पेयजल उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बड़ी राशि देकर टैंकर से पेयजल मंगवाना पड़ता है। भीषण गर्मी के दौर में पशुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस पर जलदाय विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में स्थानीय स्तर पर पेयजल आवश्यकता के अनुसार आम्बासर, सुरधना चौहानान, मोखां, दादू का गांव (सेवड़ा) व लाखासर में ट्यूबवैल का निर्माण कार्य की स्वीकृति जारी की है। कोलायत में ट्यूबवैल निर्माण की स्वीकृतियां जारी करने पर विधायक भाटी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

### टैक्सी और बाइक की आपसी भिडंत में एक मौत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** यह घटना बीकानेर जिले के जसरासर के काकड़ा सड़क की है। जहां गत मंगलवार 19 नवम्बर की सुबह टैक्सी चालक लापरवाही गाड़ी चलाते हुए ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार की मौत हो गई। इस सम्बंध में परमेश्वर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ओम बन्ना सा मंदिर में 151 किलों खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** 36 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बीकानेर के अभिलेखागार कार्यालय के सामने स्थित ओम बन्ना सा मंदिर प्रांगण में 22 नवंबर की शाम को दीपक ज्योत आरती और 23 नवंबर के दिन में महाप्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के सेवक सुरजाराम ने बुधवार को बताया कि इस अवसर पर मौजूद सभी भक्तगण के बीच 151किलो खीर को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।इससे पहले 22 नवंबर की शाम को ओम बन्ना सा मंदिर में आरती व दीपक ज्योत की जायेगी। प्रसादी कार्यक्रम में सहयोग के रूप में भाजपा नेता दिपक पारीक, समाज सेवी सुशील यादव, बैंक कर्मचारी नेता सुनील दत्त नागल, कर्मचारी नेता रमेश तिवाड़ी, राजकुमार जीनगर, भाजपा नेता अनिल पाहुजा, इं. कमल कान्त सोनी, कांग्रेस नेता नित्यानंद पारीक, पार्षद शांति लाल मोदी,सुरजान सिंह,निरज सिंह सोढा, मनोज सुथार, प्रताप सिंह, प्रेम सिंह चांडी, ठाकुर दिनेश भदौरिया, श्याम मोदी, राहुल सिंह सहित आदि भक्त गण मौजूद रहेंगे।

### कुंडलिया काव्य की एक सशक्त विधा है : डॉ. उमाकांत गुप्त

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रज्ञालय संस्थान द्वारा नगर की समृद्ध साहित्यिक परंपरा में प्राचीन एवं महत्वपूर्ण छंद विधान का काव्य रूप कुंडलिया पर केन्द्रित आयोजन बीकानेर में पहली बार कुंडलिया दिवस के रूप में स्थानीय सुदर्शन कला दीर्घा नागरी भण्डार में वरिष्ठ आलोचक डॉ. उमाकांत गुप्त की अध्यक्षता एवं राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा के मुख्य आतिथ्य में कुंडलिया वाचन एवं कुंडलियों पर गंभीर चर्चा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने कहा कि राजस्थानी भाषा साहित्य के लिए यह गौरव की बात है कि कुंडलिया छंद राजस्थानी के रासो साहित्य की देन है, क्योंकि इसके प्राचीनतम पद-छंद उल्लेख राजस्थानी के 'हमीर रासो' में मिलते हैं।रंगा ने आगे कहा कि कुंड़लिया अपने परंपरागत रूप-स्वरूप के साथ नव-बोध, नव कथ-शिल्प के साथ आधुनिक संदर्भो से रची-बसी अपनी यात्रा को आगे बढा रही है। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ आलोचक डॉ. उमाकांत गुप्त ने कुंडलिया छंद के इतिहास एवं उसके साहित्यिक पक्षों पर आलोचनात्मक एवं तथ्यात्मक गंभीर चर्चा करते हुए कुंडलियों के संदर्भ ने कहा कि तुलसीदास से लेकर आज आधुनिक काल तक कुंडलिया काव्य की एक सशक्त विधा है। डॉ. गुप्त ने आगे कहा कि आज सभी भारतीय भाषाओं में कुंडलियों का रचाव हो रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस संदर्भ में महिला रचनाकार भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। जिससे काव्य की यह उपविधा निरंतर समृद्ध हो रही है। कार्यक्रम में कवि रवि शुक्ल ने अपनी हिन्दी में रचित कुण्डलियों का वाचन करते हुए वातावरण को कुंड़लियामय बना दिया और सभी श्रोता कुण्डलियों की मीठी लय का आनंद लेने लगे।